CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17⁰ C
न्यूनतम : 05⁰ C

मुरादाबाद, बुधवार 7 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 144 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 17 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दीप्ति शर्मा ने गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवाया खेल टाइम्स



अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले :मुझे किडनैप किया गया देश-विदेश

# केदारनाथ में तापमान माइनस 23 डिग्री पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मप्र व राजस्थान में भीषण सर्दी, 44 जिलों में स्कूल बंद
- हिमाचल व कश्मीर में दर्ज हुई साल की सबसे ठंडी रात, पारा -10 डिग्री

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी राज्यों में घना कोहरा और शीतलहर का प्रभाव है।

उत्तराखंड का मुनस्यारी सोमवार को सबसे ठंडा इलाका रिकॉर्ड किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केदारनाथ में भारी बर्फबारी के बीच तापमान माइनस 23 डिग्री पहुंच गया। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री में माइनस 21 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी की पाइपलाइन में बर्फ जम गई। सर्दी के कारण मध्य प्रदेश के 24, राजस्थान के 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे है। सोमवार को छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताबो और जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार रात साल की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। दोनों जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से करीब 10 डिग्री नीचे पहुंच गया। इससे झीलों, झरनों और नदियों की छोटी धाराओं में पानी जम गया।

### दिल्ली में धुंध-धुएं की चादर, एक्यूआई 'खराब'

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में मंगलवार को धुंध और धुएं (स्मॉग) की घनी परत छाई रही और शहर के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 288 दर्ज किया गया, जो इसे 'खराब' श्रेणी में रखता है। कई गहन प्रदूषण वाले क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति और भी खराब रही, जिनमें आनंद विहार (343), आरके पुरम (324), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (313), द्वारका (307), अशोक विहार (302) और आईटीओ (286) शामिल हैं।

### घने कोहरे के कारण 280 से अधिक उड़ानों में देरी

**नई दिल्ली।** मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 280 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है और कुछ उड़ानें रद्द हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह चार बजे के बाद दृश्यता घटने लगी और 150 मीटर तक गिर गई।




## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी का स्वास्थ्य स्थिर, इलाज का हो रहा अच्छा असर : डॉक्टर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का यहां गंगाराम अस्पताल में इलाज कर रहे डाक्टरों के दल का कहना है कि उपचार का अच्छा असर हो रहा है और उनका स्वास्थ्य स्थिर है। श्रीमती गांधी का इलाज कर रहे डाक्टरों का कहना है कि सांस लेने में तकलीफ होने के कारण उन्हें सोमवार रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें पिछले दो दिन से खांसी हो रही थीं और वह हल्की फुल्की दवा ले रहीं थीं, लेकिन सोमवार शाम तबियत ज्यादा बिगड़ी, तो उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद स्पष्ट हुआ कि ठंड लगने के कारण उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। डाक्टरों का कहना है कि मौसम और प्रदूषण के प्रभाव के कारण उनका दमा बढ़ गया था। वह अब ठीक हो रही हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें भर्ती कराया गया है।

### वोटर लिस्ट में नाम के मामले में सोनिया गांधी को राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम से जुड़े मामले में जवाब देने के लिए 7 फरवरी तक का समय दिया है। दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट विकास त्रिपाठी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिकता मिलने से पहले ही वोटर लिस्ट में जोड़ दिया गया था। 9 दिसम्बर को कोर्ट ने सोनिया गांधी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सोनिया गांधी के वकील ने कोर्ट से समय मांगा। इसके बाद कोर्ट ने 7 फरवरी तक का समय दिया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन

**पुणे।** पूर्व केंद्रीय मंत्री, 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों के सूत्रधार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश कलमाड़ी का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनका पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। कलमाड़ी के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और बहू, दो बेटियां और दामाद, साथ ही उनके पोते-पोतियां हैं।

# उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, 2.89 करोड़ नाम हटे

## अब SIR ड्राफ्ट लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 12.56 करोड़ हुई

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जुड़े

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मसौदा (ड्राफ्ट) मतदाता सूची जारी की जिसमें लगभग दो करोड़ 89 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

अब एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट में कुल मतदाताओं की संख्या 15.44 करोड़ से घटकर 12.56 करोड़ हो गई है, जो लगभग 18.70 प्रतिशत कम है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को बताया कि 27 अक्टूबर को मतदाता सूची जारी करते समय प्रदेश में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता पंजीकृत थे। जिसमें मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 को पहले दौर की मतदाता सूची को फ्रीज किया गया था। उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख मतदाता पंजीकृत थे। इसके बाद चार नवम्बर 2025 से गणना चरण शुरू होकर 26 दिसम्बर 2025 तक चली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत है। पुनरीक्षण में 46,23,796 लाख मतदाता मृत पाए गए, जो 2.99 प्रतिशत हैं। वहीं 79,52,190 मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, जबकि 2.17 करोड़ मतदाता अन्यत्र -शेष पृष्ठ दो पर

### खंड स्नातक के पांच व खंड शिक्षक के छह निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड स्नातक के 05 तथा खण्ड शिक्षक के 06 निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। यह प्रकाशन अर्हता तिथि एक नवम्बर 2025 के आधार पर किया गया है। लोकभवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 12 सितम्बर 2025 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 06 दिसम्बर 2026 को समाप्त होने के कारण निर्वाचक नामावलियों को नए सिरे से तैयार किए जाने का कार्यक्रम जारी किया गया था। इसके क्रम में 30 सितम्बर 2025 को सार्वजनिक नोटिस जारी कर निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। जारी अंतिम प्रकाशन के अनुसार खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है, लखनऊ खण्ड स्नातक 2,11,756, वाराणसी खंड स्नातक 2,69,372, इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक 2,60,818, आगरा खंड स्नातक 1,80,293 तथा मेरठ खंड स्नातक 59,634 है। इसी प्रकार खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में बरेली- मुरादाबाद 46,553, लखनऊ 36,217, गोरखपुर- फैजाबाद 52,257, वाराणसी 32,549, आगरा 51,532 एवं मेरठ 33,163 मतदाता पंजीकृत पाए गए हैं।

### बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल मणि को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योगी मंत्रिमंडल की बैठक में 13 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- उप्र में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए तीन हजार करोड़ से अधिक निवेश पर प्रोत्साहन को सरकार ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग को आकर्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को तीन हजार करोड़ रुपये या उससे अधिक का निवेश करने वाली कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन देने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है।

इस फैसले का उद्देश्य उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए थे, जिनमें से एक को स्थगित कर दिया गया, जबकि 13 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 में लागू राज्य की सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश करने वाली कंपनियों को मामले-दर-मामले आधार पर प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इन प्रोत्साहनों में ब्याज अनुदान, कर्मचारी लागत की प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक जीएसटी में छूट तथा 10 साल तक प्रति यूनिट 2 रुपये तक की बिजली दर सब्सिडी शामिल है। श्री खन्ना ने बताया कि इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के पेशेवर कर्मचारियों के लिए ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) योगदान की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी, -शेष पृष्ठ दो पर

# गलत फैसले पर जज को सजा नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## मप्र के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी की रद्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने कहा: जजमेंट एरर और भ्रष्टाचार को एक नहीं मान सकते



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के न्यायिक अधिकारी निर्भय सिंह सुलिया की बर्खास्तगी रद्द कर दी। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ गलत या त्रुटिपूर्ण न्यायिक आदेश पारित करने के आधार पर किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

दरअसल सुलिया को वर्ष 2014 में सेवा से हटाया गया था। तब वे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खरगोन के पद पर कार्यरत थे। सुलिया पर भ्रष्टाचार और आबकारी अधिनियम से जुड़े मामलों में जमानत याचिकाओं पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप था। कहा गया था कि 50 बल्क लीटर से अधिक शराब की जब्ती वाले कुछ मामलों में उन्होंने जमानत दी, जबकि ऐसे अन्य मामलों में उसी आधार पर जमानत खारिज की। विभागीय जांच के बाद हाई कोर्ट ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। अब जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश दिया कि 27 साल तक बेदाग सेवा देने वाले जज को बिना ड्यू प्रोसेस अपनाए हटाया गया, जो न्यायसंगत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई में हाई कोर्ट को अत्यधिक सतर्क रहना चाहिए। केवल गलत आदेश या निर्णय की त्रुटि पर यांत्रिक कार्रवाई न्यायिक स्वतंत्रता और विवेकाधिकार को कमजोर करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक कार्रवाई के भय से निचली अदालतें कई योग्य मामलों में जमानत देने से बचती हैं। इससे जमानत याचिकाएं उच्च अदालतों तक पहुंचती हैं।

### बंगाल के पार्ट-टाइम शिक्षकों को वेतन समानता की मांग की अनुमति मिली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के कुछ अल्पकालिक (पार्ट-टाइम) शिक्षकों को यह अनुमति दी कि वे राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव के समक्ष नया प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सकें, जिसमें वे गैर-सरकारी सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत पूर्ण-कालिक शिक्षकों के समान वेतन की मांग कर सकें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने निर्देश दिया कि यदि यह प्रतिवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर कानून के अनुसार विचार किया जाए और चार महीने के भीतर कारणयुक्त आदेश पारित कर निर्णय लिया जाए। अदालत में निर्णय का प्रभावी (ऑपरेटिव) हिस्सा पढ़ते हुए न्यायमूर्ति मेहता ने याचिकाकर्ताओं को यह छूट प्रदान की कि वे छह सप्ताह के भीतर सचिव के समक्ष प्रस्तुत हो सकते हैं और पूर्व में दिए गए हाईकोर्ट के आदेशों के अनुरूप अपनी शिकायतें, दावे और अधिकार रिकॉर्ड पर रख सकते हैं।

# गुजरात-कर्नाटक में सात कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

- यूपी में ट्रेन में बम की खबर, इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग, केरल में 12 देसी बम बरामद

**नई दिल्ली।** गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई।

सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वाड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है। गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के आफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वाड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### साहित्यिक विरासत को किया जा रहा संरक्षित: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। प्रधान ने मंगलवार को यहां शास्त्रीय भाषाओं- कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और ओडिया के उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा विकसित 41 साहित्यिक कृतियों का विमा. चन करने के बाद कहा कि हम भारत की साहित्यिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और संरक्षित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारतीय भाषाएं अभिव्यक्ति का माध्यम हैं और सरकार इन भाषाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। बजट की कोई कमी नहीं है और एक ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पणा की गई है। भारत में शिक्षा बहुत पुरानी परंपरा है। यह साहित्य एक शब्द से सीमित होने वाला नहीं था। भारतीय भाषा मनुष्य के लिए सबसे पहला वैज्ञानिक उपलब्धि है। सभी भारतीय बहुभाषी है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल सेवा उपलब्ध कराने का आग्रह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के दूरस्थ और ग्रामीण खंडों में मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं रहती है, जिसके कारण यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना आदि के समय बड़ा संकट पैदा हो जाता है, इसलिए इन क्षेत्रों में भी बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। प्राधिकरण ने इसके लिए दूरसंचार विभाग तथा दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से आग्रह करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के कई हिस्सों, विशेष रूप से ग्रीनफील्ड और दूरदराज के खंडों पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की अनुपलब्धता होती है।

### नया अधिनियम अर्थव्यवस्था व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

# जी राम जी योजना बनेगी विकसित भारत की आधारशिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संसद में विकसित भारत को गति देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पारित किया गया नया अधिनियम (जी राम जी योजना) देश की अर्थव्यवस्था, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण पहल के लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से अभिनंदन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, आज उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन विकास से जुड़े सकारात्मक कदमों का समर्थन करने के बजाय भ्रष्टाचार के अपने पुराने कारनामों को



■ कहा: जिन लोगों ने वर्षों तक संसाधनों पर डकैती डालकर देश को बेरोजगारी की ओर धकेला, उन्हें अपनी पोल खुलने का डर सता रहा

छिपाने के लिए सवाल खड़े कर रहे हैं। योगी ने कहा कि जी राम जी योजना विकसित भारत की आधारशिला बनेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नई तकनीक को जोड़ा जा रहा है, जिससे जल संरक्षण, बाढ़ प्रबंधन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने मनरेगा पर कांग्रेस के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिन योजनाओं का ढोल पीटा जा रहा है, उनका जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं रहा। हर जनपद से भ्रष्टाचार की शिकायतें आती थीं। किसानों को जरूरत के समय मजदूर नहीं मिलते थे और मजदूरों को काम के समय काम नहीं मिलता था। उन्होंने बताया कि नए संशोधन के तहत योजना में कार्य दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। समय पर काम नहीं मिलने की स्थिति में बेरा. जगारी भत्ते की गारंटी भी होगी। किसानों की जरूरत को देखते हुए आवश्यक समय पर मनरेगा के कार्य स्थगित रखे जाएंगे। योगी ने कहा कि जो लोग केवल खोदने और भरने से लाभ उठाते थे, वही इस योजना का विरोध कर रहे हैं। अब कार्यों को तकनीक से जोड़ा जाएगा, डिजिटल भुगतान होगा और रियल टाइम ऐप के माध्यम से निगरानी की जाएगी। योजना के अंतर्गत ऑडिट की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

### समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर हुए घोटाले

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में मनरेगा में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए, जिनकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना में केंद्र और राज्य की भागीदारी 60:40 की रहेगी, जिससे उत्तर प्रदेश को करीब 17 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त धन. राशि मिल सकेगी। जिन राज्यों में श्रमिक वर्ग की संख्या अधिक है, उन्हें अधिक कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा और इससे स्थाई परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू करेगी। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप इसे प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जाएगा। योगी ने कहा कि जिनकी सोच में कभी विकसित भारत नहीं रहा, वही लोग आज इसका दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन जी राम जी योजना देश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।

## यूपी में ठंड हुई प्रचंड, जमीन से आसमान तक कोहरे का पहरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं अधिसंख्य क्षेत्रों में हवा की सेहत भी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार गलन भरी ठंड और शीतलहर से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान कुछ स्थानो पर घना कोहरा छाए रहने के आसार है। लखनऊ और कानपुर में मंगलवार दोपहर तक कोहरे और धुंध के चलते सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। सुबह 11 बजे तक दोनों ही महानगरों में अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। कमोवेश यही हालात प्रयागराज, आगरा, इटावा, अलीगढ़, उन्नाव और बाराबंकी समेत तमाम शहरों में रहे। यहां अधिकतम तापमान 14.15 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 146 से 164 के बीच रहा। बीती रात राज्य के अधिसंख्य क्षेत्रों में पारा 7.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर कक्षा आठ तक के विद्यालयों को आठ जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं के खुलने और बंद करने का समय बदला गया है। चिकित्सकों ने मार्निंग वॉकर्स को सुबह की सैर से परहेज करने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और सीने व हृदय के रोगियों को सूर्य निकलने के बाद ही घर से



■ समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

बाहर निकलने की सलाह दी गई है। इस बीच कोहरे के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं, वहीं लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर कई उड़ाने विलंब से हैं। यमुना एक्सप्रेस वे और लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे समेत अन्य राजमार्गो पर वाहन रेंग रेंग कर चलते दिखाई पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जालौन,देवरिया और गोरखपुर समेत कई जिलों के जिलाधिकारी और अन्य आला अधिकारी सड़क पर उतर कर अलाव और रैनबसेरों का निरीक्षण करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अलाव की सीमित संख्या के चलते निराश्रित ठंड में ठिठुर रहे हैं, वहीं सड़क पर आवारा जानवर भी ठंड से बेहाल हैं। कई स्वयंसेवी संस्थाएं और जानवर प्रेमी बेजुबानों को ठंड से बचाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे हैं।

### कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड का कहर जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कल रात से पूरे कश्मीर में ठंड का कहर जारी है और गुलमर्ग में इस मौसम का सबसे कम तापमान करीब शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया, जबकि ज्यादातर दूसरे स्टेशनों पर भी पारे में तेज गिरावट देखी गई। मौसम विभाग ने पूरे कश्मीर में न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट का अनुमान जताया है। दस जनवरी तक पारा सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे रहने का अनुमान है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे एक से दो डिग्री की बढ़ोतरी होने के आसार है, जिससे मौजूदा शीत लहर की स्थिति से कुछ राहत मिलेगी।

## घर में आग लगने से डीएमआरसी कर्मचारी, पत्नी व बेटी की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली में मंगलवार तड़के एक घर में आग लगने की दुखद घटना में पति, पत्नी और उनकी बेटी की मौत हो गई।

दमकल विभाग के अनुसार, मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) फ्लैट्स में आग लगने की सूचना लगभग तड़के 02:39 बजे मिली। दमकल विभाग ने तुरंत छह दमकल गाड़ियां मौके पर भेजीं और आग पर एक घंटे के अंदर काबू पा लिया गया तथा इसे सुबह 3:30 बजे तक पूरी तरह बुझा दिया गया। दमकलकर्मियों ने बाद में घर से तीनों के जले हुए शव बरामद किए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान 45 वर्षीय अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम (38) और उनकी बेटी जाह्नवी (10) के रूप में हुई है। आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी को मामूली चोटें आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां आवश्यक चिकित्सा दी गई। फिलहाल आग लगने का सटीक कारण पता नहीं चला है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि मुकुंदपुर स्थित दिल्ली मेट्रो की आवासीय कॉलोनी के एक फ्लैट में धुआं/आग की सूचना मिली थी, जिसमें निगम के एक सहकर्मी अजय विमल, उनकी पत्नी और बेटी की जान चली गई। डीएमआरसी के अनुसार यह घटना लगभग तड़के 2:34 बजे हुई।

## अंकिता मामले की जांच सीबीआई करे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

अंकिता हत्याकांड को लेकर उत्तराखंड में रोष के बीच कांग्रेस ने मामले की पूरी जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की है, ताकि उसे न्याय मिल सके और सच सबके सामने आ सके।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पहाड़ की एक बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ। उस बेटी के ऊपर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया और जब उसने मना कर दिया तो उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। वहीं इस मामले में सारे सबूत छिपाने के लिए तुरंत उस होटल पर बुलडोजर चला दिया गया, क्योंकि उसमें भाजपा के नेता का



■ पहाड़ की बेटी के साथ बहुत अन्याय हुआ, उस पर जिस्मफरोशी का दबाव बनाया गया: सुप्रिया श्रीनेत

बेटा शामिल था। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें सामने आ रही है कि यह पूरा मामला भारतीय जनता पार्टी के एक राष्ट्रीय महासचिव तक पहुंचता है।

पूरे उत्तराखंड के साथ ही भाजपा के लोग भी न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। उत्तराखंड की सरकार अंकिता भंडारी को न्याय नहीं दे सकती, क्योंकि ये सरकार चैन की नींद सो रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग करते हुए कहा कि अंकिता को हर कीमत पर न्याय मिलना चाहिए और ये तभी होगा, जब सीबीआई इसकी जांच करेगी। इस बीच महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने भी मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि लोग उत्तराखंड में न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री को तुरंत सीबीआई जांच के आदेश देने चाहिए। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी ऋषिकेश के पास एक रिसॉर्ट में काम करती थी। आरोप है कि उस पर ष्विशेष सेवाएंष् देने के लिए दवाब बनाया गया था और जब उसने इससे मना कर दिया, तो उसकी हत्या कर दी गई थी।



सेंसेक्स 85063.34
निफ्टी 26178.70



सोना रु. 141500
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 251000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

मुंबई, वार्ता

विदेशों से मिले सकारात्मक संक. तों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक (0. 44 प्रतिशत) टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 71.60 अंक यानी 0.27 फीसदी नीचे 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट का शेयर 8.62 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी मुनाफावसूली का दबाव रहा और इसका शेयर 4.42 प्रतिशत टूटा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.06 फीसदी और छोटी कंपनियों के निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही। तेल एवं गैस,



रसायन और मीडिया सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। स्वास्थ्य, फार्मा, आईटी और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,237 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,889 के शेयरों में गिरावट और 1,238 में बढ़त रही।

अन्य 110 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयरों में गिरावट रही। ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा आईटीसी का शेयर 2.07 प्रतिशत और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत गिर गया। इंडिगो में 1.96 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 1.56, अडानी पोर्ट्स में 1.30, पावरग्रिड में 1.16 और इटरनल में 1.08 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.87 प्रतिशत चढ़ा। हिदुस्तान यूनीलिवर में 1.75 फीसदी, सनफार्मा में 1.73, भारतीय स्टेट बैंक में 1.33, टीसीएस में 1.28 और एशियन पेंट्स में 1.09 प्रतिशत की बढ़त रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, टाइटन, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 1.50 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.38 प्रतिशत और जापान का निक्केई 1.32 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.67 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.15 फीसदी ऊपर था।

## चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, सोना भी नए शिखर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिल रहे मजबूत संकेतों और घरेलू मांग में उछाल के चलते भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को ऐतिहासिक तेजी देखी गई। दिल्ली के हाजिर बाजार में चांदी ने 2.51 लाख रुपये प्रति किलो के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर लिया है, जबकि सोना भी 1,41,500 प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया है। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नरम रुख के कारण कीमतों में इजाफा हुआ है। दिल्ली में चांदी की कीमतों में मंगलवार को 7,000 की भारी बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही चांदी 2,51,000 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह लगातार तीसरा दिन है, जब चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,44,000 पर बंद हुई थी। सोने की कीमतों में भी लगातार चौथे दिन बढ़त जारी रही। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 उछलकर रुपये1,41,500 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जो सोमवार को 1,40,400 पर बंद हुआ था।

## चावल, दालों के भाव बढ़े, गेहूं, चीनी स्थिर, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं और चीनी में टिकाव रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 19 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा पांच रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल औसतन 31 रुपये और मूंग दाल 30 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत 28 रुपये और तुअर दाल की 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। चना दाल भी 14 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत



हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 22 रिंगिट टूटकर 3,992 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.10 प्रतिशत उतरकर 49.82 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 21 रुपये टूट गई। सरसों तेल 17 रुपये और सोया तेल पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं वनस्पति में 26 रुपये की तेजी रही। सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल 14.14 रुपये प्रति क्विंटल चढ़े। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी लगभग स्थिर रही।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7797. 55 रुपये, मसूर काली 8168.30 रुपये, मूंग दाल 10101.89 रुपये, उड़द दाल 10399.46 रुपये, तुअर दाल 10613.30 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.13 रुपये और चावल 3865.74 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3299.13 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.62 रुपये और गुड़ 4988.65 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र की...** स्थानांतरित हो चुके थे। इसके अलावा 25.47 लाख मतदाता ऐसे चिन्हित किए गए, जिनके नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाए गए। ऐसे मामलों में मतदाता का नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सुविधा और मानकों को ध्यान में रखते हुए एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, इसके लिए प्रदेश में 15,430 नए मतदेय स्थल बनाए गए हैं। विशेष पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग रहा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में दलों के साथ बैठकें की गईं और उन्हें मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी एवं प्रिंटेड कॉपी उपलब्ध कराई गई। अब तक 1546 बैठकें राजनीतिक दलों के साथ आयोजित की जा चुकी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि, 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा एवं आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फॉर्म-6, 6क, 7 एवं 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है, उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता-पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक 15 लाख 78 हजार 423 फॉर्म-6 प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आयु पात्रता के अनुसार एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम इस सूची में शामिल होंगे, जबकि एक अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वालों के नाम बाद में अक्टूबर माह में जोड़े जाएंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद छह मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। घोषणा की कि प्रति बूथ 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिग बूथ को तर्कसंगत बनाने के बाद, अब राज्य में 15430 नए बूथ जोड़े गए हैं।

**योगी मंत्रिमंडल...** जिसकी अधिकतम सीमा 2,000 रुपये प्रति माह होगी। साथ ही जल शुल्क में भी रियायतें दी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना और राज्य को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह उद्योग अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान के देशों के वर्चस्व में है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की रुचि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 21 कंपनियों ने निवेश शुरू कर दिया है, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि कैबिनेट ने वर्ष 2022 के उस निर्णय का विस्तार किया है, जिसके तहत पारिवारिक संपत्ति के हस्तांतरण पर स्टांप शुल्क 5,000 रुपये तक सीमित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह सुविधा पहले केवल आवासीय और कृषि संपत्तियों तक सीमित थी, लेकिन अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारिवा. रिक दायरे में गिफ्ट डीड के माध्यम से हस्तांतरित की जाने वाली व्यावसायिक संपत्तियों पर भी लागू होगी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कैबिनेट ने वाराणसी में शिव प्रकाश गुप्ता मंडलीय जिला अस्पताल के स्थान पर 500 बेड के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 315 करोड़ रुपये होगी और इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। परियोजना की 60 प्रतिशत लागत केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी।

## कैट मई में भारतीय व्यापार महोत्सव का करेगा आयोजन: खंडेलवाल

नई दिल्ली, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने, भारतीय व्यापार और घरेलू वस्तुओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के मकसद से अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में मई में भारतीय व्यापार महोत्सव (बीवीएम) का आयोजन करेगा।

एक मई से आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर कैट के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान कैट के महासचिव एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि मोदी के आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के आह्वान के अनुरूप



यह महोत्सव आयोजित होगा। इसका उद्देश्य देश के घरेलू व्यापार को सुदृढ़ और सुरक्षित करना है तथा भारत के व्यापार के परचम को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में आयात शुल्क और वैश्विक संघर्षों के चलते दुनिया भर में बड़े परिवर्तन आए हैं। कैट इसे भारत की सामूहिक क्षमताओं को सशक्त करने के एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है। इसी क्रम में, कैट द्वारा देश भर में भारतीय व्यापार आंदोलन शुरू किया जा रहा है जिसकी पहली और प्रमुख पहल के रूप में कैट आगामी एक मई से चार मई तक राष्ट्रीय राजधानी के भारत मडपम, प्रगति मैदान में बीवीएम 2026 का आयोजन करेगा, जो देश में अब तक की सबसे बड़ी राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी होगी। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव भारतीय कॉमन मार्केट का उत्सव होगा और वन नेशन वन मार्केट की भावना के तहत भारतीय व्यापार, विनिर्माण, सेवाओं एवं उद्यमिता की सामूहिक शक्ति, विविधता और एकता को प्रदर्शित करेगा तथा भारत की पुरातन संस्कृति एवं सभ्यता में व्यापार के जुड़ाव को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित करेगा। उन्होंने बताया कि बीवीएम 2026 का आयोजन पूरी तरह 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना के अनुरूप किया जा रहा है।

## एफडीआरसी संवाद, सहानुभूति और न्याय से सामाजिक सौहार्द की सशक्त पहल: बबिता सिंह चौहान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने पुलिस द्वारा संचालित पारिवारिक विवाद निवारण क्लिनिक (फैमिली डिस्प्यूट रेजोल्यूशन क्लिनिक- एफडीआरसी) को महिलाओं, बच्चों एवं परिवार की गरिमा और अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक प्रभावी, जन-केंद्रित और दूरदर्शी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल न्याय, सहानुभूति और संवाद के माध्यम से सामा. जिक सौहार्द को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। बबिता सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि एफडीआरसी का मुख्य उद्देश्य पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और वैवाहिक विवादों को दंडात्मक कार्रवाई के बजाय संवेदनशील परामर्श, मध्यस्थता और आपसी बात. चीत से सुलझाना है। इससे पीड़ितों को लंबी कानूनी प्रक्रिया, सामाजिक कलंक और मानसिक तनाव से राहत मिलती है। यह पहल कानून और करुणा के बीच संतुलन स्थापित कर न्याय को अधिक मानवीय बनाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस और शारदा विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद यह प्रयोगात्मक पहल शुरू हुई थी। 10 जुलाई 2020 को औपचारिक उद्घाटन के बाद एफडीआरसी एक सफल मॉडल के रूप में उभरा है। इसके माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित परिवार परामर्श केंद्रों ने सैकड़ों मामलों में सुलह, पुनर्मिलन और शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया है, जिससे न्यायालयों और पुलिस तंत्र पर बढ़ते बोझ में भी कमी आई है।

# खारी में युवक को गोली से उड़ाया

## प्लाट के विवाद में जंगल में ले जाकर की वारदात





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर/झालू।** समीपवर्ती ग्राम खारी में देर रात प्लॉट को लेकर चल रहे सात लाख रुपए के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। 40 वर्षीय इस्लामुद्दीन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुबह सवेरे उसका शव गौसपुर-टोपरी मार्ग स्थित जंगल के चकरोड पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से हथियार भी बरामद किया है। वारदात के बाद से ग्राम में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक इस्लामुद्दीन निवासी ग्राम खारी के भाई निजामुद्दीन ने हल्दौर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका भाई वैल्डिंग का कार्य करता था। सोमवार शाम करीब नौ बजे ग्राम का ही मुस्तफा उसे अपने घर पर किसी कार्य के बहाने बुलाकर ले गया था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। निजामुद्दीन के अनुसार बाद में मृतक के मित्र इकरार ने सूचना दी कि इस्लामुद्दीन को ग्राम के ही अतीक ने गोली मार दी है। इस सूचना के बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। गौसपुर के जंगल में इस्लामुद्दीन का शव पड़ा मिला। उसके पेट में गोली लगने के निशान पाए गए। पास में ही बंदूक पड़ी थी। परिजनों का आरोप है कि इस्लामुद्दीन का मुस्तफा से प्लॉट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते मुस्तफा ने अपने साथियों इसरार और अतीक के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुस्तफा पुत्र इस्माईल, इसरार उर्फ मोटा पुत्र सराजुद्दीन निवासीगण ग्राम खारी और अतीक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी, हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार एवं झालू चौकी प्रभारी व पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। गोली चलने के कारणों को जानने में पुलिस जुटी है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार का कहना है कि ग्राम खारी निवासी इस्लामुद्दीन की गोली लगने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम लगातार दबिश में लगी है समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की पकड़ से फरार है।

दूसरी तरफ इस्लामुद्दीन की मौत को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। लोगों के बीच यह चर्चा है कि इस्लामुद्दीन अपने दोस्त अतीक, शमशाद और मुस्तफा के साथ गाड़ी में सवार होकर जंगल की ओर शिकार खेलने जा रहा था। गाड़ी में एक बंदूक लोड अवस्था में रखी हुई थी। इसी दौरान कथित तौर पर गलती से ट्रिगर दब गया, जिससे गोली इस्लामुद्दीन के पेट में जा लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अतीक ने इकरार नामक व्यक्ति को फोन कर गोली लगने की सूचना दी। हालांकि यह घटना हादसा थी या इसके पीछे कोई अन्य साजिश है, इसको लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पूरे घटनाक्रम की सच्चाई पुलिस की तफ्तीश के बाद ही सामने आ सकेगी।

### प्लाट बेचने के नाम पर शातिर माफिया डकार रहे मोटी रकम

**बिजनौर।** जनपद में ज्यादातर हत्याएं जमीन व जोरू को लेकर हो रही है। जमीन के विवाद में हत्याएं कर दी जाती है। जनपद में जमीन के विवादों में पिछले वर्ष भी कई हत्याएं हुई थी। प्रोपर्टी डीलर को भी मौत के घाट उतार दिया गया था। इस मामले में कई की गिरफ्तारी हुई थी। जनपद में जमीन के विवाद को शुरूआत में हल्के में ले लिया जाता है। लेकिन बाद में जब हत्या हो जाती है, तो हाय तौबा मचती है। पुलिस भी इस तरह के विवादों से अंजान रहती है। जनपद में शातिर माफिया प्लाट बेचने के नाम पर भोले-भाले लोगों से उनकी जमा पूंजी ले लेते है और बाद में न तो प्लाट का बैनामा करते है और न ही मौके पर कब्जा देते है। कई बार तो ऐसा भी होता है कि जहां पर प्लाट दिखाया जाता है, वो किसी दूसरे का होता है। वहीं जनपद में अवैध संबंधों को लेकर भी हत्याएं हो रही है। जनपद में अज्ञात लाशों के मिलने का सिलसिला भी जारी है। कई बार तो इन लाशों की शिनाख्त नहीं हो पाती है।

# हलचल म्यूजिक अवार्ड 2025 में बेस्ट सिंगर का अवार्ड खुशी गुप्ता को मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** म्यूजिकल सोसाइटी द्वारा नववर्ष पर आयोजित पहले हलचल म्यूजिक अवार्ड 2025 में बेस्ट सिंगर का अवार्ड खुशी गुप्ता को मिला।

रविवार की शाम नगर में संगीत कार्यक्रम के आयोजन की संस्था हलचल म्यूजिक सोसाइटी द्वारा धामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में साल के पहले हलचल म्यूजिक अवार्ड का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शरुआत सोसाइटी के पदाधिकारियों क्रमश: शीतल अग्रवाल, सी. के. सिंह, आशा माहेश्वरी, ऋतु गर्ग एवं डॉ. अंजू विश्नोई द्वारा दीप जलाकर की गई। इसके बाद रंगारग कार्यक्रम में हलचल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों क्रमश: खुशी गुप्ता, अलपिका अग्रवाल, साक्षी सैनी, विशाल सैनी, स्वाति जैन, स्वाति अग्रवाल, अमन, राजपाल सिंह, सुकृती, ईश्वर एवम मेहमान कलाकार के रूप में वृद्धि थापन(बिजनौर) व मन गुप्ता और विशाल गुप्ता (बढ़ापुर) ने अपनी मधुर आवाज में शानदार गीतों को सुनाकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

सोसाइटी के पहले हलचल म्यूजिक अवार्ड में खुशी गुप्ता को बेस्ट सिंगर का अवार्ड, जबकि डॉ. अंजू विश्नोई को बेस्ट एंकर और के. के. विश्नोई को बेस्ट पोएट का अवार्ड मिला।

मशहूर हास्य कवि हुड़दंग नगीनवी ने अपनी हास्य रचनाओ से जहां श्रोताओं को गुदगुदाया। वहीं मीनाक्षी मलिक, डॉ. अंजू विश्नोई और के.के.विश्नोई ने अपनी रचनाओं में समाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर श्रोताओं को सोचने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में शामिल डॉ. आदित्य अग्रवाल को संरक्षक शीतल अग्रवाल व कोषाध्यक्ष स्वाति अग्रवाल द्वारा शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। जबकि एफ. एम. रेडियो मुरादाबाद के आर.जे. आनंद सैनी और रेनू सैनी को उनके योगदान के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग के लिये किशना स्टोर की प्रोपराइटर जूही विश्नोई व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष व नगीना नगर पालिका की चेयरपर्सन ताहिरा खलील के पुत्र युवा नेता शेख शहनवाज खलील को सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. अंजू विश्नोई व डायरेक्टर सुशील गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। पत्रकारिता के क्षेत्र में उलेखनीय योगदान के लिये कार्यक्रम में उपस्थिति पत्रकारों को सोसाइटी की और से सम्मानित किया गया। राजकुमार विश्नोई, डॉ. अंजू विश्नोई, मीनाक्षी मलिक व सुशील गुप्ता के संयुक्त संचालन में देर रात तक चले एवार्ड कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अजय माहेश्वरी, गीता माहेश्वरी, सुमन थापन, अनिल थापन, नीरू बेरी, लवली अग्रवाल, विनीता गुप्ता, नीतू मित्तल, खुशी अग्रवाल, तनु बेरी, सावन गुप्ता, आशी जैन, मधु गिलोतरा, अलका सिंह, रियासुद्दीन उस्मानी, स्वाति गुप्ता, सुमन टंडन आदि उपस्थिति रहे।

## ड्यूटी कर लौट रहे होमगार्डों पर जानलेवा हमला



**नहटौर।** होमगार्ड कंपनी कमांडर ग्राम मुस्सेपुर निवासी विरेश कुमार अपने साथी होमगार्ड ग्राम शमशाबाद निवासी अनिल कुमार व ग्राम दामनगर लकड़ा निवासी विनोद कुमार के साथ नहटौर थाने में ड्यूटी करके घर वापस लौट रहे थे। चांदपुर चुंगी के पास एक चाय की दुकान पर तीनों चाय पीने के लिए रुक गए। बताया जाता है कि चाय की दुकान पर कुर्सी पर बैठने को लेकर कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि वहां पर मौजूद कुछ युवकों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया और मारपीट की गई, जिसमें तीनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। विरेश कुमार की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# धामपुर व नगीना ईओ को डीएम के सख्त निर्देश



### लक्ष्य के मुताबिक खोले जाएं विदुर कैफे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने विदुर ब्रांड की सामग्रियों के उपयोग पर जोर दिया है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विदुर ब्रांड से संबंधित बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका धामपुर एवं नगीना को सख्त निर्देश दिए कि अपने-अपने नगर पालिका क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य की सापेक्ष विदुर कैफे खुलवाएं। उन्होंने लक्ष्य से कम विदुर कैफे खोले जाने वाले नगर निकाय क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र में शत-प्रतिशत रूप से लक्ष्य के सापेक्ष विदुर कैफे खुलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बीएसए एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि मिड-डे मील तथा सामुदायिक शौचालयों में उपयोग होने वाली समस्त सामग्री विदुर ब्रांड की होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे कोटेदार जिन्होंने विदुर ब्रांड के आइटम्स का अभी तक भुगतान नहीं किया है, तत्काल उसका पेमेंट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का (NRLM) मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन का आधार है। उन्होंने कहा कि बीसी सखी के माध्यम से महिलाएं आज ग्राम-ग्राम में सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करते हुए उन्हें विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के गठन और पुराने समूहों को सक्रिय करने तथा ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक पात्र महिला को इन समूहों से जोड़कर उन्हें बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने मिशन के अंतर्गत 'लखपति दीदी' अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर उनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से ऊपर ले जाने के प्रयास करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूहों के गठन, समूहों के बैंक लिंकेज, आजीविका गतिविधियों, कौशल विकास कार्यक्रमों, ऋण वितरण, महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम सहित, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## लोहा कारोबारी की लापता पत्नी का नहीं लग रहा सुराग



### 21 दिसम्बर से लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** लोहा कारोबारी की पत्नी 21 दिसंबर से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता है। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। परेशान पति की ओर से थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला दीवान परमानंद निवासी लोहा कारोबारी आशीष अग्रवाल की 30 वर्षीय पत्नी स्वाति अग्रवाल पिछले दो सप्ताह से लापता है। सात वर्षीय बेटे की मां स्वाति 21 दिसंबर को दोपहर घर से कहीं गई थी और इसके बाद वह वापस लौटकर नहीं आई।

आशीष अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि स्वाति अग्रवाल का मोबाइल तभी से बंद आ रहा है। रहस्यमय परिस्थितियों में लापता स्वाति की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। बताया जाता है कि सर्विलांस टीम के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस भी उसकी तलाश कर रही है। गुमशुदा की सूचना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल की गई है।

## एक नजर

### श्री सिद्धिविनायक कथा



**नजीबाबाद।** श्री सिद्धिविनायक मंदिर में सकट चौथ के अवसर पर पंडित संजय डबराल द्वारा भक्तों को कथा सुनाई गई। कथा के अनुसार एक कुम्हार था, जो मिट्टी के बर्तन बनाता था। लेकिन वह कच्चे रह जाते थे। एक पुजारी की सलाह पर उसने एक छोटे बालक को मिट्टी के बर्तनों के साथ आंवा में डाल दिया। उस दिन संकष्टी चतुर्थी का दिन था। उस बच्चे की मां अपने बेटे के लिए परेशान थी और उसने गणेश जी से बेटे की कुशलता की प्रार्थना की। दूसरे दिन जब कुम्हार ने सुबह उठकर देखा तो आंवा में उसके बर्तन तो पक गए थे, लेकिन बच्चे का बाल बांका भी नहीं हुआ था। कथा में बताया गया कि एक साहूकार और साहूकारनी थे। जो धर्म पुण्य को नहीं मानते थे। उनके कोई बच्चा नहीं था। एक बार महादेव, पार्वती सहित नर्मदा के तट पर गए। वहां एक सुंदर स्थान पर पार्वती ने महादेव के साथ चौपड़ खेलने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने एक मिट्टी की मूर्ति में जान फूंक दी और उसे निर्णायक की भूमिका दी। खेल में पार्वती लगातार जीत रही थीं, लेकिन एक बार बालक ने गलती से पार्वती को हारा हुआ घोषित कर दिया। इस पर पार्वती क्रोधित हो गईं और बालक को लंगड़ा बना दिया। सकट चौथ के दिन महिलाएं तिल गुड़ के साथ पूजा करती हैं। वह अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इस दिन भगवान गणेश और सकट माता की पूजा का विशेष महत्व है।

### कारागार में कैदियों को दीं गर्म शॉल



**नगीना।** जिला कारागार में ऑल इंडिया पयामे इंसानियत बिजनौर यूनिट की तरफ से जेल के अंदर मौजूद बंदियों को 100 गर्म शालें बांटकर उनको कड़कड़ाती ठंड में राहत देने का काम किया गया। ऑल इंडिया पयामे इंसानियत बिजनौर यूनिट ऐसे कैदियों जो अपना जुर्माना न भरने के कारण जेल में सजा काट रहे हैं, उनको भी छुड़ाने का काम करती है। हाजी तंजील आलम ने बताया कि ऑल इंडिया पयामे इंसानियत बिजनौर यूनिट की तरफ से जेल के अंदर मौजूद बंदियों को 100 गर्म शॉल बांट कर उनको इस ठंड में राहत देने का काम किया गया। मौलाना अरशद हक्की ने कहा कि हमें हर उस जगह जाकर काम करना चाहिए जो इंसानियत को इंसानियत सिखाती हो और इंसान को इंसान बनाने के लिए काम करती हो। क्योंकि ऑल इंडिया पयामे इंसानियत पूरे हिंदुस्तान में अलग-अलग जगह में जेल में जाकर गर्म शाल गर्म कपड़े बांटने का काम करती है और इसी तरह जो कैदी अपना जुर्माना न भरने की बिना पर जेल में सजा काट रहे होते हैं, उनको भी छुड़ाने का काम करती है। इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की मुफ्ती फुजैल और हाजी तन्जील आलम मौजूद रहे।

## चेयरमैन आसिफ शान के साथ खड़ी मंडावर की जनता



### आरोपों को माना जा रहा राजनीति से प्रेरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान पर महिला के द्वारा लगाए गए आरोपों को राजनीति से प्रेरित माना जा रहा है। इस मामले में नगर की जनता उनके साथ खड़ी दिखाई दे रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार एक महिला ने मंडावर के चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान व उनके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। इन आरोपों को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में भी आरोप लगाने वाली महिला का पक्ष प्रकाशित हुआ था। इन समाचारों को भले ही चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान के विरोधियों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर अपने दिल को तसल्ली देने का काम किया हो, लेकिन मंडावर नगर की ज्यादातर जनता इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित मान रही है। जनता का मानना है कि महिला के द्वारा जिस तरह के आरोप लगाए गए है, उस तरह का चरित्र न तो चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान का है और न ही इस तरह का गलत काम करने की वह कभी सोच सकते हैं। उनका किरदार व जनता के प्रति लगाव ही हर चुनाव में उनकी रिकार्ड वोटों से जीत की वजह बनता है। नगर की जनता में इन आरोपों को लेकर कोई भी ऐसी प्रतिक्रिया नहीं देखी गई, जिससे चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता हो। लेकिन नगर की जनता इस बात से चिंतित है कि बदले की भावना की आग में जल रहे विरोधी इतने नीचे स्तर पर भी गिर जाएंगे।

बताया जाता है कि आरोप लगाने वाली महिला ने पूर्व में थाना मंडावर में हंगामा किया था। उस समय उसने दूसरों पर आरोप लगाए थे। पुलिस ने उस समय भी पूरे मामले की गहराई से जांच की थी।

## कानपुर देहात का सन्नी अरेस्ट

**बिजनौर।** वादी ने शहर कोतवाली में दो सितम्बर, 2025 को तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्त उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 748/2025 धारा 87 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। तीन सितम्बर 2025 को किशोरी को बरामद कर लिया गया था। अभियोग से धाना 87 बीएनएस हटा कर बलात्कार की धारा 64 (1) व 137 (2) बीएनएस एवं 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गई थी। इस मामले में सन्नी पुत्र रमाकांत निवासी जलालपुर, थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

# एसआईआर के बाद मतदाता सूचियां जारी

### डीएम की राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एसआईआर के बाद मतदाता सूचियां जारी कर दी गई है। जिसके बाद मतदाता इन सूचियों में अपना नाम देख रहे है। इसी क्रम में डी जसजीत कौर ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी जसजीत कौर के अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों एवं सर्विस वोटर्स का आलेख्य प्रकाशन तथा एमएलसी नामावलियों के अंतिम प्रकाशन से संबंधित राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, भाजपा से धीर सिंह, समाजवादी पार्टी से अखलाक उर्फ पप्पू एवं मौहम्मद खिजर, बहुजन समाज पार्टी से मौहम्मद सिद्दीक मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जा चुका है, जिसका अवलोकन किया जाना है। उन्होंने आह्वान किया कि उनको उपलब्ध कराई जा रही निर्वाचन नामावलियों का गहन अध्ययन कर ले और यदि कोई दावे या आपत्ति करनी है, तो निर्धारित समय छह फरवरी 2026 तक उसको संबंधित ईआरओ को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि उसका निस्तारण किया जा सके। उन्होंने बताया कि आज निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील) में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा, प्रत्येक पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्र) एवं मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित पदाभिहित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। इन स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची जनसामान्य के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने जनसामान्य का आह्वान किया कि वह प्रकाशित होने वाले वाली आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन उक्त स्थलों पर कर सकते हैं।

दावे और आपत्तियां आज से छह फरवरी तक प्राप्त की जायेंगी तथा उनका निस्तारण 27 फरवरी तक किये जाने के लिए आयोग द्वारा समय-सीमा निर्धारित की गयी है।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा चार अर्ह तिथियां निर्धारित की गयी है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की उपरोक्त अवधि के दौरान यदि कोई मतदाता एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अतिरिक्त एक अप्रैल, 2026, एक जुलाई, 2026 व एक अक्टूबर, 2026 को अर्ह हो रहे हैं, तो ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 के साथ (अनुलग्नक-आईवी) भरकर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा कर सकता है तथा निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन करने / मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन / दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने/निवास परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 एवं घोषणा पत्र भरकर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में पंजीकरण कराने या किसी भी प्रकार की प्रविष्टि में संशोधन इत्यादि के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप ECINET mobile app एवं वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से भी फार्म-6 व फार्म 8 घोषणा-पत्र सहित सबमिट किया जा सकता है। उन्होंने राजनीतिक दलों के सभी प्रतिनिधियों को यह भी बताया कि एमएलसी (शिक्षक) निर्वाचन नामावलियों के अंतिम प्रकाशन भी आज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ अपना सहयोग उपलब्ध कराएं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# इस्सेपुर में मिट्टी माफियाओं के बीच रात भर जारी गैंगवार

## तहसील प्रशासन पूरी तरह मौन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम इस्सेपुर में बीती रात मिट्टी माफियाओं के बीच हुई जबरदस्त गैंगवार ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। सूत्रों की माने तो दोनों ही गैंग बड़े ही खतरनाक और शातिर मिट्टी माफिया बताए जा रहे हैं। जिनका अवैध खनन का नेटवर्क पूरे तहसील क्षेत्र में फैला हुआ है।

हैरानी की बात यह है कि रात के अंधेरे में खुलेआम अवैध खनन, ओवर लोड भारी वाहनों की आवाजाही और गैंगवार जैसी घटनाओं के बावजूद नजीबाबाद तहसील प्रशासन पूरी तरह मौन साधे बैठा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारी कार्रवाई के बजाय कमाई के चक्कर में आंखें मूंदे हुए हैं। जिसके चलते माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। सूत्र बताते हैं कि इस्सेपुर ही नहीं, बल्कि पूरे तहसील क्षेत्र में रात होते ही मिट्टी माफियाओं का बोल. बाला होता जा रहा है। खेतों से लेकर सरकारी जमीन तक से धड़ल्ले से मिट्टी उठाई जा रही है। साथ ही विरोध करने वालों को धमकाया जा रहा है।

दूसरी तरफ मामला तूल पकड़ता देख भारतीय किसान यूनियन प्रधान खुद मैदान में उतरने जा रही हैं। भाकियू ने ऐलान किया है कि माफियाओं के खिलाफ और प्रशासन की मिलीभगत के विरोध में नजीबाबाद तहसील में अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा। धरने की तारीख जल्द घोषित की जाएगी। भाकियू नेताओं का साफ कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ने अवैध खनन और माफियाओं की गैंगवार पर लगाम नहीं लगाई, तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# नाराज सिविल इंजीनियर्स ने सौंपा ज्ञापन

## पेंशन के प्रावधानों का विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** नई पेंशन नीति में किए गए प्रावधानों का विरोध करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग के आह्वान पर भारत सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन हेतु तीन नवम्बर को जारी नोटिफिकेशन में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को सम्मिलित करते हुए पेंशन को गैर अंशदायी एवं गैर वित्त पोषित बताये जाने वाले क्लॉज एफ-03 तथा वित्त विधेयक 2025 में तिथि के आधार पर पेंशनर्स में भेदभाव उत्पन्न करने वाले प्राविधानों का विरोध किया जा रहा है। सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित कर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को भारत के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।



इस दौरान सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के उप महासचिव मनोज कुमार, जनपद अध्यक्ष लक्खी सिंह, जनपद सचिव अंकित कुमार कपासिया, पेंशनर्स एसो. के अध्यक्ष शिवध्यान सिंह, जिला मंत्री योगेश्वर सिंह, उ.प्र. डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के जिलाध्यक्ष आजाद सिंह, जनपद सचिव आरिफ मलिक, महेन्द्र सिंह, एसके मिश्रा, अमन सिंह, लीलापत, महेन्द्र मलिक, जबर सिंह, प्रमोद कुमार, भीष्मपाल सिंह, राजेश कुमार, विवेक कुमार, राज कुमार, राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, नासिर हुसैन, गौरव कुमार, देवेन्द्र कुमार शर्मा, चन्द्रकुश चौहान, गजेंद्र सिंह, विपिन पंडित आदि बड़ी तादाद में जनपद के सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्कूलों में सात व आठ जनवरी का अवकाश

**बिजनौर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि कड़ाके की ठण्ड, शीत लहर एवं घने कोहरे को देखते हुए प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों में सात व आठ जनवरी का अवकाश घोषित कर दिया गया है।

### कोतवाली देहात में देवेन्द्र व विजेन्द्र अरेस्ट



**बिजनौर।** कोतवाली देहात पुलिस ने ग्राम हीमपुर मानक उर्फ बढ़ापुर निवासी देवेन्द्र सिंह उर्फ सोनू पुत्र बलजीत सिंह एवं ग्राम मौजमपुर हरवंश उर्फ रहमापुर निवासी विजेन्द्र पुत्र मेघराज सिंह को 305 ग्राम चरस, सेन्ट्रो कार व नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि इनके द्वारा अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

### सतनाम ने शादी का झांसा देकर लूटी इज्जत



**बिजनौर।** नूरपुर के मौहल्ला कबीरनगर निवासी सतनाम सिंह पुत्र प्रीतम सिंह ने शादी का झांसा देकर एक युवती की इज्जत लूट ली। पीड़िता ने थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि सतनाम सिंह ने शादी का झांसा दिया और उसकी इज्जत लूटी। इसके बाद उसने शादी करने से इंकार कर दिया। उसने अपने साथी सोनू व शरण कौर सन्नू के साथ मिल कर उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बलात्कार की धारा 69 सहित 115 (2), 352, 351 (3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने सतनाम सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सतनाम को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक वर्षा यादव शामिल थी।

# युवाओं से वोटर बनने का आह्वान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वह वोटर बने और इसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी करें।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में विधानसभा निर्वाचन नियमावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर स्थानीय विवेक विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज हाल में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। एडीएम वित्त एवं राजस्व अधिकारी वान्या सिंह, विवेक विश्वविद्यालय के कुलपति अमित गोयल, तहसीलदार सदर एवं नायब तहसीलदार सहित अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थी।



## विवेक कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

डीएम जसजीत कौर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में लोकतांत्रिक प्रणाली पर आधारित शासन व्यवस्था प्रचलित है, जिसको आम नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करके बलवती बनाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी एवं परिपक्व बनाए रखने के लिए शिक्षित युवा वर्ग को आगे आना होगा, ताकि देश विज्ञान, तकनीकी एवं अन्य क्षेत्रों विश्व स्तर पर किसी भी तरह पीछे न रह सके। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और एक सशक्त लोकतंत्र के लिए 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि एक जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी छात्र-छात्राएं एवं युवा वर्ग फॉर्म-6 भर कर अपना नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने के बाद युवक एवं युवतियों को बहुत से सामाजिक एवं आर्थिक लाभ प्राप्त हो जाते हैं। कोई भी युवक एवं युवती, जिसने एक जनवरी, 2026 को अपनी आयु के 18 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं, शत प्रतिशत रूप से फार्म 6 भर कर अपना पंजीकरण जरूर कराएं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर नए युवाओं एवं युवतियों के लिए ऑनलाइन फॉर्म 6 भरने की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं के अलावा मतदाता पंजीकरण के लिए (नया नाम जोड़ने के लिए), फॉर्म-7 (नाम विलोपन) एवं फॉर्म-8 (संशोधन/त्रुटि सुधार) के लिए Voter Helpline App एवं ऑनलाइन पोर्टल www.voters.eci.gov.in माध्यम से भी आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# व्यापारियों की सुरक्षा में कोई कोताही न हो: सीओ



## सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने कस्बे में किया पैदल गश्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** पुलिस ने कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से बीती रात पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और आवश्यक जानकारी जुटाई। इस पैदल गश्त में पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया।

गश्त के दौरान पुलिस ने स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों से भी संवाद किया। उनसे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की गई। पुलिस का मानना है कि ऐसी गश्त से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगेगा और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भविष्य में भी नियमित रूप से गश्त और चेकिंग अभियान जारी रहेंगे।

# ग्राम सुरक्षा समितियों को किया सक्रिय



शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** क्षेत्राधिकारी नगीना द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थानीय पुलिस बल के साथ शांति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से ग्राम रामपुरदास पटपड़ा में ग्राम सुरक्षा समिति को सक्रिय किया गया।

इस दौरान चोरी, डकैती, छिनैती एवं अन्य अपराधों की घटनाओं के दृष्टिगत ग्रामवासियों को आवश्यक सतर्कता संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। भीषण ठंड को देखते हुए अलाव के साथ ग्राम सुरक्षा समिति को सक्रिय कर दिया गया है। बैठकें आयोजित कर सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है।

ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक में चोरी की वारदात की रोकथाम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। सदस्यों से अपील की गई कि यदि गांव में रात्रि के समय कोई अपरिचित व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही दिन के समय विशेष रूप से फेरी लगाने वाले अथवा किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में भी जानकारी देने को कहा गया जो क्षेत्र में संदिग्ध रूप से रह रहा हो।

# रानी किन्नर ने शबनम व मुस्कान किन्नर पर लगाए गंभीर आरोप

## गुंडों व बदमाशों को साथ लेकर रख रहे हथियार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** रानी किन्नर व लता किन्नर ने मुस्कान किन्नर व शबनम किन्नर पर गुंडे व बदमाशों के साथ गिरोह चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके पास हथियार हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार एक प्रेस नोट में रानी किन्नर निवासी उमर कॉलोनी, चांदपुर रोड, बिजनौर एवं लता किन्नर निवासी मौहल्ला घोसीयान टंकी के पास, गंज ने शबनम किन्नर व मुस्कान किन्नर पर गंभीर आरोप लगाए है। इनका कहना है कि किन्नर शबनम उर्फ सगीर निवासी मौहल्ला ठाकुरान, बढ़ापुर एवं किन्नर मुस्कान चेला किन्नर शकीला हाजी सलीम और अब्बास पुत्रगण गयासुद्दीन का पूरा स्टाफ मौहल्ला कानूगोयान, झालू निवासी हैं। इनका थाना शहर कोतवाली, थाना हीमपुर दीपा, थाना नगीना देहात रायपुर हल्के को लेकर विवाद चल रहा था। जिसका पहला समझौता 28 जून, 2013 को और दूसरा समझौता 16 नवम्बर, 2017 को हुआ था। पहला पक्ष रानी किन्नर व लता किन्नर था। जबकि दूसरा पक्ष किन्नर शबनम व किन्नर मुस्कान सलीम अब्बास का था। किन्नर समाज के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठ कर समझौता हो गया था। मगर इसके बावजूद 23 फरवरी 2018 को किन्नर शबनम ने नई गाड़ी लेने के बहाने से अज्ञात आदमी द्वारा घर पर मिठाई भिजवाई, जिसमें जहर था। उसके खाने से रानी किन्नर की दो भतीजियों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी। जिसका मुकदमा थाना किरतपुर में दर्ज हुआ था और पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुलजिम किन्नर शबनम को पकड़ कर जेल भेजा था। इसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा था। किन्नर समाज के तमाम जिम्मेदार लोगों ने बैठ कर किन्नर रानी से किन्नर शबनम की माफी तलाफी कराते हुए समझौता कर दिया था। जो मुकदमा अभी बीते 13 दिसम्बर 2025 को कोर्ट में फाइनल हुआ है। इसमें रानी किन्नर खुद गवाह थी। समझौते के तहत अपने बयान वापस लेते हुए किन्नर शबनम को राहत मिली थी। अब इसके बावजूद किन्नर शबनम और उसका पूरा स्टाफ किन्नर मुस्कान सलीम और अब्बास व उसका पूरा स्टाफ किन्नर रानी व किन्नर लता दोनों को धमकी दे रहे हैं कि पहले तो तुम बच गई थी, अब नहीं बचेगी। चाहे हमें अपने ही चेलों पर गोली चलवा कर फर्जी ही केस क्यों ना बनवाना पड़े, मगर तुम्हे मुकदमों में फसा कर जेल में भेज कर ही रहेंगे। कुछ मर्द लोगों का लिंग काटकर किन्नर बनाने का जो हम काम करते हैं, वह इल्जाम भी तुम्हारे ही ऊपर लगा देंगे। इनका कहना है कि आज तक हमारा किसी से कुछ नहीं हुआ। हमारी पहुंच बहुत मजबूत नेता लोगों से है। जिसमें अब्बास नगर पंचायत झालू से अध्यक्ष पद की तैयारी कर रहा है। इनके हल्के को हम नहीं छोड़ेंगे, चाहे कुछ भी करना पड़े। पीड़ितों का कहना है कि हल्का कब्जा करने की धमकी मोबाइल पर किन्नर समाज के व्हाट्सएप ग्रुप पर वीडियो व ऑडियो के माध्यम से भी भेजी है। जिसकी वजह से रानी किन्नर और किन्नर लता की जान को खतरा बना हुआ है। दोनों को अपनी सुरक्षा के लिए अपने निजी सुरक्षा कर्मी को साथ लेकर चलना पड़ रहा है और भय का माहौल बना हुआ है। इनका कहना है कि हमारा घर से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। इनका कहना है कि किन्नर शबनम और किन्नर मुस्कान का एक बहुत बड़ा गिरोह है, जो गुंडे और बदमाशों को असलहों के साथ लेकर चलते हैं। इस संबंध में दूसरे पक्ष से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

# विवेक विश्वविद्यालय में आज से राष्ट्रीय हैण्डबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय हैंडबाल चैम्पपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जो कि सात जनवरी से दस जनवरी तक चलेगा। यह कार्यक्रम स्पीड हैंडबाल फेडेरेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्पीड हैंडबाल एसो. उत्तर प्रदेश तथा विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

खेल का आयोजन अध्यक्ष एवं विवेक विश्वविद्यालय के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्पीड हैंडबाल चैम्पपियनशिप में पूरे भारत से उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, केरल,



## देश के कई राज्यों की टीमें भाग लेंगी

जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तरांचल, बिहार, गोआ, राजस्थान, तमिलनाडू, मध्य प्रदेश, हिमाचल से महिला एवं पुरुष वर्ग की लगभग 31 टीमें छह जनवरी की शाम तक विवेक विश्वविद्यालय में पहुंच जाएंगी। उन्होंने बताया कि दस जनवरी को विजेताओं को पुरस्कार वितरण कर समापन किया जायेगा।

सभी टीमों के लगभग 500 महिला-पुरुष खिलाड़ी विवेक विश्वविद्यालय के परिसर में रुकेंगे। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से खिलाड़ियों को लाने ले जाने हेतु महाविद्यालय की बसों का सुचारू रूप से संचालन किया जाएगा। परिसर में ही रात्रि विश्राम, खाने व रहने आदि की उचित व्यवस्था की गई है। अमित गोयल ने बताया कि हमारा प्रयास बिजनौर को विश्वपटल पर अग्रणी स्थानों में लाने का रहा है, इसके लिए हम सदैव प्रयासरत हैं। आने वाले समय में बिजनौर को हर क्षेत्र में जाना पहचाना जाए। इसके लिए हम सदैव प्रयासरत हैं।

## जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनायेंगे मायावती का जन्मदिन



**बिजनौर।** पार्टी सुप्रीमो कुमारी मायावती का जन्मदिन 15 जनवरी को मुरादाबाद में मंडल स्तर पर जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। सोमवार को पार्टी कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंडल प्रभारी विजय सिंह और नाजिम अहमद अल्वी का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। मुख्य मंडल प्रभारी विजय सिंह ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना जरूरी है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रोहिताश सिंह व संचालन विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह ने किया। बैठक में जिला प्रभारी डॉ. राकेश कुमार, मंडल प्रभारी नंदराम प्रजापति, समर सिंह, अजय कुमार सागर, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार हितैषी कविराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# एग्जास्ट फैन तोड़ दुकान में घुसे चोर, उड़ाये 80 हजार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** जूते चप्पल की दुकान में एग्जॉस्ट फैन तोड़कर घुसे चोरों ने गल्ले से हजारों रुपये चोरी कर लिए। दुकान मालिक ने हाल ही में निकाले गए दो नौकरों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय मौहल्ला मानकचंद निवासी मनोज अग्रवाल पुत्र सुखे अग्रवाल की मंडी मौलगंज स्थित स्टेट बैंक के बराबर में मनोज एंड शूज नाम से जूते चप्पल की दुकान है। दुकान स्वामी मनोज अग्रवाल ने बताया कि रविवार की रात वह रोजमर्रा की तरह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। रात में किसी समय चोर दुकान के पीछे बने आबचक के रास्ते से दुकान में लगा एग्जास्ट फैन तोड़कर दुकान के अंदर घुस गए। जहां पर चोर गल्ले में रखे 70 हजार रुपए, पास में ही रखी मिट्टी की गुल्लक से 10 हजार रुपए और गल्ले में रखी हजारों रुपए की रेजगारी निकाल कर ले गए।

घटना की जानकारी दुकान स्वामी को उस समय हुई जब उसने सोमवार की सुबह 9 बजे दुकान खोली, जहां उसने गल्ला खुला पाया और उसमें रखी रकम गायब दिखी। दुकान स्वामी मनोज ने दुकान में चारों तरफ देखा तो दुकान के पीछे आबचक में लगा एग्जास्ट फैन टूटा देखा, जहां से रास्ता बनाकर चोर शोरूम के अंदर घुसे थे।

व्यापारी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी अवनीश मान पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का मुआयना किया।

व्यापारी मनोज अग्रवाल ने पुलिस को लिखित शिकायत दी, जिसमें उन्होंने 80 हजार रुपए की चोरी और हाल ही में नौकरी से निकाले गए दो नौकरों पर शक होने का जिक्र किया है। उधर थाना प्रभारी अवनीश मान का कहना है कि पुलिस जांच पड़ताल कर रही है, जल्द ही का घटना का खुलासा किया जाएगा।





**हैरतअंगेज करतब।** बिजनौर में आज सिख समाज की विशाल शोभायात्रा में शामिल अखाड़ों में हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। इसका जगह-जगह स्वागत भी किया गया।

# झालू-रसूलपुर आबाद रोड पर देर रात गुलदार दिखने से दहशत

**झालू।** क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब झालू-रसूलपुर आबाद रोड के किनारे देर रात एक गुलदार दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुलदार बाइक की हेडलाइट की रोशनी पड़ने के बावजूद रास्ते से नहीं हटा, बल्कि बाइक सवार की ओर लगातार आगे बढ़ता रहा। किसी तरह बाइक सवार ने सतर्कता दिखाते हुए स्वयं को सुरक्षित निकाला।

बताया जा रहा है कि गुलदार रसूलपुर रोड पर शिव मंदिर से पहले चकरोड के पास नजर आया। घटना के बाद आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। खासतौर पर देर रात खेतों से लौटने वाले किसानों और पैदल/दुपहिया राहगीरों में भय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सतर्कता अभियान चलाने की मांग की है ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**आवश्यकता है**

चौधरी ऑटो टीवीएस शोरूम पर सेल्समैन, कंप्यूटर ऑपरेटर व मैकेनिक की आवश्यकता है। अनुभव होना अनिवार्य है। इच्छुक व योग्य व्यक्ति शीघ्र ही संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर:- 8192885078, 9627566002**

**चौधरी ऑटो टीवीएस शोरूम**

**कुरी हाउस मुरादाबाद रोड स्योहारा, बिजनौर**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद बिजनौर )**

संख्या: 31/न.पा.परि.बि./2025-26

दिनांक:- 05.01.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या- 132/4 मौहल्ला नई बस्ती बी-15 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री अभिषेक गुप्ता, पुलकित गुप्ता पुत्रगण स्व. अतुल कुमार गुप्ता के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा श्री संदीप त्यागी पुत्र श्री त्रिलोक चन्द त्यागी मौहल्ला नई बस्ती बी-15, बिजनौर को बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी संबंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर ( जनपद बिजनौर )**

संख्या: 30/न.पा.परि.बि./2025-26

दिनांक:- 05.01.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम -1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या- 132/3, 132/2 आंशिक, 132/4 आंशिक मौहल्ला नई बस्ती बी-15 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री अभिषेक गुप्ता, पुलकित गुप्ता पुत्रगण स्व. अतुल कुमार गुप्ता के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा श्री शुभम अग्रवाल, श्री सिद्धांत अग्रवाल पुत्रगण श्री दीपक कुमार अग्रवाल मौहल्ला नई बस्ती बी-15, बिजनौर को बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी संबंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीगणों का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# रसोईयों का जोरदार प्रदर्शन

## आठ माह से नहीं मिला मानदेय, 12 को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रगतिशील रसोईया संगठन ने तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान रसोईयों ने आठ महीने से रुका हुआ मानदेय शीघ्र दिलाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से रसोईयों ने 12 जनवरी को जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।

प्रगतिशील रसोईया संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन के दौरान सरकार से रसोईयों की समस्याएं हल कराने और समय से उन्हें मानदेय दिलाए जाने की मांग की। इस दौरान रेखा रानी, बबीता, बीना, ममता, गीमा शर्मा, शोभा रानी आदि का आरोप है कि सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालय बंद किए जा रहे हैं, जिससे रसोईयों की भी छंटनी की जा रही है, जिससे उनके सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो रहा है। इसके अलावा आठ माह से रसोईयों को मानदेय नहीं दिया गया है, जबकि रसोईयां लगातार काम कर रही हैं। उनका कहना है कि रसोईयों को उनकी मेहनत का उचित मानदेय नहीं मिल रहा है। देश के अन्य राज्यों में रसोईयों को कई हजार रुपए वेतन मिलता है। उनसे मिड डे मील के अलावा विद्यालय में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, मैदान की सफाई आदि अतिरिक्त कार्य भी करवाए जाते हैं। उन्होंने प्रसूति अवकाश, ईएसआई व ईपीएफ, आयुष्मान कार्ड, बीमा व सर्दियों के कपड़े दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को जिला मुख्यालय पर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

ज्ञापन देने वालों में गायत्री, अशु, जयप्रदा, दयावती, पूजा, बाला देवी आदि भी शामिल रहीं।

# सुरेंद्र हत्याकांड में पिता और 3 बेटों को उम्रकैद

## कोर्ट ने 3.60 लाख जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** करीब सवा दो साल पहले हुए सुरेंद्र हत्याकांड में पोक्सो कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। स्पेशल अपर सत्र न्यायाधीश प्रकाशचंद्र शुक्ला ने पिता छत्रपाल और उसके तीन बेटों महिपाल, विकास व ओमप्रकाश को दोषी करार देते हुए सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही चारों दोषियों पर कुल 3 लाख 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

यह मामला चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव जमालुद्दीनपुर का है। शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान के अनुसार, गुड्डी देवी पत्नी मदन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी पक्ष से पुरानी रंजिश चल रही थी और आरोपी छत्रपाल व उसके बेटे झगड़ालू प्रवृत्ति के थे। आरोपी ओमप्रकाश और महिपाल के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज थे। घटना के दिन आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से लैस होकर गुड्डी देवी के घर में जबरन घुसकर उनके पति मदन सिंह, देवर सुरेंद्र और सेवाराम पर जानलेवा हमला किया। इस हमले में मदन सिंह और सेवाराम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि सुरेंद्र बेहोश होकर गिर पड़े। घायलों को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल और बाद में मेरठ के हायर सेंटर रेफर किया गया। उपचार के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में चार्जशीट दाखिल की। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने नौ गवाह कोर्ट में पेश किए। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने चारों आरोपियों को दोषी ठहराया। अदालत ने जुर्माना राशि में से दो लाख रुपये मृतक सुरेंद्र के परिजनों को तथा 40 हजार रुपए घायल सेवाराम को प्रतिकर के रूप में देने के आदेश भी दिए हैं।

## एक नजर

### ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी से परेशानी



**नांगल सोती।** मौहल्ला जोशियान में रखे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से लगभग 110 परिवारों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। मौहल्ला जोशियान में विद्युत आपूर्ति के लिए 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है, जिससे लगभग 110 परिवारों को बिजली आपूर्ति की जाती है। सोमवार की दोपहर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। संदीप जोशी, राजू, कोमल, सुशील, मुन्नू, रामदयाल, राजवीर आदि का कहना है कि ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण आए दिन खराब होता रहता है, जिससे ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ता है। मंगलवार की शाम बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर की मरम्मत में जुट थे, लेकिन समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी थी।

### भूरिया स्रोत आश्रम पर भंडारा



**नांगल सोती।** सराय आलम के समीप गंगा खादर क्षेत्र में स्थित भूरिया स्रोत आश्रम पर भंडारे का आयोजन किया गया। आसपास के गांव सराय आलम, नांगल, शहजादपुर, जीतपुर, खानपुर, मायापुरी, हरचंदपुर, चमरौला व दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया और मंदिर पर प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। आश्रम के पुजारी ओमपुरी महाराज ने बताया कि बीती रात्रि जागरण का कार्यक्रम भी हुआ।

### गन्ना समिति सचिव ने किया निरीक्षण



**चांदपुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव जितेंद्र कुमार ने आज समिति के समस्त विभाग कार्यालयों का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम समिति के कर्मचारियों से शासनादेशानुसार किसान भाइयों के समस्त कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिए। साथ ही गन्ना समिति में आने वाले हर किसान की समिति से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान तुरंत करने की सख्त हिदायत की तथा चीनी मिलो से पहुंचने वाला भुगतान समय पर बैंक किसानों के खातों में भेजने का कार्य करें। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम कार्यालय मे समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित मिले। कर्मचारियों के प्रति हर्ष जताया तथा सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा और लगन से समस्त कार्यों को समय पर संपादित करने की भी हिदायत की। अपने निरीक्षण के दौरान सचिव जितेंद्र कुमार ने अपने समिति के समस्त कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों से उनके सामने आने वाली समस्याएं भी सुनी और समय रहते उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने समिति में समस्त कर्मचारियों से स्वच्छता और स्वास्थ्यता अपनाने पर भी बल दिया। उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान कहा कि समस्त कर्मचारी प्रातः एवं सायं छुट्टी पश्चात अपने फिंगरप्रिंट्स मशीन मे अवश्य अंकित करें ताकि आपकी समय पर उपस्थिति दर्ज हो सके।

### नाले पर बनी दुकान की बिक्री का आरोप

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला पीर का बाजार वार्ड संख्या 24 में सार्वजनिक नाले की भूमि पर बनी एक दुकान के अवैध रूप से बिक्री इकरारनामा किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में स्थानीय निवासी हिमांशु वर्मा ने प्रशासन को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित दुकान नगर पालिका की सार्वजनिक नाला भूमि पर बनी हुई है। जो पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर प्रवाहित नाले के ऊपर स्थित है। इसके बावजूद 21अप्रैल 2025 को हरिद्वार निवासी एक व्यक्ति द्वारा उक्त दुकान का बिक्री इकरारनामा दो स्थानीय लोगों के पक्ष में कर दिया गया। जिसका विधिवत निबंधन भी कराया गया। इस प्रकरण को लेकर बताया जा रहा है कि नगर पालिका के कुछ सभासदों ने 23 जून 2025 को अधिशासी अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी थी। वहीं प्रार्थी द्वारा उत्तर प्रदेश जनसुनवाई पोर्टल सहित तहसील दिवस धामपुर में भी कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि 30 दिसंबर 2025 को प्रस्तुत की गई जांच आख्या में मुख्य बिंदु क्या दुकान सार्वजनिक नाला भूमि पर बनी है का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इसी आधार पर प्रार्थी ने जांच अधिकारी के विरुद्ध स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने तथा पूरे मामले की पुनः निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मामला उठाए जाने के बाद प्रशासन ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग से विस्तृत रिपोर्ट तलब करने की बात कही है।

# चार बकरियों की तड़प-तड़प कर मौत, पांच की तबियत खराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला नौधा में एक पशुपालक की चार बकरियां अचानक तड़प तड़प कर मर गई। पांच की हालत बिगड़ गई।

मौहल्ला नौधा निवासी शाहजहां ने अपनी 9 बकरियों को बरसीन व लैटे का चारा डाला था। चारा खाने के बाद अचानक बकरियों की तबीयत खराब होने लगी। बताया जाता है कि चार बकरियां तड़प तड़प कर मर गई। पांच की हालत बिगड़ गई। बकरियों को जहर के शक से मरने की सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है। पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अनुराग चौधरी भी मौके पर पहुंचे है। पांच बकरियों का उपचार कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## ओवरलोड ट्रक सीज, चालक-हेल्पर फरार

**नहटौर।** राजस्व विभाग की टीम नूरपुर मार्ग पर निरीक्षण कर थी। इसी दौरान नायब तहसीलदार राजकमल ने एक ट्रक को ओवरलोड रेत बजरी ले जाते हुए देखा। जिस पर राजस्व टीम ने जब ट्रक को रुकने का इशारा किया, तो टीम को देखते ही ट्रक चालक व हेल्पर घबरा गए और ट्रक रुकते ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। राजस्व टीम ने तुरंत वाहन को अपने कब्जे में लेते हुए कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए ट्रक को पुलिस को बुलाकर उसकी सुपुर्दगी में दे दिया। पुलिस ने ट्रक को सीज कर दिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से ओवरलोडिंग करने वाले वाहन स्वामियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास

## जनता पर भार डालने वाला जीआईएस सर्वे प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक में नगर हित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके बाद अधिकांश प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर पालिकाओं की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्रस्तावित जियोग्राफी इनफॉरमेशन सिस्टम (GIS) सर्वे को लेकर चर्चा हुई, जिस पर बोर्ड ने जनता के हित को प्राथमिकता देते हुए इसे खारिज कर दिया।

सभासदों ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस सर्वे के लागू होने से करों और शुल्कों में वृद्धि की आशंका है, जिससे आम नागरिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी कारण नगर पालिका बोर्ड ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि धामपुर नगर में यह सर्वे लागू नहीं किया जाएगा।

बैठक के दौरान शासन स्तर पर प्रस्तावित डिजिटल गवर्नेंस व्यवस्था जैसे गवर्नमेंट लीडर बोर्ड, मैट्रिक बिलिंग सॉफ्टवेयर, यूआईडी सिस्टम, मोबाइल एप और वेब पोर्टल विकसित करने के प्रस्ताव को भी विचारार्थ रखा गया, लेकिन सभासदों ने इसे भी अस्वीकार कर दिया। सदस्यों का कहना था कि इस प्रकार की व्यवस्थाएं लागू होने से नगरवासियों को अतिरिक्त शुल्क चुकाना पड़ सकता है, जो जनहित के विपरीत है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में निर्मित एक निजी आरजी की सड़क को कब्जा मुक्त कराने की बजाय संबंधित भूमि स्वामी को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही वार्ड संख्या चार स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के समीप अमृत सरोवर पर भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित कर उसका सौंदर्यकरण कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। शीत ऋतु को देखते हुए नगर पालिका बोर्ड ने 1500 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करने तथा 15 लाख रुपये की धनराशि अलाव जलाने के लिए स्वीकृत करने का निर्णय लिया। इसके अलावा सफाई विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को ठंड व गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक वर्दी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में नगर विकास से संबंधित अन्य कई प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने किया।

बैठक में पवन कुमार, सुनील कुमार, सभासद संतोष राजपूत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, हिना परवीन, प्रभात गुप्ता, वसीम अहमद, सुमित महेश्वरी, पूनम सैनी, मनोज गोयल, नसीम अहमद, तसलीम दरोगा सहित सभी सभासद मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को बांटे कम्बल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए द्वारिकेश शुगर मिल लिमिटेड व भाजपा कार्यालय में कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जहां नगर पालिका के पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी ने नगर की बुजुर्ग महिलाओं को करीब 200 कंबल वितरित किए।

वहीं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्ट्रीज द्वारा पड़ रही कड़ाके की भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ब्लॉक कासमपुर गढ़ी के विभिन्न गांवों के गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों को लगभग 400 कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में गन्ना महाप्रबंधक उमेश कुमार बिशेन, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह, गन्ना समिति के चेयरमैन सरदार मलकीत सिंह एवं नरेंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ आलोक सिंह ने द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज की सराहना करते हुए कहा कि कड़ाके की ठंड में जरुरतमंद बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों, जिन्हें कंबल उपलब्ध कराना पूण्य का काम है, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। कंबल हासिल करने वालों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए कहा कि भीषण ठंड के समय इस प्रकार की सहायता उनके लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

इस अवसर पर गन्ना महाप्रबंधक उमेश कुमार बिशेन ने कहा कि द्वारकेश शुगर मिल सामाजिक दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहा है और भविष्य में भी जरूरतमंदों के कल्याण हेतु कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित कुन्दन सिंह, लवकुश सिंह, साली आर्य, पंकज सिसोदिया, नरेंद्र कुमार तथा मिलकर्मी तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आरएसएम में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता पंजीकरण अभियान का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर)- 2026 के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसील धामपुर की उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा तथा तहसीलदार धनराज कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की।

कार्यक्रम का समन्वयन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ द्वारा किया गया, जबकि संचालन महाविद्यालय के मतदाता जागरूकता क्लब के समन्वयक डॉ. विवेक यादव ने किया। इस अवसर पर क्लब समन्वयक डॉ. विवेक यादव ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, मतदाता अधिकार, नागरिक भागीदारी, जवाबदेही, नीति निर्माण पर प्रभाव, शांतिपूर्ण परिवर्तन तथा राजनीतिक जागरूकता जैसे विषयों पर संक्षिप्त लेकिन प्रभावी जानकारी दी। तहसीलदार धनराज कुमार ने विद्यार्थियों को नए मतदाता बनने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाते हुए फॉर्म नंबर 6, 7 एवं 8 से संबंधित जानकारी दी और पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने भारत में पुरुष और महिला मतदाताओं की समानता, मतदान के महत्व और शासन व्यवस्था पर इसके प्रभाव को रेखांकित करते हुए युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी का सबसे सशक्त और सीधा माध्यम मतदान है। उन्होंने कहा कि नियमित और निष्पक्ष चुनाव जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाते हैं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रो. एस. एल. पाल, प्रो. शोराज सिंह, प्रो. रमाकांत, डॉ. राजेश कटियार, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. दीप सौरभ, डॉ. अबरार अहमद, डॉ. अमित कुमार गिरी, डॉ. चंद्रकला, सुमेरा नाज सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# ठेकेदार ने सड़क को खुदवा कर छोड़ा





## सड़क निर्माण न होने से भारी परेशानी, गिरकर हो रहे चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर छह की सड़क बीते चार महीनों से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क निर्माण के नाम पर ठेकेदार द्वारा सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया, जिससे मौहल्लेवासियों का आवागमन दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य न होने से आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे है। कीचड़ के कारण हालात और भी बदतर हो गए हैं।

मौहल्लेवासियों का आरोप है कि लगभग चार महीने पूर्व शमशाद हुसैन ठेकेदार को वार्ड नंबर छह में सड़क निर्माण का टेंडर प्राप्त हुआ था। टेंडर मिलने के बाद ठेकेदार ने सड़क को खुदवा दिया, लेकिन उसके बाद निर्माण कार्य को आगे नहीं बढ़ाया गया। लोगों का कहना है कि सड़क खुदाई के बाद कई दिनों तक मलबा भी नहीं उठाया गया, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बताया जाता है कि ठेकेदार की लापरवाही को देखते हुए नगर पालिका स्तर से उसे कई बार नोटिस जारी किए गए। बावजूद इसके ठेकेदार ने निर्माण कार्य में कोई रुचि नहीं दिखाई। आरोप है कि चार महीनों में सड़क का कार्य पूरा होना तो दूर, अब तक केवल एक चौथाई कार्य भी नहीं हो सका है। पालिका अधिकारियों ने पहले सामान्य नोटिस जारी किए और बाद में चेतावनी नोटिस देते हुए सड़क शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी रही।

ठेकेदार की लापरवाही से नाराज होकर वार्ड के मौहल्लेवासी सभासद हिना परवीन के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और शिकायत दर्ज कराते हुए ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नागरिकों ने बताया कि अधूरी सड़क के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। मंगलवार को आयोजित नगर पालिका बोर्ड की बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। सभासदों ने एक स्वर में ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए और कार्रवाई की मांग की। सभी सभासदों की सहमति के बाद नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने ठेकेदार शमशाद को ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया।

नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने बताया कि जनता की परेशानी को देखते हुए यह कठोर कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि अब वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 15 दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य पूरा कराकर मोहल्लेवासियों को राहत दिलाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर में विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

फिलहाल सड़क अधूरी होने के कारण वार्ड नंबर छह के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन पालिका प्रशासन के आश्वासन के बाद लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से घर में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला होलियान में खाना बनाते समय एक घर में अचानक आग लग गई। इस हादसे में घर में रखा कीमती सामान, नकदी और बिस्तर जलकर राख हो गए। गनीमत यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला होलियान निवासी योगेंद्र सैनी की पत्नी सुबह घर में रखे चूल्हे पर खाना बना रही थीं। इसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी ने पास ही रखे सूखे सामान को पकड़ लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठती देख मौहल्लेवासी मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए पानी और मिट्टी डालकर आग को बुझाया, जिससे आग पड़ोस के घरों तक नहीं फैल सकी। जब तक लोगों ने आग पर काबू पाया तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित परिवार के अनुसार आगजनी में 2 हजार रुपये की नकदी, मोबाइल, चारपाई, बिस्तर, पहनने के कपड़े और घर में रखा अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

# दीपा सराय आदि मौहल्लों में छापेमारी अभियान से लाइन हानियों में आई 11.86 प्रतिशत की कमी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○अब तक की कार्रवाई की दी जानकारी

**सम्भल।** विगत वर्ष 24 नवम्बर को हुई हिंसा के बाद से बिजली चोरी रोकने और बिजली चोरों पर कार्रवाई को लेकर अब तक चले अभियान में न केवल बिजली की हानी रूकी है बल्कि विभाग को भी करोड़ों की बिजली बचत के साथ पचास प्रतिशत से अधिक होने वाली लाईनों कीर हानि कम हुई है।

जिलाधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि जनपद में 18 सितम्बर से अब तक विद्युत विभाग पीएसी, एवं प्रशासन की सहायता से फीडर लोड विशलेषधा के आधार पर नियमित रूप से औचाक निरीक्षण दिन एवं रात के आधार पर किया गया। जिसमें बिजली चोरी के 6526 मामले पकड़ में आए। मीटर से छेड़छाड़; रोकने को गलियों करीब 155.13 किमी आर्मडकेबिल के साथ 51709 स्मार्ट मीटरकुल संयोजन351960. प्रगति 14. 69लगाए गए। इसमें 99.798 ऊर्जा की बचत हुई जबकि 59.879 करोड़ अप्रत्यक्ष रूप से प्रति 6 रूपये यूनिट की बचत हुई। इतना ही नहीं बेहतर बिलिंग और मीटरिंग के माध्यम से 51.416 करोड़ रूपये की आय अर्जित हो सकी। जबकि 6526 मामले बिजली चोरी के पकड़े गए जिनमें 35.81 करोड़ रूपये का मूल्यांकन किया गया। इससे प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष 18.11 करोड़ के राजस्व की बचत ने प्रवर्तन एवं प्रौद्यौगिकी का सफल तालमेल दर्शाया है। पत्रकारों को बताया कि पूर्व विद्युत अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्भल क्षेत्र के दीपा सराय आदि मौहल्लों में घूसने से पूवर्च धमकी दी जाती थी कि तुम क्षेत्र में अंदर तो आ उसकते होलेकिन बाहर नहीं जा सकते। इन क्षेत्रो में इस अभियान के कारण लाईन हानियों में 11.80 प्रतिशत की कमी आयी है और राजस्व वसूली 4.59 प्रतिशत बढ़ी है। डीएम ने बताया कि प्रभावशाली व्यक्तियों, मज्सिदों, मदरसों द्वारा अवैध विद्युत उपयोग पर कार्यवाही की गई जबकि विद्यत चोरी के लिए 11 संविदा कर्मचारियों की सूवाएं भी समाप्त की गईं। सम्भल टाउन से सभी जेई का स्थानांतरण कर दिया गया। इसके अलावा सम्भल शहर में विगत 12 महीने से 100 केवीए व उससे अधिक का एक परिवर्तक क्षतिग्रस्त नहीं हुआ।



सम्भल- ग्राम रांया बुजुर्ग में मकान को ध्वस्त करता बुलडोजर जस्टिस।

# बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को गांव-गांव चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ प्रशासन ने कमर कस ली है। बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने के लिए अब गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा। खास बात यह है कि इस मुहिम में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल पोर्टल का सहारा लिया जा रहा है, जहां हर नागरिक न केवल शपथ लेगा, बल्कि अपनी भागीदारी का सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर सकेगा। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सरकार ने नया दांव चला है। शपथ लेने वालों की संख्या के आधार पर जिलों की रैंकिंग तय की जाएगी। इससे जिला प्रशासन के बीच अपने जनपद को बाल विवाह मुक्त श्रेणी में शीर्ष पर लाने की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे चौपालों और ग्रामीण बैठकों के जरिए लोगों को ऑनलाइन शपथ के लिए प्रेरित करें।

## ऐंसे बने मुहिम का हिस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रशासन ने शपथ लेने की प्रक्रिया को बेहद सरल रखा है, ताकि तकनीक से दूर रहने वाले लोग भी आसानी से जुड़ सकें। सबसे पहले stopchildmarriage-wcd-gov-in पर लॉग-इन करें। मेनू सेक्शन में जाकर 'Take Pledge' पर क्लिक करें। अपना नाम, मोबाइल नंबर और जिले की जानकारी दर्ज करें। शपथ पूरी करते ही डिजिटल सर्टिफिकेट जनरेट होगा, जिसे तुरंत डाउनलोड किया जा सकता है।

# दो अवैध मकानों पर गरजा बुलडोजर जस्टिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○ एक को दी गई चार दिन की मौहलत

○ तालाब से सौ मीटर दूर नवीन परती की 552 वर्गमीटर भूमि पर किया गया था कब्ज़ा

○ चार सौ पांच सौ वर्ग मीटर भूमि पर मैरिज हॉल का किया था निर्माण

**सम्भल।** सरकारी भूमि कब्ज़ाकर किये गए अतिक्रमण विरोधी प्रशासन का अभियान जारी है। तहसील के नेतृत्व में पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने दो अवैध मकान को जमींदोज कर दिया जबकि एक को चार दिन करा समय दिया गया।

थाना असमोली क्षेत्र के गांव राया बुजुर्ग में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान तीन अवैध मकानों को नोटिस दिया गया जबकि दो को बुलडोजर जस्टिस से ध्वस्त कर दिया गया, जबकि एक मकान मालिक को चार दिन का समय दिया गया है। मौके पर मौजूद सीओ असमोली कुलदीप कुमार ने बताया कि गांव में अतिक्रमण लगातार हटाया जा रहा है। इससे पहले अवैध रूप से बनी मस्जिद का अतिक्रमण हटाया गया था और अब अवैध तरीके से बनाए गए तीन मकानों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से दो मकानों को दो बुलडोजरों से जमींदोज किया गया है, जबकि एक को नियमानुसार समय दिया गया है। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चार थाना प्रभारी, एक प्लाटून आरआरएफ और करीब 50 सिविल पुलिस कर्मी तैनात रहे। किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए रूफटॉप डयूटी, एलआईयू और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग भी की गई। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि भूमि गाटा संख्या 682 की है, जिसमें करीब 880 वर्गमीटर जमीन पर अवैधा निर्माण कर तीन मकान बनाए गए थे। फरवरी 2025 में कब्जेदारों द्वारा कोर्ट में अर्जी दी गई थी, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। उन्होंने बताया कि गांव में अब लोगों में समझदारी आ रही है और कई लोग स्वयं अपने कब्जे हटा रहे हैं। जो कब्जा नहीं हटाएंगे, उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने आगे बताया कि इसी गांव में तालाब से करीब 100 मीटर दूर नवीन परती की 552 वर्गमीटर भूमि पर अवैध कब्जा कर गोसूलवरा मस्जिद का निर्माण किया गया था। नोटिस और न्यायालयी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मस्जिद को पूरी तरह हटाकर जमीन ग्राम सभा को सौंप दी गई है। इसके अलावा करीब 400-500 वर्गमीटर में बना एक मैरिज हॉल भी ग्राम सभा के हवाले कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई ग्राम सभा द्वारा की जाएगी।

# महिलाओं ने सकट का व्रत रखकर की पूजा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के सन्तोषी माता श्रीबाँकेबिहारी मन्दिर के पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि माघ महीने में सकट चौथ का व्रत किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से संतान को लंबी आयु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। इस दिन चंद्र दर्शन करने का विशेष महत्व है। सकट चौथ के दिन कई योग भी बन रहे हैं। घरों में पूजा की गयी।

# आडम्बर व पाखंडवाद पर चोट करती है धूप काव्य संग्रह में रचनाऐं

○डा.सचेत की काव्यकृत सुबह की धूप का वमोचन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** डी के रिसोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव में सम्भल के शिक्षक साहित्यकार एवं कवि डा. संदीप कुमार सचेत की तृतीय साहित्यिक कृति सुबह की धूप नामक कविता-संग्रह का समारोह पूर्वक विमोचन एक सौ सैंतीस कवि एवं साहित्यकारों की उपस्थिति में भव्य रूप में हुआ। पुस्तक पर विचार रखते हुए बहजोई के वरिष्ठ साहित्यकार दीपक गोस्वामी चिराग ने कहा कि डा. सचेत कि यह पुस्तक जीवन के कई सारे संवेदनशील पहलुओं को उजागर करती है और समाज पर अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहती है। सम्भल के प्रतिष्ठित व्यंग्यकार एवं स्पर्शी पत्रिका के संपादक अतुल कुमार शर्मा ने बताया कि सुबह की धूप काव्य-संग्रह में कई सारी रचनाएँ, हमें मानवीय भावों की गहराई में ले जाती हैं तो कई रचनाएँ समाज के आडंबरवाद व पाखंडवाद पर चोट करते हुए दिखाई देती हैं। साथ ही पंवासा के साहित्यकार ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, रामपुर के शिव कुमार चंदन, राजवीर सिंह राज, बागपत के श्रीपाल ईदरीशपुरी, ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखें। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी रामानुज, हिन्दू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, अरुण अग्रवाल व अन्य साहित्यकारों के साथ-साथ परिवारजन मूर्ति देवी, प्रियंका सागर, अपूर्व रंजन, ओजस रंजन, मोहित, सुखदेव शर्मा, तीर्थ देव शर्मा सरल, विष्णु असावा, सुबोध गुप्ता, विकास वर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, शिवशंकर शर्मा, अमन सिंह, ज्वाला प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ एवं इशांत शर्मा ईशू ने संयुक्त रूप से किया।



सम्भल- धूप काव्य संग्रह का विमोचन करते हिंदू जागृति मंच के सदस्य।

## ज़रूरतमंद बच्चों व माताओं को भोजन वितरित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सब्जी मंडी क्षेत्र में मानवता की एक सराहनीय मिसाल देखने को मिली। समाजसेवी मोहित सहरावत और उनकी टीम के द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों और माताओं के लिए नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़क किनारे एवं सब्जी मंडी क्षेत्र में रहने वाले गरीब बच्चों और महिलाओं को ताजा एवं स्वच्छ भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भूख से जूझ रहे लोगों तक भोजन पहुँचाकर उन्हें राहत देना था। मोहित सहरावत ने बताया कि हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा या माँ भूखा न सोए। जब तक सम्भव होगा, हम इसी तरह जरूरतमंदों की मदद करते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि आज के समय में इस तरह के कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस सेवा कार्य से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली और माताओं ने दिल से दुआएँ दीं। समाजसेवियों ने आम जनता से भी अपील की कि वे आगे आकर इस तरह के मानवीय कार्यों में सहयोग करें, ताकि जरूरतमंदों तक समय पर मदद पहुँच सके।

# ठंड से बचाव को एंटी एयर जैकेट सबसे अधिक प्रभावी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

○सर्दी में लापरवाही न बरतें, बुजुर्गों व बच्चों को गर्म कपड़ों से ढकें

**बबराला।** ठंड के समय पड रही कड़ाके की सर्दी में लापरवाही भारी पड़ सकती है। बुजुर्ग फोर लेयर कपड़े पहनें। वहीं एंटी एयर जैकेट सबसे ज्यादा प्रभावी है। शीतलहर की वजह से हृदय रोगियों और निमोनिया के मरीजों की संख्या बढ़ी है। सरकारी अस्पताल के डा. विनय गंगवार ने लोगों को थ्री लेयर गर्म कपड़े पहनने और तीन लीटर पानी पीने की सलाह दी है। वहीं बुजुर्गों को चार लेयर कपड़े पहनना जरूरी बताया है। उन्होंने बताया कि बीते सप्ताह से ठंड लगातार बढ़ी है। निमोनिया, हार्टअटैक, लकवा और जुकाम-खांसी के मरीजों की संख्या दोगुना से अधिक है। ऐसे में इनर, स्वेटर और जैकेट जरूर पहनकर रहें। इसमें एंटी एयर जैकेट ज्यादा कारगर है। इससे शरीर का ताप बना रहता है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों में कार्डियक अरेस्ट के साथ लकवा का खतरा तीन गुना है। ऐसे में बुजुर्ग अगर बाहर निकलते हैं तो उनके लिए फोर लेयर कपड़े पहनना जरूरी है। खासतौर से गला, सिर, कान जरूर ढककर रखने हैं। बच्चों को भी थ्री लेयर गर्म कपड़े पहनाएं। इनके कान, सिर और पैरों को जरूर ढकें। कम पानी पीने से भी त्वचा की एलर्जी और पेट रोग की दिक्कत बन रही है। ऐसे में रोजाना तीन लीटर पानी जरूर पीएं। उन्होंने उपाय बताए कि धूप खिलने के बाद ही बच्चे और बुजुर्ग घर के बाहर निकलें। अंगीठी और अलाव का इस्तेमाल न करें, हीटर का उपयोग करें। हीटर जलाने पर खिड़की खुली रखें, जिससे ऑक्सीजन की मात्रा बनी रहे। गुनगुना पानी पीएं, दाल हरी सब्जी, फल और ड्राईफ्रूट खाएं। ऐसी ठंड में कमरे में नियमित व्यायाम करें। शरीर को वार्मअप करने से गर्मी बनी रहती है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक करते व्यापारी।

## एकमत होकर व्यापारी सुरक्षा फोरम से जुड़ने का आह्वान

**सम्भल।** व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जबकि व्यापारियों से एकजुट होकर व्यापारी हित में आवाज उठाकर व्यापारी सुरक्षा फोरम से जुड़ने का आहवान किया।

मौहल्ला कोट पूर्वी में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष संजय कुमार पोली ने कहा कि व्यापारी एकता सर्वोपरि है। उन्होने व्यापारियों को एकजुट रहने पर ज़ोर दिया। साथ ही व्यापारियों से कहा कि सभी व्यापारी चाहें किसी भी वर्ग का हो सबका उददेश्य एक समान होता है। छोटा हो या बड़ा हो सकता है। जीएसटी व अन्य प्रकार के लाईसेंस शासन-प्रशासन द्वारा किये जाने वाले निर्णय से सभी व्यापारी प्रभावित होते हैं। उनमें किसी विशेष व्यापार मंडल या संगठन को ध्यान में रखकर नहीं किया जाता।अर्थात सभी संगठन एक समान होते है। उन्होने सभी व्यापारियोंसे एकमत होकर व्यापारी हित की आवाज उठाने और व्यापारी सुरक्षा फोरम से जुड़ने का आहवान किया। इस दौरान नव गठित कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें बाबू फूल प्रकाश डा. यू सी सक्सैना, डा. अरविंद गुप्ता, डा. अरविंद अरोड़ा आमोद वाद्यर्ष्णेय, कमल कौशल वार्ष्णेय, नुसरत इलाही को संरक्षक, संजय गुप्ता पोली जिलाध्यक्ष, अनुज वाष्णेय जिला चेयरमैन, जिला महामंत्री टिंकू टंडन, बनाये गए।



सम्भल- चन्दौसी चौराहे पर छात्रों को जागरूक करते यातायात पुलिसकर्मी।

## कोहरे में वाहन चलाते सावधनियों का करे प्रयोग

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पुलिस अधीक्षक के एवं क्षेत्राधिकारी और प्रभारी यातायात के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दुर्घटनाओं में कमी लाने को चंदौसी चौराहा सम्भल पर यातायात पुलिस में तैनात टी एस आई जग रोशन सिंह एवं मुख्य आरक्षी सचिन कुमार द्वारा स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अधिक कोहरा होने पर स्कूल आते जाते समय किन सावधानियां का प्रयोग करें। जैसे वाहन पर चलते समय और पैदल चलते समय हमेशा सड़क पर बाई तरफ चले और चौराहा पार करते समय स्टॉप लाइन का उपयोग करें एवं कोहरे में वाहन पर यात्रा करते समय वाहन धीमा चलाएं और सड़क पर सफेद पट्टी का प्रयोग करें स्कूल से बाहर निकलते समय चौराहा पर सड़क पार करते समय दाएं बाएं देखे उसके बाद ही सड़क पर करें,और बताया कि आप देश का भविष्य हैं। अगर आप जागरूक होंगे तो दूसरों को भी जागरूक करने में मदद मिलेगी और भी कई सारे यातायात नियमों के बारे में बताया गया।

## सदभाव की हमेशा अलख जगाए रहे पूर्व सभासद अशोक सम्राट

**सम्भल ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** जितेन्द्र वर्मा समाज कल्याण समिति की बैठक में पूर्व सभासद के निधन पर शोक व्यक्त किया। मौहल्ला ठेर पर आयोजित बैठक में पूर्व सभासद अशोक सम्राट के निधन पर शोर व्यक्त करते हुए समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि दिवंत सभासद अशोक सम्राट की समाज के अलग पहचान थी। साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए हमेशा अग्रणी रहने वाले पूर्व सभासद हमेशा भाईचारे और साम्प्रदायिक सदभाव की अलख जगाते रहे। उन्होने अपने जीवनकाल में सभी को एक समान समझा और हर छोटे व बड़े को समान दर्जा दिया। नगर पालिका के सभासद रहते हुए उनके पास शहर के किसी भी वार्ड का कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर पहुंचा उसका निदान कराया। उनके निधन से जो जगह रिक्त हुई है उसका पूरा नहीं किया जा सकता। बैठक मे दो मिनट का मौन धारण की दिवंगत सभासद की आत्मा की शांति को परम पिता परमेशवर से प्रार्थना की साथ ही उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भी प्रार्थना की गई। इस मौके पर मानसी रस्तोगी, निम्मी रस्तोगी, शिवांगी रस्तोगी, सागर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड सौंपे गए दायित्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○फरजंद अली वारसी व डा. मुनव्वर ताबिश को बनाया मीडिया प्रभारी



**सम्भल।** ऑल इण्डिया उलेमा एण्ड मशाईखा बोर्ड की जनपद सम्भल की नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सय्यद मौहम्मद अशरफ किछोछवी ने सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी है। बोर्ड के नैशनल सेक्रेटरी मौहम्मद हसन जामी द्वारा जारी पत्रानुसार मौहम्मद नदीम को जिला अध्यक्ष सम्भल तथा कारी सखावत हुसैन को संरक्षक, मौलाना इरफान अशरफी, मुफ्ती मौहम्मद गुलफाम, हाजी अब्दुल मतीन अशरफी को उपाध्यक्ष, शकील अहमद एडवोकेट को जर्नल सेक्रेटरी, मौहम्मद कसीम, मौहम्मद अनस को ज्वाइंट सिक्रेटरी, मौलाना अब्दुल कादिर को प्रवक्ता, डा. मुनव्वर ताबिश एवं फरजन्द अली वारसी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। सभी पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने और सूफीवाद के पैगाम को लोगों तक पहुंचाने भाईचारा कायम करने आदि उद्दृश्यों के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## साइकिल व बाइक की भिड़ंत में चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी।जिससे वह घायल हो गया। मेरठ बदायूं मार्ग पर गांव जगन्नाथपुर पर साइकिल सवाल लखपत पुत्र गोपाल निवासी जाफरपुर थाना गुन्नौर, गांव जगन्नाथपुर से दावत खाकर वापस अपने गांव जफरपुर जा रहे थे। तभी बाइक सवार मनवीर पुत्र जमुना सिंह निवासी न्योरा थाना रजपुरा उनके साथ में बैठी कविता पत्नी मोहर सिंह व लक्ष्मी पुत्री मोहर सिंह निवासी गंगुर्रा थाना जुनावई की टक्कर हो गयी। बाइक सवार मनवीर अपने गांव से सास और साली को घर पहुचाने जा रहा था। तब जगन्नाथपुर पर मोटरसाइकिल व बाइक में भिड़ंत हो गयी।जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया।जहाँ उनका उपचार किया।

# सड़क सुरक्षा माह में छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राज्य सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा माह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।

एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. डा. योगेन्द्र सिंह ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।।सड़क सुरक्षा से संबंधित जन सहभागिता और ज्ञानवर्धन हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओ ने बढ़ चढ़ कर सहभागिता की।।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. योगेन्द्र सिंह ने कहा कि सड़क मार्ग पर वाहनों की संख्या अधिक होने से दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए जनजागरुकता के लिए यह अभियान वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। सड़क पर निकलते समय सभी को सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखना चाहिए। दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए। सड़क सुरक्षा अभियान प्रभारी डा. फहीम अहमद ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह जनवरी के अंतर्गत महाविद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं के साथ रैली द्वारा भी जन सामान्य में सड़क सुरक्षा संबंधित जागरूकता उत्पन्न की जाएगी। इस अवसर पर प्रो. डा. आबिद हुसैन, प्रो डा. निरंकार सिंह, डा. मोहम्मद इमरान खान, डा. निलेश कुमार, डा. नेमपाल सिंह, डा. जोहरा जबीं, डा. अजय कुमार, डा. नवीन यादव, डा. आनंद सिंह, डा. राजकमल सरोहा डा. मीनाक्षी गोयनका, डा. राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



सम्भल। सड़क सुरक्षा को जागरूकता की शपथ दिलाते एमजीएम के प्राचार्य।

# ढाई सौ किमी दूर रक्त देकर शहजाद सैफी ने बचाई जान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** हरियाणा के फरीदाबाद में हुए सड़क हादसे में घायल मरीज मोममीन को इलाज के दौरान ऑपरेशन के समय अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ गई। मरीज की हालत गंभीर होने पर परिजन रक्त की व्यवस्था को लेकर परेशान हो गए। इसी दौरान सम्भल जिले के खानपुर बंद निवासी पत्रकार शहजाद सैफी आगे आए और बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। बताया गया कि हादसे के करीब सात दिन बाद मरीज की तबीयत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने तत्काल रक्त की जरूरत बताई थी। सूचना मिलते ही शहजाद सैफी अपने भाई के साथ फरीदाबाद पहुंचे और समय पर रक्तदान किया, जिससे ऑपरेशन सफल रहा और मरीज की हालत में सुधार हुआ। शहजाद सैफी के इस सराहनीय कदम से मरीज की जान बच सकी। अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकों और मरीज के परिजनों ने उनके इस नेक कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की। परिजनों ने राहत की सांस लेते हुए उनका आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि शहजाद सैफी अब तक सात से आठ बार रक्तदान कर चुके हैं। उनका कहना है कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है और उनका उद्देश्य बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंद मरीजों की जान बचाना है। क्षेत्रवासियों ने इस मानवीय पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे युवाओं से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है और जरूरत के समय कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।



सम्भल। हरियाणा के फरीदाबाद में रक्त दान करते शहज़ाद सैफी।

# क्षेत्र में बेरोजगारी कम करने को लागएं स्टील प्लांट

○व्यापारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार से की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** व्यवसाइयों ने केंद्र व राज्य सरकार से क्षेत्र में एक स्टील प्लांट लगाए जाने की मांग की है। जिससे क्षेत्र में व्याप्त बेरोजगारी को कम किया जा सके और युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। व्यवसायियों ने क्षेत्र में भारी उद्योगों की स्थापना की बात कही गयी। जिससे युवाओं को घर में रोजगार के अवसर प्राप्त हों। बेरोजगारों को क्षेत्र से बाहर रोजगार की तलाश में भटकना पड़ रहा है। उमेश गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में प्लांट के लिए काफी जमीन है। आवागमन के पर्याप्त साध न है। उद्योग की स्थापना से विकास की गति तेज हो [illegible] कहा कि इससे क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हो जाएगा ।रोजगार प्राप्ति के अवसर उपलब्धा होंगे। क्षेत्र में विकास के लिए भारी उद्योगों की आवश्यकता है। दिनेश कौशल ने कहा कि उद्योग स्थापना से क्षेत्र में खुशहाली आएगी। युवाओं को क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हो सकेगा। अन्य शहरों में काम के लिए भटकते नहीं घूमेंगे। योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र में भारी उद्योग की स्थापना से अन्य रोजगारों को भी गति मिलेगी। क्षेत्र में बाजार का विकास होगा। क्षेत्र में प्लांट के समीप भी मार्केट आदि की स्थापना होगी। जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र में भारी उद्योग की स्थापना क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए बेहद जरूरी है। केंद्र व राज्य की सरकार क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना कराएं।









# जीएमडी रोड से बुध बाजार चौराहा तक नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया सख्त अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और आमजन को पैदल चलने में होने वाली परेशानियों से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। यह अभियान जीएमडी रोड से लेकर बुधबाजार चौराहा तक व्यापक स्तर पर संचालित किया गया।अभियान के दौरान सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, खोमचे, अस्थायी दुकानों और अन्य अतिक्रमणों को हटाया गया।



प्रवर्तन टीम ने दुकानदारों और ठेला संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कई स्थानों पर सड़क पर खड़े वाहनों को भी हटवाया गया, जिससे यातायात बाधित हो रहा था।इस अभियान का नेतृत्व नगर निगम की प्रवर्तन टीम के प्रभारी अवनीश गौतम ने किया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो जाती हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है और पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

नगर निगम का उद्देश्य शहर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाना है।अवनीश गौतम ने कहा कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी को भी सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि ऐसे अभियानों से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा।

# शराब के नशे में धुत पुलिसकर्मियों ने होटल संचालक के साथ की अभद्रता, वीडियो बनते ही भागे

**ठाकुरद्वारा।** नगर की कोतवाली में तैनात दो उपनिरीक्षकों और एक कांस्टेबल ने शराब के नशे में धुत होकर एक होटल संचालक के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया। घटना तब हुई जब होटल संचालक ने प्याली के बजाय दौने में सब्जी परोस दी। मामले की वीडियो बनने पर पुलिसकर्मी मौके से धमकी देते हुए चले गए। बीती रात कोतवाली के निकट एक होटल पर यह वारदात हुई। जानक. ारी के अनुसार, नशे की हालत में पहुंचे पुलिसकर्मियों ने खाना मांगा। एक उपनिरीक्षक ने प्याली में सब्जी मांगी, लेकिन संचालक ने प्याली के गंदे होने और समय के अभाव का हवाला देते हुए दौने में सब्जी दे दी। इससे नाराज होकर पुलिसकर्मी भड़क उठे और होटल संचालक के साथ अशालीन भाषा व गलत व्यवहार करने लगे। होटल संचालक ने पुलिसकर्मियों का मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो वे मौके से देख लेने की धमकी देते हुए चले गए। होटल संच. ालक ने बताया कि पुलिसकर्मी साफ तौर पर शराब के नशे में थे। बतादें कि यह घटना नगर में पुलिसकर्मियों के ऐसे व्यवहार पर फिर से सवाल खड़े करती है। गत दिनों ही मोहल्ला तिकोनिया बस स्टैंड के पास एक होटल पर दरोगा व कांस्टेबल द्वारा खाने के पैसे मांगने व मारपीट और होटल में तोड़फोड़ की घटना सामने आई थी, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दोनों को निलंबित किया था। अब नई घटना ने नगरवासियों में फिर से असुरक्षा और आक्रोश पैदा किया है। सवाल यह है कि कोतवाली परिसर के कुछ कमरों में सायं होते ही मेहखाने सजने शुरू हो जाते है। बतादें कि ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के नशे में रहने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में, जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारी अगर स्वयं नशे की हालत में हों, तो आम नागरिकों के प्रति उनके व्यवहार और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। इस मामले में नगर की जनता अब कोतवाली में सजने वाले मेहखानों पर अंकुश लगाया जाए और डयूटी पर शराब के नशे में रहने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभियान चलाकर शराब का सेवन करने वाले दोषी कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

# बूथों पर हुआ मतदाता सूची का प्रकाशन कई बूथ पर नहीं पहुंचे बीएलओ



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आज बूथों पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। लेकिन काफी बूथ कम्युनिकेशन गैप के चलते प्रकाशन करने से महरूम रह गए। बतादे कि आज बूथों पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना था जो सक्रिय बीएलओ थे उन्होंने अपने-अपने बूथों पर जाकर प्रकाशन कर दिया।

लेकिन कई बीएलओ ऐसे भी थे जो जानकारी न होने के अभाव में प्रकाशन नहीं कर पाए। चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार प्रकाशन के उपरांत 6 फरवरी तक दावे एवं आपत्ति मांगी गई है, 11 जनवरी को सभी बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा आलेख मतदाता सूची को पढ़ा जाना है।

# मारपीट की रिपोर्ट एक सप्ताह बाद तीन के खिलाफ दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने रास्ते में रोक कर मारपीट करने के आरा. ेप में तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है थाना छजलेट के गांव दाढ़ी महमूदपुर निवासी हनीफ पुत्र हबीब का आरोप था कि 29 दिसंबर की शाम को करीब 6:45 बजे उसका पुत्र उवैस आलम व परवेज आलम बाइक से जिवाई होकर अपने घर वापिस आ रहे थे जैसे ही वह फतेहपुर बिश्नोई गांव के मोड पर पहुंचे तो पीछे से दो बाइक पर सवार व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया जिनमें से फरीद पुत्र नामालूम निवासी पाकबाड़ा ब कासिम पुत्र अनीश निवासी समाथल को उन्होंने पहचान लिया आरोप है कि उक्त लोगों ने दोनों बेटों के साथ गाली गलौज करते हुए लात घूंसों व लाठी हाकी से मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

इस मारपीट में उवेश के काफी चोट आई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# बिना अनुमति आम के पेड़ काटने पर किसान और ठेकेदार पर रिपोर्ट दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** बिना अनुमति आम के पेड़ काटने पर बन दरोगा की तहरीर से पुलिस ने किसान और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया गया कि बन दरोगा अमरजीत सिंह क्षेत्र में गश्त करते हुए पानीपुरा जंगल की ओर पहुंचे तो वहां पर उन्हें 20-25 आम के पेड़ कटे हुए दिखाई दिए। पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त खेत भगवान दास पुत्र हरज्ञान सिंह व उसके भाइयों का है और यह पेड़ भगवानदास द्वारा कटवाए गए हैं इस मामले की जांच लेखपाल को दी गई लेखपाल की जांच में पता चला कि भगवान दास पुत्र हरज्ञान सिंह फजलाबाद का रहने वाला है और आम का बाग उसी के नाम पर दर्ज है।

पूछताछ में बताया गया कि उक्त पेड़ ठेकेदार रिसालत खान पुत्र अज्ञात निवासी सहसपुर थाना स्योहारा द्वारा काट कर ले जाए गए हैं। पूरी जानकारी करने के बाद अमरजीत सिंह ने कांठ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने किसान और ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# स्मार्ट बैंड डिवाइस अनिवार्य होगा हज यात्रियों के लिए

**कांठ ( शाह टाइम्स )** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2026 को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए एक नई व्यवस्था लागू की है। इस वर्ष सऊदी अरब जाने वाले सभी भारतीय हज यात्रियों को एक षविशेष स्मार्ट बैंडष दिया जाएगा, जो अनिवार्य रूप से पहनना होगा।इस डिवाइस में कॉलिंग सुविधा, एसओएस इमरजेंसी बटन, रीयल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग, किबला कंपास, नमाज के समय का अलर्ट, स्वास्थ्य मॉनिटरिंग (जैसे हृदय गति, ऑक्सीजन स्तर और पेडोमीटर) जैसी कई आधुनिक विशेषताएं शामिल होंगी। हालांकि, यह सुविधा मुफ्त नहीं होगी।

प्रत्येक यात्री को इसके लिए 5000 रुपये चुकाने पड़ेंगे। यह स्मार्ट बैंड मुख्य रूप से बुजुर्ग और उन यात्रियों के लिए डिजाइन किया गया है, जो स्मार्टफोन ऐप का उपयोग करने में असुविधा महसूस करते हैं। हज यात्रा के दौरान मक्का और मदीना में लाखों की भीड़ में यात्री अक्सर अलग-थलग पड़ जाते हैं या आपात स्थिति में मदद नहीं मांग पाते। बैंड को हज सुविधा ऐप से जोड़ा जाएगा। इससे जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के कंट्रोल रूम से यात्रियों की लोकेशन की निगरानी हो सकेगी। एसओएस बटन दबाने पर तुरंत अलर्ट जाएगा और सहायता टीम पहुंच सकेगी।

# जनवरी माह का राशन वितरण 8 से 28 जनवरी तक होगा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** खाद्य विभाग ने जनवरी माह का निशुल्क राशन वितरण 8 जनवरी से 28 जनवरी तक कराए जाने का निर्णय लिया है। इसमें बताया गया कि आवंटित गेहूं चावल बाजरा तथा ज्वार की उचित दर विक्रेता स्तर पर उपलब्धता 7 जनवरी तक कर ली जाएगी इसके बाद 8 जनवरी से राशन वितरण होगा। उचित दर विक्रेता द्वारा उठान की स्थिति को रियल टाइम अपडेट किया जाना अनिवार्य कर दिया है। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो चालान की मात्रा ई पॉश मशीन पर अपडेट नहीं हो पाएगी और इससे वितरण कार्य बाधित हो जाएगा। जिन ब्लॉकों में सिंगल स्टेज डिलीवरी की व्यवस्था क्रियान्वित है वहां संबंधित पूर्ति निरीक्षक द्वारा सिंगल स्टेट डिलीवरी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी जिलाधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगे दुकान पर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन उप जिला अधिकारी द्वारा उक्त नोडल अधिकारी के माध्यम से कराया जाएगा। इस संबंध में समय सीमा के भीतर विभाग के निर्देशानुसार खाद्यान्न वितरण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# संतान की सुख-समृद्धि के लिए रखा संकट चौथ का व्रत



**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में मंगलवार को सकट चौथ का पर्व मनाया गयास माताओं ने संतान की लंबी आयु सुख शांति के लिए कामना की स हिंदू धर्म में माघ महीने की चतुर्थी को यह पर्व मनाया जाता है।

इसे संकष्टी चतुर्थी, तिलकुट चौथ भी कहा जाता है। यह व्रत विशेष रूप से माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छी सेहत और सुख-समृद्धि के लिए रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार, माघ मास की इसी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश ने अपने जीवन का सबसे बड़ा संकट टाला था और अपनी बुद्धि का लोहा मनवाया था।

इसी दिन उन्होंने अपने माता-पिता (शिव-पार्वती) की परिक्रमा कर यह सिद्ध किया था कि माता-पिता के चरणों में ही समस्त ब्रह्मांड का वास है।

# बड़ी उपलब्धि: टीएमयू को नवाचार अवॉर्ड से नवाजा

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी को एमआईसी और एआईसीटीई की ओर से उत्कृष्ट नेतृत्व नवाचार संवर्धन और छात्र-मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मिला यह अवॉर्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने इन्नोवेशन में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आईआईसी रीजनल मीट- 2025 में टीएमयू को बेस्ट इन्नोवेशन एम्बेसडर अवार्ड दिया गया है। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशंस इन्नोवेशन सेल- एमआईसी और एआईसीटीई की ओर से टीएमयू को यह अवार्ड उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार संवर्धन और छात्र-मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मिला है। उल्लेखनीय है, टीएमयू के स्मार्ट ड्यूल- एक्सिस सोलर ट्रैकिंग सिस्टम, गोल्डन एजर- बुजुर्गों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य एवं वेलनेस मॉनिटरिंग सिस्टम और पोर्टेबल कंप्रेस्ड बायोगैस किट फॉर टू-व्हीलर्स सरीखे तीन इन्नोवेशन आईआईसी रीजनल मीट में युक्ति इन्नोवेशन चौलेंज- 2025 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित भी हुए। मीट में देशभर के 170 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों ने शिरकत की। टीएमयू की ओर से आईआईसी कोऑर्डिनेटर श्री प्रदीप कुमार वर्मा ने यह अवार्ड प्राप्त किया। इस मौके पर ईसीई विभाग के श्री प्रशांत कुमार भी मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियो को प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम- एनईटीएफ, ईसी राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद एवम् एनबीए के अध्यक्ष प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे ने बतौर मुख्य अतिथि उम्मीद जताई, इंडिया को इन्नोवेशन-ड्रिवन नेशन बनाने के लिए एनईपी- 2020 का क्रियान्वयन जरूरी है। टीएमयू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में बीटेक ईसी की छात्रा खुशबू खन्ना का प्रोजेक्ट- स्मार्ट ड्यूल- एक्सिस सोलर ट्रैकिंग सिस्टम रीयल-टाइम सोलर पोजिशन एल्गोरिद्म पर आधारित है। यह सूर्य की स्थिति को सटीक रूप से ट्रैक कर सोलर पैनलों की ऊर्जा दक्षता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करता है। यह प्रोजेक्ट नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को अधिक प्रभावी बनाता है। टीएमयू के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की फैकल्टी डॉ. शिप्रा सक्सेना और बीडीएस स्टुडेंट्स कनक शर्मा के इन्नोवेशन- गोल्डन एजर- बुजुर्गों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य एवं वेलनेस मॉनिटरिंग सिस्टम से वरिष्ठ नागरिकों की दैनिक स्वास्थ्य निगरानी को सरल और डिजिटल बनाया जा सकता है। इसमें वेलनेस मॉनिटरिंग, स्वास्थ्य संकेतकों का ट्रैकिंग और समय पर अलर्ट सरीखी सुविधाएं शामिल हैं। बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के स्टुडेंट्स- अंकित सिंह एवम् मो. इरशाद का पोर्टेबल कंप्रेस्ड बायोगैस किट फॉर टू-व्हीलर्स इन्नोवेशन कम-लागत एवम् पर्यावरण हितैषी किट दोपहिया वाहनों में कंप्रेस्ड बायोगैस-सीबीजी के उपयोग को बढ़ावा देती है। इसका उद्देश्य ग्रीन मोबिलिटी को सशक्त बनाना और पेट्रोल निर्भरता को कम करना है।




# मोबाइल झपटमारी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल बरामद



**बिलारी।** थाना क्षेत्र में हुई मोबा. इल झपटमारी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरो. पियों की पहचान उरमान पुत्र छोटे और अरमान पुत्र स्व इसराइल, निवासी ग्राम अलावलपुर थाना बनियाठेर जिला संभल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 5 जनवरी की शाम ग्राम जमालपुर निवासी एक युवक से बाइक सवार दो युवकों ने चलती सड़क पर झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया था। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और छीना गया मोबा. इल फोन बरामद कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने वारदात को स्वीकार किया है।

पुलिस का कहना है कि आरो. पियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल दोनों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।

# योगशाला में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** योगशाला में योग सत्र के बाद योग परिवार के तत्वाधान में संयुक्त रूप से सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कुछ समय पूर्व बिलारी क्षेत्र के टांडा अमरपुर गांव निवासी समाजस. ेवी अखिलेश सिरोही जी ने बिलारी नगर में नगर पालिका में संचालित योगशाला में योग परिवार संगठन के लिए इनवर्टर और बैटरा दान स्वरूप योगशाला में भेंट किया था.जिससे योगशाला में योग करने वाले साधकों को लाभ मिला विद्युत आपूर्ति चले जाने पर गर्मियों में सीलिंग फैन और सर्दियों में प्रकाश की व्यवस्था निरंतर बनी रहती है। योग परिवार के सभी साधकों द्वारा संयुक्त रूप से अखिलेश सिरोही का सम्मान शाल ओढ़ाकर और मिष्ठान भेंट कर किया गया कार्यक्रम में निहाल सिंह लाठर, नरेंद्र सिंह,राकेश कुमार चंद्रवंशी, अजय राठी, मुकुल पांडे,संजय सक्सेना, वृत पाल सिंह, बाबूलाल चक्रवर्ती, रामचंद्र आदि रहे।

# भारतीय किसान यूनियन भानू ने अवैध रूप से पेड़ों के कटान के मामले में डीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए शीशम के पेड़ों के अवैध कटान के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। यूनियन का आरोप है कि ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के गांव रहटा माफी में ग्राम प्रधान द्वारा केवल 30 से 35 शीशम के पेड़ों के कटान की अनुमति ली गई थी, लेकिन इसके विपरीत अवैध रूप से लगभग 70 से 80 पेड़ों को कटवा दिया गया।ज्ञापन में कहा गया है कि इस गंभीर मामले की शिकायत पहले ही उच्च अधिकारियों से की जा चुकी है और एसडीएम ठाकुरद्वारा को भी लिखित रूप में अवगत कराया गया था, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। भारतीय किसान यूनियन भानू ने आरोप लगाया कि अवैध कटान में ग्राम प्रधान के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों की भी भूमिका संदिग्ध है।यूनियन ने मांग की है कि दोषी ग्राम प्रधान और शामिल अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तथा कटे हुए पेड़ों की नीलामी की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई भी कराई जाए।

यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वह अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 20 जनवरी को मुरादाबाद स्थित आंबेडकर पार्क में बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित करता हूं कि सुलेमान पुत्र अब्दुल अजीज ने अपने मकान स्थित मौहल्ला ईदगाह नगर तहसील व जिला अमरोहा को बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है जिससे संबंधित प्रथम मूल विक्रय पत्र दिनांक 31.10. 2014 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 7116 पेज 121/146 क्रमांक 20199 जो फहीम अहमद पुत्र हाजी जरीफ अहमद ने नन्ही पत्नी रईस अहमद के पक्ष में निष्पादित किया था और जिससे संबंधित द्वितीय मूल विक्रय पत्र दिनाक 10.12.2014 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 7198 पेज 341/362 क्रमांक 22665 जो यासमीन कौसर पत्नी फहीम अहमद ने अशरफ अली पुत्र इशारत उल्ला के पक्ष में निष्पादित किया था और जिससे संबंधित तृतीय मूल विक्रय पत्र दिनांक 02.02.2012 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 5220 पेज 31/52 क्रमांक 1850 जो फरजाना बेगम उर्फ गुडडों पत्नी अनवर हुसैन उर्फ मन्ना ने यासमीन कौसर पुत्री अला. उद्दीन के पक्ष में निष्पादित किया थाऔर जिससे संबंधित चौथा मूल विक्रय पत्र दिनाक 13/10/2009 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 3850 पेज 335/348 क्रमांक 14442 जो नूर जहां पत्नी फुरकान अहमद ने फरजाना बेगम उर्फ गुडडों पत्नी अनवर हुसैन के पक्ष में निष्पादित किया था वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति, विक्तीय संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। राजीव चौधरी एडवोकेट, विधिक सलाहकार, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी चैंबर नम्बर 88/ सी कचहरी परिसर मुरादाबाद।

**मोबाइल नंबर 9219538726**

## खोया-पाया सूचना

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2005 रोल नम्बर 0769869 व इंटरमीडिएट वर्ष 2007 रोल नंबर 039632 की मार्कशीट व सनद वास्तव में कही खो गए हैं। **अंकुर राजपूत पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी टीचर्स कॉलोनी धामपुर।**

# कल मुरादाबाद की टीम ने जौनपुर तो आज बिजनौर की टीम ने मुरादाबाद को हराया



**कांठ ( शाह टाइम्स )** लखनऊ में आयोजित बेसिक टीचर्स क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को मुरादाबाद की टीम ने जौनपुर को हराया था लेकिन मंगलवार को मुरादाबाद की टीम को बिजनौर ने 8 रनों से पराजित कर दिया स बिजनौर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर्स में 10 विकेट खोकर 135 रन बनाये, जवाब में मुरादाबाद की टीम 6, विकेट खोकर 127 रन बना सकी, मुरादाबाद की तरफ से आशीष ने 45 रन, निजाम ने 35 व रजत ने 21 रन बनाये, निजाम को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज बुधवार को करो या मरो के मुकाबले में मुरादाबाद की टीम का संभल की टीम से मुकाबला होगा।

# चोरों ने मंदिर और दुकान में की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मद सादिकपुर में चोरों ने मंदिर और दुकान में चोरी कर ली। इस मामले को लेकर अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। 30 जनवरी की रात को चोर गांव के सुभाष चंद्र शर्मा पुत्र रामप्रसाद के घर के बाहर बनी दुकान से एक तेल का पीपा, जरूरी सामान व गल्ले में रखे रुपए चोरी करके ले गए। उनका घर चामुंडा मंदिर के पास स्थित है, मंदिर पर दान पात्र रखा हुआ था।

जिसमें जंजीर लगी हुई थी। चोर दान पात्र को तोड़कर उसमें रखे पैसे भी चुराके ले गए। अब मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज किया है।

# मुरादाबाद पहुंचने पर डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का हुआ भव्य स्वागत, विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष, हिंदू हृदय सम्राट एवं विश्व विख्यात कैंसर सर्जन डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का मंगलवार को मुरादाबाद महानगर में आगमन हुआ। डॉ. तोगड़िया दोपहर लगभग 3 बजे बिजनौर से मुरादाबाद पहुंचे। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना के नेतृत्व में अगवानपुर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत एवं अगवानी की गई।इसके उपरांत डॉ. तोगड़िया को शहर का कांठ रोड स्थित सचिन सिंघल के निवास पुष्पांजलि पर ले जाया गया, जहां स्वागत चाय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद निर्धारित समयानुसार सायं 4:30 बजे डॉ. तोगड़िया आईएमए भवन पहुंचे, जहां मुरादाबाद के चिकित्सकों एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।आईएमए भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रमुख सेवा प्रकल्प "इंडिया हेल्थ लाइन" एवं "हिंदू हेल्पलाइन" के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सेवा प्रकल्प समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और सहायता पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। साथ ही उन्होंने जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाकर रोगों से मुक्ति पाने के विषय में भी चिकित्सकों को मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में परम श्रद्धेय जगतगुरू जगदाचार्य साध्वी राघवेंद्री जी महाराज, राजू महंत, ईश्वरी प्रसाद राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत नरखेड़ा
### विकास खण्ड मूंढ़ापांडे (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो/परावि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 06.01.2026

### अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत नरखेड़ा वि0 ख0 मूंढापाण्डे, मुरादाबाद की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। उक्त हेतु पंजीकृत ठेकेदार (सामग्री) दिनांक 05.01.2026 से 09.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें (सामग्री) अपने पंजीकृत प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 09.01. 2026 को अपरान्ह 03:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से बब्बू/गफ्फार के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 146828 | 2% | 100 | 1 माह |
| 2 | मैन रोड से आलिम टेलर के घर तक नाली व सीसी टाईल्स नि. कार्य। | 136893 | 2% | 100 | 1 माह |
| 3 | रिजवान वकील के गेट से महबूब व शमशाद के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 274103 | 2% | 100 | 1 माह |
| 4 | मैन रोड पुलिया से वाजिद व तौहीद के घर तक नाली निर्माण व दीवार कार्य। | 287680 | 2% | 100 | 1 माह |
| 5 | मिलक प्रा. स्कूल के पास बाउण्ड्री निर्माण कार्य। | 200150 | 2% | 100 | 1 माह |
| 6 | नासिर के खेत से बड़ा तालाब तक नाला नि. कार्य। | 201790 | 2% | 100 | 1 माह |
| 7 | यसीन पधान के खेत से छोटे तालाब तक नाला नि. कार्य | 190753 | 2% | 100 | 1 माह |
| 8 | मौ. अहमद के गेट से भूरा के घर तक नाली नि. कार्य। | 153890 | 2% | 100 | 1 माह |

**नियम व शर्तें:**-(1) सामग्री की मात्रा का निर्धारण कार्य स्वीकृति के पश्चात किया जायेगा। (2) आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर ही की जायेगी। (3) सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। (4) सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर की जायेगी। (5) प्रस्तुत दर पी0डब्यू0डी0 की स्वीकृति दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। (6) सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। (7) सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-नरखेड़ा**
**विकास खण्ड मूंढापांडे, मुरादाबाद**

# संदिग्ध परिस्थितियों में सिक्योरिटी गार्ड की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एक सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान पपली के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मुरादाबाद जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव सरथल का रहने वाला था।हाल में वह सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के सराय खालसा मोहल्ले में केतन नामक व्यक्ति के मकान में किराए पर रह रहा था।पपली सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ही जिगर कॉलोनी में एक चिकित्सक के यहां सिक्योरिटी गार्ड के रूप में।कार्यरत था। बताया गया कि रोजाना की तरह वह अपने कमरे में सोने गया था, लेकिन मंगलवार की सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला।कई बार आवाज देने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो मकान मालिक केतन को शक हुआ। इसके बाद उन्होंने तुरंत सिविल लाइंस थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोला गया। कमरे के अंदर पपली मृत अवस्था में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि पपली की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।उधर, सिक्योरिटी गार्ड की मौत की खबर जैसे ही उसके गांव और परिवार तक पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस का कहना है कि आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

# जनपद में एसआईआर अभियान के बाद ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के समापन के बाद मंगलवार को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। इस संबंध में एक मीटिंग का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई है।जिला प्रशासन के अनुसार SIR अभियान से पहले जनपद में लगभग 24 लाख 69 हजार मतदाता पंजीकृत थे। अभियान के दौरान गहन जांच के बाद करीब 20 लाख 70 हजार से अधिक मतदाताओं के फॉर्म डिजिटाइज किए गए। प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल 20,71,844 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। प्रशासन ने बताया कि लगभग 1,96,201 मतदाता 'नो-मैपिंग' श्रेणी में पाए गए हैं। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार इन मतदाताओं को नोटिस जारी कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के साथ ही दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसके लिए लगभग एक माह का समय दिया गया है। इसके बाद करीब 20 दिनों में सभी दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। जहां मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक पाई गई, वहां नए बूथ बनाए गए हैं। जिला अधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ की जा रही है और राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## एक नजर

### कुन्दरकी के गांव मिलक बहापुर में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, किया विरोध प्रदर्शन



**कुन्दरकी।** ब्लॉक के गांव मिलक बहापुर में लगातार हो रही बिजली कटौती से आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति के स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन गांव में इनका पालन नहीं हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार तय समय पर बिजली उपलब्ध नहीं हो पाती। दिन में कई-कई घंटे बिजली गुल रहती है और रात के समय अचानक आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। इससे घरेलू कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है, वहीं बच्चों की पढ़ाई में भी भारी दिक्कतें आ रही हैं। किसानों ने बताया कि बिजली न होने से उनकी दिनचर्या और कृषि कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुधार नहीं किया गया। इससे गांव में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हीरालाल सैनी, लखन सिंह, जगत सिंह, मनोर सिंह, राकेश सैनी और सूरजपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

### तलवार बांटने के विरोध में कुन्दरकी में एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने बांटी कलम और गुलाब



**कुन्दरकी।** हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा तलवार बांटने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित है, जिस मामले को लेकर आज नगर कुन्दरकी में एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तलवार के बजाय कलम और गुलाब के फूल बांटते हुए समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि हिंसा और नफरत से नहीं, बल्कि शिक्षा, प्रेम और आपसी सद्भाव से समाज मजबूत होता है। कलम ज्ञान का प्रतीक है और गुलाब शांति व भाईचारे का, इसी संदेश को जनता तक पहुंचाने के लिए यह पहल की गई। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद वारिस (प्रत्याशी विधानसभा 29 कुन्दरकी), मोहम्मद आलमगीर (विधानसभा अध्यक्ष कुन्दरकी), हाजी सलीम (प्रदेश सचिव), हाजी अफरोज (प्रदेश सचिव), डॉक्टर नूर (विधानसभा सचिव), शोएब अहमद, ठाकुर रणजीत सिंह, मुनासिब अहमद (विधानसभा सचिव), तजमुल ताल्हा (नगर अध्यक्ष कुन्दरकी) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की।

### जिलाधिकारी ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

**चन्दौसी।** शासनादेश के निर्देशानुसार नगर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक संभल के.के. बिश्नोई ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ शहर के वार्ड संख्या 01 स्थित चुन्नी मोहल्ला एवं वार्ड संख्या 05 का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मलीन बस्तियों में रहने वाले लोगों से साफ-सफाई को लेकर बातचीत कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सफाईकर्मियों की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही कूड़े के ढेर हटाकर संबंधित स्थलों का सौंदर्यीकरण कराया जाए, ताकि स्वच्छता अभियान का प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे। निरीक्षण के दौरान सफाई निरीक्षक, सभासद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गांव के प्रवेश मार्ग में बने तालाब में होकर निकलने को मजबूर ग्रामीण

## गांव में प्रवेश करने वाले रास्तों में भरा रहता है गंदा पानी, रास्ता हुआ तालाब में तब्दील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** ब्लाक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत रीठ का मजरा मुमरेजपुर उर्फ सुल्तानपुर में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्गों पर गांव का गंदा पानी व कीचड़ भरी रहती है जिससे सड़क ने तालाब का रूप ले लिया है। ग्रामीण बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को गांव से बाहर खेतों पर या अन्य कही आने-जाने के लिए मुख्य रास्ते में भरे दलदल में होकर ही गुजरना पड़ रहा है।

स्कूल जाने वाले नौनिहाल छात्र-छात्राओं को पानी में होकर जाते समय बहुत परेशानी उठानी पड़ती है तथा कभी कभार बच्चे पानी में गिर भी जाते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पानी का निकास न होने से पानी गांव के प्रवेश मार्ग पर ही जमा होता रहता है। पानी के निकास को गांव के नजदीक बने तालाब तक नाला नहीं होने के कारण पानी सड़क पर भरा रहता है जिससे गंदे पानी में होकर ही गांव वालों को निकलना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व उच्च अधिकारियों से ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद भी ग्रामीणों को इस दलदल से राहत नहीं मिली है। ग्रामीण कल्याण सिंह ने बताया कि वह कई बार जिले के उच्च अधिकारियों से गांव में रास्तों पर पानी भरे रहने की समस्या लेकर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराते हुए नाला निर्माण की मांग कर चुके हैं परंतु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीण नेत्रपाल सिंह ने बताया कि गांव के घरों से निकलने वाले पानी के निकास के लिए नाला न होने से पानी सड़क पर ही भरा रहता है यह समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है जिले के उच्च अधिकारियों से हम लोग मांग करते हैं कि हमारी समस्या का समाधान शीघ्र कराया जाए।

ग्रामीण राजपाल सिंह ने बताया कि यह समस्या चार-पांच वर्षों से बनी हुई है। गांव के दोनों ओर प्रवेश करने वाले रास्तों में पानी भरा रहने से पैदल भी निकलना दूभर है इसलिए हमारे गांव में युवाओं की शादी तक होनी मुश्किल पड़ रही हैं। हम सभी गांव वालों की मांग है कि गांव के पानी के निकास के लिए शीघ्र ही नाला निर्माण कराया जाए ताकि हम लोग भी स्वच्छ वातावरण में रह सकें।

# सड़क किनारे हुए गड्ढों से हादसे का खतरा

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी के निकट चन्दौसी-रीठ गुरसरी मार्ग पर रोड किनारे हुए बड़े-बड़े गड्ढों से रोड पर गुजर रहे वाहनों को हादसे होने का खतरा बना है और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व निर्माण कार्यदायी संस्था भी अनजान हैं। बिचौटा चौराहे से बेरनी-रतनपुर कोकावास नबादा होकर चन्दौसी जाने वाले रोड पर गैस एजेंसी के निकट रोड किनारे गड्ढे बने हैं जिनसे रात के समय या कोहरे में आते जाते या वाहन को बचाते समय हादसा होने का खतरा बना रहता है। चन्दौसी से बेरनी रतनपुर होते हुए रीठ गुरसरी तक बाईस किलोमीटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

परन्तु सड़क के किनारे बने गड्ढे दूर से दिखाई नहीं देते हैं और कार्यदायी संस्था ने भी इन गड्ढों पर ध्यान नहीं दिया है जिससे रोड पर वाहन चालकों के साथ हादसा होने की आशंका बनी रहती है। संतोष कुमार, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सड़क किनारे बने गड्ढों को जल्दी ही सही कराया जायेगा।

## पुलिस की निष्क्रियता का फायदा उठा चोरों ने कृषि विभाग के गोदाम में मचाया तांडव ब्लॉक कर्मचारी ने पकड़ने का किया प्रयास

**ठाकुरद्वारा।** कड़ाके की ठंड ने जहां नागरिकों को घरों में कैद कर दिया है, वहीं अज्ञात चोरों ने इसका फायदा उठाकर नगर में आतंक मचा रखा है। नगर के एक ब्लॉक परिसर में स्थित कृषि विभाग के गोदाम से हजारों रुपये की मशीनें चुराने का चोरों का एक और साहसिक प्रयास रात के अंधेरे में किया। हालांकि एक सतर्क ब्लॉक कर्मचारी रिंकू पहलवान को आता देखकर चोर मशीनें छोड़कर फरार होने में कामयाब रहे, लेकिन इस घटना ने इलाके में पुलिस की निष्क्रियता और बढ़ते अपराध पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। रात की कड़ाके की ठंड और सुनसान ब्लॉक परिसर का लाभ उठाते हुए कुछ अज्ञात चोर पड़े खंडहर के रूप में तब्दील कृषि विभाग के एक गोदाम में घुस गए। चोरों ने खंडर की दीवार तोडकर गोदाम से हजारों रुपये मूल्य की कृषि मशीनें निकालनी शुरू कर दीं। इसी दौरान घटनास्थल के निकट रहने वाले एक ब्लॉक कर्मचारी को आहट सुनाई दी और उसने चोरों को पकड़ने के लिए दौड़ लगा दी, कर्मचारी के आने की आहट पाकर चोरों ने मशीनें वहीं छोड़ दीं और अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। ब्लॉक कर्मचारी चोरों को रोक नहीं सका, लेकिन उसने तुरंत आसपास के लोगों को सूचित किया और पुलिस को फोन लगाया। पुलिस के आने तक निवासी घटनास्थल पर एकत्रित रहे। पुलिस का कहना है कि वह फरार चोरों के पीछे लगी है और जल्द उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई और ब्लॉक परिसर सहित शहर के अन्य संवेदनशील इलाकों में बेहतर गश्त तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

उनका कहना है कि केवल मामला दर्ज करना काफी नहीं है, अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस और दिखाई देने वाले प्रयास होने चाहिए। कृषि विभाग के कर्मचारी ने इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर नही दी है।

## सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने दिया ज्ञापन

**मुरादाबाद।** मंगलवार को सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के आव्हान पर जिला मुख्यालय पर ध्यानाकर्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के जनपद सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनपद मुरादाबाद के सभी सेवारत एवं सेवानिवृत्त सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है।ज्ञापन में उक्त प्राविधानों को वापस लेने और पेंशनर्स के हित में न्यायोचित संशोधन की मांग की गई है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इंजीनियर्स उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से इं0 यासिर अराफात, प्रांतीय सचिव, इं0 राकेश कुमार मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद, इं0 मनोज कुमार मंडल उपमहासचिव, इं0 सत्यप्रकाश अरुण जनपद अध्यक्ष, इं0 अरविन्द कुमार, इं0 मुकेश कुमार, इं0 अमरीश कुमार, इं0 सतेन्द्र कुमार, इं0 नीरज कुमार, इं0 राजीव कुमार सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# सुबह से कोहरे और पाले का कहर

## बर्फीली हवा से बढ़ी ठंड के कारण लोग घरों में कैद



**ठाकुरद्वारा। कड़ाके** की ठंड और घने कोहरे की चादर ने मंगलवार को नगर के जनजीवन को पूरी तरह से ठप कर दिया। भीषण शीतलहर व गलन भरी ठंड के कारण लोग घरों में कैद हो गए, जबकि मुख्य सड़कों पर वाहन महज 10 से 15 मीटर की दृश्यता में रेंगते हुए दिखाई दिए।

मंगलवार की सुबह घने कोहरे और पाले के बीच शुरू हुई। कोहरे की घनी चादर से दृश्यता बमुश्किल 10 से 15 मीटर तक रही। वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों की हैडलाइट जलाकर अत्यंत सावधानी से वाहन चलाना पड़ा। दिन भर बादलों की ओट में छिपे सूरज ने ठंड को और बढ़ा दिया, जिससे काम-काज के सिलसिले में बाहर निकले लोग भी जगह-जगह आग जलाकर खुद को गर्म करते नजर आए। मौसम की इस मार का असर तापमान के आंकड़ों में भी साफ दिखाई दिया। मंगलवार को अधिकतम तापमान मात्र 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। लगातार चल रही ठंडी हवाओं ने 'रील फील' यानी गलन भरी ठंड का अहसास और भी बढ़ा दी है,यह मौसम किसानों के लिए विशेष रूप से परेशानी भरा रहा। गन्ना कटाई के मौसम में अत्यधिक कोहरे और पाले ने खेतों में काम करना मुश्किल बना दिया। किसानों का कहना है कि गन्ना छिलाई जैसे काम में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हुई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अगले कुछ दिनों में भी इस ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। ठंड, कोहरा और पाले की स्थिति बनी रहने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में, नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने तथा आवश्यकता पड़ने पर ही घरों से बाहर निकलने की सलाह दी जा रही है। बीते कुछ दिनों से लगातार जारी यह शीतलहर नगर के सामान्य जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। सभी की निगाहें अब मौसम विभाग के अगले पूर्वानुमान की ओर टिकी हैं।

## छात्र मोहम्मद हसन ने टेबल टेनिस में जीता गोल्ड, मुरादाबाद का नाम किया रोशन

**मुरादाबाद।** महानगर के सिविल लाइंस स्थित पीएमएस पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 के छात्र मोहम्मद हसन ने टेबल टेनिस में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने तमिलनाडु में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की अंडर-17 टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की।प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच मोहम्मद हसन ने बेहतरीन खेल भावना, तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में उनके सटीक शॉट्स और तेज रिफ्लेक्स ने दर्शकों और निर्णायकों को खासा प्रभावित किया।गोल्ड मेडल जीतने की खबर मिलते ही पीएमएस पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिसर में शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ ने मोहम्मद हसन की इस सफलता पर गर्व जताया। स्कूल के प्रिंसिपल मैथ्यू, वाइस प्रिंसिपल निशिमा पाठक तथा कोच सचिन ने छात्र को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि मोहम्मद हसन की यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे मुरादाबाद जिले के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महादेय, मुरादाबाद।**

**नम्बर मुकदमा :** 854 सन् 2025

**तारीख पेशी:** 04.02.2026

**अनिल कुमार गुप्ता बनाम श्रीमती शिक्षा**

अनिल कुमार गुप्ता उम्र लगभग 59 वर्ष पुत्र श्री दयाशंकर गुप्ता निवासी दुर्गेश नगर डबल फाटक, मुरादाबाद।

**बनाम**

श्रीमती शिक्षा उम्र लगभग 65 वर्ष पत्नी श्री सुखपाल निवासनी मौहल्ला रामेश्वर कालौनी गली नम्बर-9 लाईनपार मझोला, जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादनी।** हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत क्लेम के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 04 माह 02 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 06 के माह 01 सन् 2026 को जारी किया है।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं०-1 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**

**दण्ड निगरानी सं०** 250/2025

**तारीख पेशी:** 12.01.2026

**कृष्ण गोपाल बनाम विजय कुमार आदि।**

कृष्ण गोपाल आयु 43 वर्ष पुत्र कमल किशोर निवासी एमआईजी 75 रामगंगा विहार विस्तार-2 थाना सिविल लाईन जिला मुरादाबाद-**निगरानीकर्ता।**

**बनाम**

1. विजय कुमार आयु लगभग 33 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह निवासी पम्प नम्बर-2 प्रकाश नगर लाईनपार थाना मझोला मुरादाबाद-**विपक्षी सख्या-01,** चूंकि उपरिनामांकित निगरानी कर्ता द्वारा इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि उक्त निगरानी अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 12.01.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 22.12.2025 दिवस को निकाली गई।

**प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरादाबाद।**

# ऑपरेशन कनविक्शन के तहत आयुध अधिनियम मामले में अभियुक्त को जेल में बिताई अवधि की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत अपराधियों के विरुद्ध संभल पुलिस द्वारा विवेचना एवं अभियोजन द्वारा जोरदार पैरवी कर सजा दिलाने के क्रम में मंगलवार को मु0अ0सं0 25/1992 धारा 25 आयुध अधिनियम थाना हयातनगर जनपद संभल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त रनवीर पुत्र सतराम यादव निवासी लहरशीश थाना हयातनगर जिला संभल को माननीय न्यायालय जेएम प्रथम जनपद संभल द्वारा अभियुक्त रनवीर उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी गयी अवधि (02 दिवस) के कारावास व 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। सजा कराये जाने में रामविलास एपीओ, कोर्ट पैरोकार का0 विजयसिंह, का0 नफीस अहमद कोर्ट मोहर्रिर का सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 281-DRM-MB-25-26 Date 05.01.2026 |
| कार्य का नाम | Miscellaneous works in connection with Track Maintenance in the section of SSE/P-Way/ BLM under ADEN/II/HRI |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/ समय | 30.01.2026 16:00 |
| अनुमानित लागत | ₹ 69,99,073.43 |
| धरोहर राशि | ₹ 1,40,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 16.01.2026 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 05.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 0048/2026

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर न | T-18-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के MB-GZB सेक्शन के स्काडा सिस्टम के लिए 3 साल की अवधि का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 27.01.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 35,90,668.20/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि | ₹ 71,800/- |
| निविदाप्रपत्र मूल्य ₹ | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-16 दिनांक: 05.01.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 0049/2026

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली -110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16250664 | बेअरिंग असेंबली | 320 सेट | 30.01.2026 |
| 2. | 19255050A | स्केवेंच ब्लोअर टू टी एम/ऑयल कूलिंग यूनिट | 184 नग | 31.01.2026 |
| 3. | 08245719 | इन्ट्रीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम (आई पी एस) | 170 नग | 02.02.2026 |
| 4. | 04240043 | इनहाईबिटेड मिनरल इंसुलेटिंग ट्रांसफॉर्मर ऑयल | 102270 लीटर | 02.02.2026 |
| 5. | 07255017A | सप्लाई, इंस्टालेशन एवं कमीशनिंग ऑफ प्रेराइजड फ्लुशिंग सिस्टम | 400 सेट | 04.02.2026 |
| 6. | 16250382 | पार्किंग ब्रेक सिलिंडर डी आर जी | 312 नग | 05.02.2026 |
| 7. | 07251080A | ओवर हॉलिंग किट फॉर डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 1058 सेट | 12.02.2026 |
| 8. | 07253466 | सील्ड ग्लास यूनिट फॉर एल एच बी फिक्स्ड विंडो | 13482 नग | 13.02.2026 |
| 9. | 07250316 | डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व केई1आईपीकेएसएल विथ प्रेशर कन्वर्टर | 288 नग | 24.02.2026 |
| 10. | 07252020 | डबल ब्रेक इंडिकेटर | 568 नग | 25.02.2026 |
| 11. | 07250473 | फुट स्टेप कम्पलीट फॉर एलएचबी कोचेस | 4860 नग | 16.03.2026 |
| 12. | 07250472 | इमरजेंसी ब्रेक एक्सेलरेटर ईबी3 एस/एल विथ बास्केट | 319 नग | 23.03.2026 |
| 13. | 07251000 | वाटर टैंक असेंबली (एल.एच.) (390 लीटर) | 143 नग | 01.04.2026 |
| 14. | 07250287 | सेट ऑफ प्रेशर गेजेज 80x10 | 299 नग | 01.04.2026 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: 77/2025-2026 दिनांक: 06.01.2026 52/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षिप्त खेल समाचार

## सबालेंका ने शानदार जीत के साथ 2026 अभियान शुरू किया

**सिडनी, वार्ता।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार जीत के साथ अपने 2026 सीजन की शुरुआत की। सबालेंका ने दूसरे राउंड के मैच में स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 48 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया। बेलारूस की खिलाड़ी, जो ब्रिस्बेन में डिफेंडिंग चैंपियन हैं, को पहले राउंड में बाई मिली थी। नवम्बर 2025 में डब्ल्यूटीए फाइनल के बाद अपने पहले प्रतिस्पर्धी सिंगल्स मैच में खेलते हुए, सबालेंका ने शुरू से ही मैच पर कंट्रोल रखा, पहला सेट 22 मिनट में जीता और दूसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि बुक्सा पहली बार अपनी सर्विस बचा पाईं। सबालेंका, जो जनवरी में बाद में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन सिंगल्स खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं।

## जोकोविच एडिलेड से हटे, ऑस्ट्रेलियन ओपन पर फोकस

**एडिलेड, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने अगले हफ्ते होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल से अपना नाम वापस ले लिया है, उन्होंने फिटनेस की चिंताओं का हवाला दिया है क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी जारी रख रहे हैं। एडिलेड में फैंस को संबोधित करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह एटीपी 250 इवेंट में शारीरिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं, और इस फैसले को व्यक्तिगत रूप से बहुत निराशाजनक बताया। जोकोविच ने कहा कि एडिलेड उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने दो साल पहले वहां खिताब जीता था, और कहा कि शहर में वापस आकर घर जैसा महसूस हुआ। हालांकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उनकी तत्काल प्राथमिकता सीजन

## बीसीसीआई-बीसीबी विवाद का मुस्तफिजुर पर कोई असर नहीं

# बाहरी शोर से बेफिक्र मुस्तफिजुर

**बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे**



**ढाका, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सलाह पर इंडियन प्रीमियर लीग से कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से मुस्तफिजुर रहमान का बाहर होना दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया, खासकर तब जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत न जाने का फैसला किया, लेकिन मुस्तफिजुर रहमान बाहरी शोर से बेफिक्र दिख रहे हैं।

मुस्तफिजुर, जो फिलहाल चल रही बांग्लादेश प्रीमियर लीग में रंगपुर राइडर्स के लिए खेल रहे हैं, गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुस्तफिजुर ने 4 जनवरी को सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ढाका कैपिटल्स के खिलाफ राइडर्स को पांच रन से रोमांचक जीत दिलाई, जब उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 18वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और अंतिम ओवर में 10 रन बचाने से पहले शमीम हुसैन को भी आउट किया। बीसीसीआई द्वारा केकेआर को उन्हें टीम से हटाने का निर्देश देने के एक दिन बाद मुस्तफिजुर ने यह शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन किया। मुस्तफिजुर को अब वित्तीय दृष्टिकोण से भी बड़ा नुकसान हो सकता है क्योंकि उन्हें 9-2 करोड़ रुपये की बड़ी रकम में खरीदा गया था - जो आईपीएल नीलामी के इतिहास में बांग्लादेश के किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। मोहम्मद अशरफुल, जो मौजूदा बीपीएल में सहायक कोच के तौर पर राइडर्स का मार्गदर्शन कर रहे हैं, ने चटगांव रॉयल्स के खिलाफ मैच के बाद पत्रकारों से कहा कि वह (मुस्तफिजुर) पूरी तरह से शांत है। वह मैदान के बाहर की बातों के बारे में बिल्कुल भी चिंतित नहीं है। चाहे वह बीसीबी हो, भारत हो, बीपीएल हो या आईसीसी। उन्होंने आगे कहा कि अभी वह रंगपुर राइडर्स के लिए खेलने पर ध्यान दे रहा है और इसके बाद जो भी काम आएगा, वह उस पर ध्यान देगा। वह एक अलग ही स्तर का इंसान है। अशरफुल राष्ट्रीय टीम में भी मुस्तफिजुर के साथ काम करेंगे क्योंकि वह फिलहाल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच हैं। "अगर आप पहले दो मैचों में मुस्तफिजुर की बात करें तो उनका परफॉर्मेंस थोड़ा कमजोर था, लेकिन खासकर जिस तरह से हमने ढाका के खिलाफ पिछला मैच जीता, वह एक शानदार जीत थी। और जिस तरह से मुस्तफिजुर ने आखिरी दो ओवर फेंके - मुझे लगता है कि वह इस फॉर्मेट के लिए वर्ल्ड चैंपियन हैं, वह इतने जरूरी हैं। मुस्तफिजुर के नेशनल टीम के साथी मोहम्मद सैफुद्दीन, जो चल रहे बीपीएल में ढाका कैपिटल्स के लिए खेल रहे हैं, ने भी अशरफुल जैसी ही बात कही। सैफुद्दीन ने एक प्रैक्टिस सेशन के बाद रिपोर्टर्स से कहा कि हमारा आखिरी मैच रंगपुर राइडर्स के खिलाफ था और मैच के बाद हम साथ में डिनर कर रहे थे और मैंने उसे अपने साथ बैठने के लिए बुलाया। हमें लगा कि वह निराश होगा लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था। वह म्यूजिक सुन रहा था और हमेशा की तरह रिलैक्स लग रहा था। बांग्लादेश टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने जोर देकर कहा कि वह मुस्तफिजुर के व्यवहार से हैरान नहीं हैं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# देवदत्त पडिक्कल ने 600 रन बनाकर रचा इतिहास



**बेंगलुरु, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल ने विजय हजारे ट्रॉफी में एक बार फिर इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह भारत की प्रमुख घरेलू एक दिवसीय प्रतियोगिता के तीन अलग-अलग सीजन में 600 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। पडिक्कल ने यह उपलब्धि मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप ए मैच के दौरान हासिल की।

राजस्थान के खिलाफ, पडिक्कल ने एक और अहम भूमिका निभाई, 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन बनाए, और कप्तान मयंक अग्रवाल के साथ 184 रन की शानदार ओपनिंग पार्टनरशिप करके कर्नाटक की पारी को संभाला। इस जोड़ी ने कर्नाटक को एक मजबूत शुरुआत दी, जब राजस्थान ने फील्डिंग करने का फैसला किया तो एक मजबूत प्लेटफॉर्म तैयार किया। चल रहे 2025-26 सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन में 147, 124 और 113 के शतक शामिल हैं, जो अलग-अलग मैदानों और परिस्थितियों में उनकी निरंतरता को दिखाता है। अपने असाधारण फॉर्म के बावजूद, पडिक्कल का हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे

- **पडिक्कल ने यह उपलब्धि राजस्थान के खिलाफ कर्नाटक के एलीट ग्रुप 'ए' में हासिल की**

सीरीज के लिए भारत की टीम से बाहर कर दिया गया था, जिससे क्रिकेट जगत में हैरानी हुई। इस अनदेखी ने घरेलू क्रिकेट में दबदबा बनाने और राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए एक मजबूत दावा पेश करने के उनके दृढ़ संकल्प को और बढ़ा दिया है। पडिक्कल ने पहले 2019-20 सीजन में 11 मैचों में 609 रन बनाकर विजय हजारे चार्ट में टॉप किया था और 2020-21 में सिर्फ सात पारियों में 147.40 की औसत से 737 रन बनाकर बेंचमार्क बढ़ाया था, जिसमें चार शतक शामिल थे, जब कर्नाटक सेमीफाइनल में पहुंचा था। पडिक्कल, जिन्होंने भारत के लिए दो टेस्ट और दो टी20 में भी खेला है, 2026 इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन के बीच में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर होने के बावजूद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन किया था। एक मजबूत विजय हजारे सीजन के साथ, पडिक्कल का लक्ष्य भारतीय टीम में अपनी जगह वापस पाना और अपने शानदार फॉर्म को जारी रखना होगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ अहम टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका की टीम घोषित

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है, जो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले उनकी तैयारियों का एक महत्वपूर्ण अंतिम कदम है। विश्व कप 7 फरवरी से शुरू होगा। आईसीसी के अनुसार, दासुन शनाका की कप्तानी वाली इस टीम में अनुभव और गहराई का मिश्रण है, जिसमें कुछ ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका की पिछली प्रारंभिक टीम का हिस्सा नहीं थे। उनके शामिल होने से जगहों के लिए प्रतिस्पर्धा और बढ़ गई है, क्योंकि श्रीलंका वैश्विक आयोजन के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा करने से पहले विकल्पों का मूल्यांकन कर रहा है। जैसे-जैसे यह बड़ा टूर्नामेंट करीब आ रहा है, यह सीरीज श्रीलंका को कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और एक अच्छी विपक्षी टीम के खिलाफ लय बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। पिछली बार जब ए दोनों टीमें रावलपिंडी में टी20 ट्राई-सीरीज के फाइनल में मिली थीं, तो पाकिस्तान विजई रहा था।

**श्रीलंका टी-20 टीम**
दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसंका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, धनंजय डी सिल्वा, चरित असालंका, जनिथ लियानागे, कामिंदु मेंडिस, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेल्लालागे, महेश थीक्षाना, ट्रैवीन मैथ्यू, दुष्मंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, नुवान थुशारा, ईशान मलिंगा।

# दीप्ति ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवाया



- **दीप्ति शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिंग पॉइंट कम है**

**दुबई, वार्ता।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ अपनी घरेलू सीरीज के पांचवें और आखिरी टी20 में मैच जिताने वाली पारी के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिंग रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 13वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि दीप्ति शर्मा ने बॉलिंग रैंकिंग में टॉप स्पॉट खो दिया है।

कौर की 43 गेंदों पर 68 रन की पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिलाया और वह टॉप 10 के करीब पहुंच गईं, लेकिन शर्मा एनाबेल सदरलैंड के पीछे दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं, उनका 28 रन देकर एक विकेट लेना उन्हें आगे बनाए रखने के लिए काफी नहीं था। शर्मा के पास अब सदरलैंड के 736 से एक रेटिंग पॉइंट कम है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई फास्ट-बॉलिंग ऑलराउंडर ने नंबर 1 पोजीशन फिर से हासिल कर ली है, जो उन्होंने पहली बार अगस्त 2025 में हासिल की थी, जब पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल ने भी उन्हें टॉप स्पॉट दे दिया था। भारत के सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद अमनजोत कौर सात स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 78वें स्थान पर आ गई हैं, जबकि श्रीलंका की बैट्समैन हसिनी परेरा (31 स्थान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर) और इमेशा दुलानी (77 स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर) ने भी फिफ्टी लगाने के बाद बढ़त हासिल की है। बॉलिंग रैंकिंग में भारत की लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी भी पांच स्थान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंका के लिए, कविशा दिलहारी (एक स्थान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चामरी अथापट्टू (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) को बॉलिंग रैंकिंग में बढ़त मिली है।

# कर्नाटक ने राजस्थान को 150 रनों से हराया

**अहमदाबाद, वार्ता।** देवदत्त पडिक्कल की 82 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 91 रन की ऐतिहासिक पारी की बदौलत कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान को 150 रन से हरा दिया। पडिक्कल की शानदार पारी और कप्तान मयंक अग्रवाल (100) के साथ 184 रन की शानदार ओपनिंग पार्टनरशिप के दम पर कर्नाटक ने 50 ओवर में सात विकेट पर 324 रन का मजबूत स्कोर बनाया। राजस्थान की टीम विशाल लक्ष्य के जवाब में 38 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। राजस्थान की तरफ से करण लांबा ने सर्वाधिक 55 रन बनाए। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने आठ ओवर में 36 रन देकर पांच विकेट झटके। कर्नाटक अपनी लगातार पांचवीं जीत और 20 अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ राजस्थान को चौथी हार का सामना करना पड़ा और वह आठ टीमों के ग्रुप में सातवें स्थान पर है।

## अमेरिकी टेनिस लीजेंड वीनस विलियम्स ऑकलैंड में पहले दौर में हारीं

**वेलिंगटन, वार्ता।** पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 वीनस विलियम्स मंगलवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में अपने पहले मैच में पोलैंड की मैग्डा लिनेट से तीन सेट में हार गईं। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन विलियम्स ने महिला टेनिस एसोसिएशन 250 इवेंट में वापसी करते हुए अच्छे संकेत दिखाए, जो 2 से 17 जनवरी तक चलेगा। दुनिया में 53वें नंबर पर मौजूद लिनेट ने 6-4, 4-6, 6-2 से जीत हासिल कर दूसरे राउंड में जगह बनाई, जहां उनका मुकाबला इटली की एलिसाबेटा कोकियारेटो से होगा। लिनेट ने कहा कि मुझे लगा कि मैं कम गलतियां कर सकती थी, खासकर इतने पावरफुल हिटर के साथ, मुझे थोड़ा और सॉलिड होने की जरूरत है। वाइल्डकार्ड एंट्री पाने वाली विलियम्स, जो 582वें नंबर पर हैं, ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरी प्रतिद्वंद्वी ने शानदार खेला। वह निश्चित रूप से जीत की हकदार थी। 45 साल की खिलाड़ी, जो अगस्त में यूएस ओपन के बाद अपना पहला मैच खेल रही थीं, ने कहा कि इस स्टेज पर उनका मुख्य फोकस इस महीने के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले मैच फिटनेस और लय बनाना है। इस हार से टूर्नामेंट के कुछ बड़े नामों के लिए मुश्किल शुरुआत हुई, जब सोमवार को दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी एम्मा नवारो टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गईं।

# जो रूट ने की रिकी पोंटिंग की बराबरी

- **सचिन तेंदुलकर से बस 10 शतक दूर है जो रूट**

**सिडनी, वार्ता।** टेस्ट क्रिकेट में अब इंग्लैंड के जो रूट के 41 शतक हो चुके हैं। वह अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जहां वह रिकी पोंटिंग के साथ हैं। उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (51) और जैक कैलिस (45) हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में 160 रन बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। 2021 की शुरुआत से अब तक रूट ने कुल 24 टेस्ट शतक लगाए हैं।

इस अवधि में किसी और बल्लेबाज ने दस से ज्यादा शतक नहीं लगाए हैं। हैरी ब्रूक, केन विलियमसन, स्टीवन स्मिथ और शुभमन गिल दस दस शतकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। छह कैलेंडर वर्षों में रूट के ए 24 शतक रिकी पोंटिंग और मैथ्यू हेडन से पीछे हैं, जिन्होंने 2001 से 2006 के बीच 26 शतक लगाए थे। 2026 की शुरुआत हुए अभी एक हफ्ता ही हुआ है और रूट के पास पोंटिंग और हेडन का रिकॉर्ड पार करने के लिए पूरा साल है। टेस्ट क्रिकेट में रूट ने 17 बार 150 से ज्यादा का स्कोर बनाया है, जो इतिहास में पांचवां सबसे ज्यादा है। इस सूची में सचिन तेंदुलकर 20 स्कोर के साथ सबसे आगे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों में रूट के नाम सबसे ज्यादा 150 या उससे अधिक के स्कोर हैं। एलिस्टेयर कुक इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। अब रूट के नाम टेस्ट क्रिकेट में सात अलग-अलग देशों में 150 से ज्यादा रन का स्कोर दर्ज है। उनसे ज्यादा देशों में यह कारनामा सिर्फ तेंदुलकर और यूनुस खान ने किया है। दोनों बल्लेबाजों ने आठ देशों में कम से कम 150 का स्कोर बनाया है। टेस्ट क्रिकेट में लगातार 50 से ज्यादा रन की पांच पारियों को रूट ने शतक में बदला है। यह सिलसिला पिछले साल लीड्स में भारत के खिलाफ चौथी पारी में बनाए गए नाबाद 53 रन से शुरू हुआ था। यह पहला मौका है जब रूट ने लगातार पांच 50 स्कोर को शतक में बदला है। इससे पहले वह 2022 और 2024 में लगातार चार अर्द्धशतकों को शतक में बदल चुके हैं। रूट इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज भी हैं, जिन्होंने एलिस्टेयर कुक के बाद यह कारनामा किया है।

## स्टीव स्मिथ शतक लगाकर एशेज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने मंगलवार को एक शानदार शतक लगाकर एशेज के इतिहास में अपना नाम और मजबूती से दर्ज कराया। वह इंग्लैंड के महान खिलाड़ी जैक हॉब्स को पीछे छोड़कर एशेज इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपना 37वां टेस्ट शतक बनाया, जब उन्होंने ट्रैविस हेड के शानदार 163 रनों की बदौलत मिली मजबूत नींव पर पारी को आगे बढ़ाया। इससे मेजबान टीम इंग्लैंड के पहली पारी के कुल स्कोर को पार करने में सफल रही और सीरीज के आखिरी टेस्ट में एक महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। इस प्रक्रिया में, स्मिथ ने हॉब्स के 3,636 एशेज रनों के आंकड़े को पार कर लिया और अब वह ऑल-टाइम लिस्ट में सर डॉन ब्रैडमैन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 36 वर्षीय खिलाड़ी एशेज शतकों की सूची में भी दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, इंग्लैंड के खिलाफ उनके 13 शतकों से ज्यादा सिर्फ ब्रैडमैन के 19 शतक हैं। स्मिथ का एशेज का सफर 2010 में पर्थ में शुरू हुआ था, हालांकि इस मशहूर प्रतिद्वंद्विता में अपना पहला शतक लगाने में उन्हें 15 पारियां लगीं, जो 2013 में द ओवल में आया था। तब से, वह इंग्लैंड के गेंदबाजों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं, उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2019 में इंग्लैंड में हुए एशेज के दौरान आया था, जहां उन्होंने 110-57 के शानदार औसत से 774 रन बनाए थे। सिडनी में बनाया गया शतक स्मिथ का मौजूदा सीरीज का पहला और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के तौर पर 18वां शतक था।

## शब्बीर की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को दी मात

**रांची, वार्ता।** शब्बीर खान (हैट्रिक सहित 30 रन पर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी से बिहार ने मणिपुर को विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप फाइनल में मंगलवार को 112 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। मणिपुर को 47.5 ओवर में 169 रन पर ढेर करने के बाद बिहार ने 31.2 ओवर में चार विकेट पर 170 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच शब्बीर खान ने आठ ओवर की घातक गेंदबाजी में 30 रन देकर सात विकेट झटके जबकि हिमांशु तिवारी ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। मणिपुर की तरफ से उलेननाई ख्वैराकपम ने 61 और फिरोइजम सिंह ने 51 रन बनाए। बिहार की तरफ से आयुष लोहारुका ने 72 गेंदों में 75 रन की मैच विजई पारी खेली।

# डीकॉक-बेयरस्टो ने खेली तूफानी पारी

**सनराइजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया**

**प्रिटोरिया, वार्ता।** बेटवे एसए20 सीजन 4 रिकॉर्ड्स का सीजन बनता जा रहा है और सोमवार शाम सेंचुरियन में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ पहली ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इसका ताजा उदाहरण पेश किया। सनराइजर्स ने कैपिटल्स के 176/7 के स्कोर को बिना कोई विकेट गंवाए पार कर लिया, जो बेटवे एसए20 इतिहास में उनका सबसे बड़ा सफल रन-चेज है।

इस शानदार जीत के साथ ट्रिस्टन स्टब्स की टीम 17 अंकों के साथ अंकतालिका में फिर से शीर्ष पर पहुंच गई। ओपनर्स क्विंटन डी कॉक (नाबाद 79 रन, 41 गेंद, 5 चौके, 6 छक्के) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 85 रन, 44 गेंद, 8 चौके, 6 छक्के) ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए कैपिटल्स के गेंदबाजों की चारों ओर बिखेर दिया। डी कॉक ने पावरप्ले में लुंगी एनगिडी की गेंदों पर कवर के ऊपर लगातार दो छक्के जड़ते हुए आक्रमण की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने लिजाड विलियम्स को भी नहीं बख्शा और सनराइजर्स को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शुरुआत में बेयरस्टो ने डी कॉक को खुलकर खेलने दिया, लेकिन जैसे ही स्पिनर केशव महाराज ने दबाव बनाने की कोशिश की, वे आक्रामक हो गए... दबाजी पर आए, उन्होंने गियर बदल दिया। पूर्व इंग्लैंड विश्व कप विजेता बेयरस्टो ने महाराज के एक ही ओवर में पांच छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोर लिए, जो अब बेटवे एसए20 इतिहास का सबसे महंगा ओवर बन गया है। प्लेयर ऑफ द मैच के लिए, क्विंटन डी कॉक, कॉनर एस्टरह्यूजन, एनरिच नॉर्टजे और शरफेन रदरफोर्ड दावेदार थे, जिसमें डी कॉक को फैन वोट का 91-2 प्रतिशत समर्थन मिला। इससे पहले, सनराइजर्स ने सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग के दम पर कैपिटल्स को औसत से कम स्कोर पर रोक दिया था। हालांकि नए ओपनर कॉनर एस्टरह्यूजन (52 रन, 33 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) और मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन, 22 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) ने पारी को संभाला, लेकिन सनराइजर्स ने पूरे समय मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। एनरिख नॉर्खिए, ने अपने पुराने घरेलू मैदान पर 150 किमी/घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए 3/32 के आंकड़े दर्ज किए, जबकि लुईस ग्रेगरी ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 1/18 रन दिए। एडम मिल्ने ने अंतिम से पहले ओवर में 22 रन खाने के बावजूद 2/36 के आंकड़े हासिल किए, जिसमें कैपिटल्स के नए वेस्टइंडीजी स्टार आंद्रे रसेल का अहम विकेट भी शामिल था। मैच का आकर्षण क्विंटन डी कॉक का शानदार एक हाथ से लिया गया डाइविंग कैच रहा।

## दिल्ली ने रेलवे को छह विकेट से पीटा

**बेंगलुरु, वार्ता।** नवदीप सैनी और आयुष बदोनी के तीन-तीन विकेटों के बाद प्रियांश आर्य की 80 रन की विस्फोटक पारी के दम पर दिल्ली ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में मंगलवार को रेलवे को छह विकेट से पीट दिया। दिल्ली ने रेलवे को 40.4 ओवर में 179 रन पर ढेर करने के बाद 21.4 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाकर अपनी पांचवीं जीत हासिल की और 20 अंकों के साथ अंक तालिका में ग्रुप डी में शीर्ष पर पहुंच गया। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांश ने मात्र 41 गेंदों पर 80 रन में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। सार्थक ने 33 व नीतीश ने नाबाद 38 रन का योगदान दिया जबकि कप्तान पंत तीन छक्कों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले रेलवे की पारी में कुश ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। दिल्ली की तरफ से नवदीप व आयुष ने तीन-तीन विकेट लेकर रेलवे की पारी को 179 रन पर निपटा दिया।

# वैभव सूर्यवंशी ने पंत का रिकॉर्ड तोड़ा

- **सबसे तेज भारतीय यूथ वनडे अर्द्धशतक बनाया**



**बेनोनी, वार्ता।** क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे के दौरान यूथ वनडे इंटरनेशनल में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेगुलर कप्तान आयुष म्हात्रे की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी करते हुए, 14 साल के सूर्यवंशी ने पावर-हिटिंग का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 15 गेंदों में अपना हाफ सेंचुरी पूरा किया, जिससे उन्होंने सीनियर भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। युवा ओपनर आखिरकार 24 गेंदों पर शानदार 68 रन बनाकर आउट हो गए, इस पारी में क्लीन स्ट्राइकिंग का बोलबाला था।

उन्होंने 10 छक्के और सिर्फ एक चौका लगाया, जिसमें से 64 रन बाउंड्री से आए, जिससे साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों को उन्हें रोकने में मुश्किल हुई। इससे पहले, साउथ अफ्रीका अंडर 19 ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 49.3 ओवर में 245 रन पर आउट हो गई। बाद में बारिश की रुकावट के कारण बदले हुए हालात में भारत का टारगेट 27 ओवर में 174 रन कर दिया गया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की, जिसमें ओपनर एरॉन जॉर्ज और सूर्यवंशी ने मेजबान टीम पर अटैक किया। दोनों ने सिर्फ 4.1 ओवर में टीम का पचास रन पूरा किया। जॉर्ज सबसे पहले आउट हुए, उन्होंने 19 गेंदों पर 20 रन बनाए, और भारत का स्कोर 6.1 ओवर में एक विकेट पर 67 रन था। सूर्यवंशी ने अपना अटैक जारी रखा, लेकिन 8.1 ओवर में माइकल क्रूसकैंप ने उन्हें आउट कर दिया, और तब भारत का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 103 रन था। इसके बाद, वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने लक्ष्य का पीछा आसानी से खत्म किया। त्रिवेदी 31 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कुंडू ने नाबाद 48 रन बनाकर पारी को संभाला और भारत को बिना किसी और नुकसान के जीत हासिल कर ली। साउथ अफ्रीका अंडर19 के लिए, क्रूसकैंप सबसे असरदार बॉलर रहे, उन्होंने दोनों भारतीय विकेट लिए और छह ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए।

# आईएफटीएम में रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स का आगाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नॉर्दर्न रीजनल सेंटर-इण्डियन काउंसिल फॉर सोशल साइंस रिसर्च (एनआरसी-आईसीएसएसआर), दिल्ली के सहयोग से फैकल्टी सदस्यों और सोशल साइंस रिसर्च स्कॉलर्स के लिए हाईब्रिड मोड में पांच दिवसीय रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि व जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली के सेन्टर फॉर जवाहरलाल नेहरू स्टडीज की ऑनररी डाइरेक्टर डॉ. भारती शर्मा एवं विश्वविद्यालय के कुलर्स. चव व कार्यक्रम के कोर्स एडवाइजर डॉ. संजीव अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। वहीं कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा और शोध की बेहद आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों और युवाओं को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के महत्व के प्रति अवगत कराना अत्युत आवश्यक है, जिससे कि वे बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। प्रथम तकनीकी सत्र के दौरान मुख्य अतिथि प्रो. शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व के कई देश अपने उत्कृष्ट रिसर्च के कार्य के लिए जाने जाते हैं। रिसर्च कार्य का एकेडमिक, इंडस्ट्री और




जीवन के हर क्षेत्र में अलग महत्व है। उन्होंने रिसर्च प्रविधियों और डेटा संग्रह की विभिन्न तकनीकों के बारे विस्तारपूर्वक बताते हुए उनके उपयोगों पर चर्चा की। प्रो. शर्मा ने सोशल साइंस रिसर्च के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की समस्याओं को चिन्हित करके उपयुक्त शोध विधियों का उपयोग करते हुए बेहतरीन शोध अध्ययन किया जा सकता है। इससे समाज के बीच किए जाने वाले शोध के परिणाम से समाज की अनेक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। मुख्य अतिथि प्रो. शर्मा ने उत्कृष्ट शोध जर्नल के महत्व पर भी प्रतिभागियों को जानकारी दी। वहीं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति-एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पांच दिन तक चलने वाला यह कोर्स शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए बेहद उपयोगी रहेगा। कोर्स सह निदेशक व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस रिसर्च मेथोडॉलॉजी कोर्स के माध्यम से युवा शिक्षकों और शोधार्थियों को नई दिशा मिलेगी। इस मौके पर स्कूल ऑफ बिजनेस मेनेजमेंट व इस कोर्स की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव व आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव ने पांच दिनों तक चलने वाले इस रिसर्च मेथोडोलॉजी कोर्स की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान कुल 15 सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें आईआईटी समेत देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के शिक्षाविद् प्रतिभागियों को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कोर्स हेतु अब तक 40 से अधिक शिक्षकों और शोधार्थियों ने अपना पंजीकरण करवा लिया है। उन्होंने बताया कि दूसरे तकनीकी सत्र में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमृता मिश्रा ने 'आइडेंटिफिकेशन ऑफ रिसर्च प्रॉब्लम' विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कोर्स संयोजक डॉ. हिमांशु गुप्ता ने किया तथा आभार ज्ञापन कोर्स सह संयोजिका व होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोर्स समन्वयिका डॉ. स्वाति राय एवं डॉ. आरती गर्ग समेत आयोजन समिति के अन्य सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा ने करनपुर में बिखेरा आध्यात्मिक प्रकाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**ठाकुरद्वारा।** गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज, हरिद्वार के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर निकाली गई दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा मंगलवार को दोपहर करीब 2:30 बजे कांठ से चलकर सरस्वती शिशु मंदिर, करनपुर पहुँची। यात्रा के आगमन पर पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक उल्लास से भर गया। गायत्री परिवार ठाकुरद्वारा के सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पवर्षा और भावपूर्ण पूजन के साथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। वातावरण "ॐ गायत्री नम:" और "युग परिवर्तन" के जयघोष से गूँज उठा। इस मौके पर गायत्री परिवार मुरादाबाद के श्री रमेश वर्मा और जिला समन्वयक श्री आई.पी. सिंह ने यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य "मनुष्य में देवत्व का जागरण और धरती पर स्वर्ग का अवतरण" है। उन्होंने



बताया कि यह यात्रा समाज को नशामुक्ति, सदाचार, संस्कार और सेवा के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। स्वागत समारोह के बाद रथ यात्रा आगे ग्राम करनपुर, आलियाबाद, मलकपुर सेमली, विट्ठुआ ठहर और पायंदापुर के मार्ग पर निकली, जहाँ हर पड़ाव पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ दिव्य ज्योति का स्वागत किया। पायंदापुर में दीप यज्ञ का आयोजन कर समाज एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मी, शंकर सिंह, श्री विजयपाल सिंह, आशीष कुमार शर्मा तथा सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों का विशेष योगदान रहा।

## इन्सानियत सेवा समिति ने शेख हसीना को भारत से भेजने की उठाई मांग, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** इन्सानियत सेवा समिति की ओर से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में समिति ने बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति को लेकर गहरी चिंता जताई है। समिति का कहना है कि बांग्लादेश की अपदस्त प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा विपक्षी दलों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाने से वहां तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके चलते उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के बाद शेख हसीना भारत आकर रहने लगीं।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि भारत द्वारा शेख हसीना को शरण दिए जाने से आक्रोशित होकर बांग्लादेश में असामाजिक तत्वों ने वहां रह रहे हिंदुओं को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। समिति के अनुसार बांग्लादेश में हिंदुओं की निर्मम हत्याएं की जा रही हैं तथा उनकी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस घटनाक्रम से भारत में रह रहे हिंदुओं में भी भारी रोष व्याप्त है।

इन्सानियत सेवा समिति ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए शेख हसीना को भारत से भेजा जाना आवश्यक है।

समिति के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र दिवाकर एडवोकेट ने प्रधानमंत्री से इस विषय में शीघ्र हस्तक्षेप कर उचित निर्णय लेने की मांग की है।

# श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर लंगर व शबद-कीर्तन का हुआ आयोजन





**मुरादाबाद।** शहर के ताड़ी खाना स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर शबद-कीर्तन और विशाल लंगर का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु जी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।कार्यक्रम के अंतर्गत बाहर से आए रागी जत्थों द्वारा मधुर शबद-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कीर्तन के माध्यम से श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के महान जीवन, खालसा पंथ की स्थापना, देश-धर्म की रक्षा तथा अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष और बलिदान के आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। संगत ने पूरे मनोयोग से शबद-कीर्तन का श्रवण किया।प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारे में देर रात तक विशाल लंगर चलता रहा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों ने सेवा कर गुरु का लंगर छका।सेवा-भाव और समानता का संदेश देता यह लंगर आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।पूरे गुरुद्वारा परिसर को रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। यह आयोजन गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों,साहस, समानता और मानवता को जन-जन तक पहुंचाने का प्रेरक माध्यम बना।

## एक नजर

### सकट चतुर्थी पर बालाजी मंदिर पर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**मुरादाबाद।** सकट चतुर्थी के पावन अवसर पर वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में शहर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल कोर्ट रोड बारादरी स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित हुआ, जहां श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।भंडारे के आयोजन की जानकारी मिलते ही सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान गणेश और श्री बालाजी के दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर भक्ति संगीत और जयकारों का माहौल रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। सेवाभाव से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।इस अवसर पर नितिन गुप्ता भट्टे वाले, मनीष गोयल, गुरुप्रीत सिंह दुआ, प्रिया अग्रवाल, अल्पना, रितेश गुप्ता, सुनीता गुप्ता सहित वैश्य समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला बताया।आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं तथा आगे भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

### भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन




**मुरादाबाद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के केन्द्रीय आवाहन पर सीपीआई एम मुरादाबाद की जिला इकाई द्वारा साम्राज्यवादी अमेरिका के वेनेजुएला पर कथित हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के उपरांत महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया।प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला सचिव कामरेड थान सिंह ने कहा कि बीते कुछ हफ्तों से अमेरिका वेनेजुएला के आसपास अपनी थल सेना और नौसैनिक बलों को एकत्र कर रहा था। उनका आरोप है कि इसका उद्देश्य वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन कर वहां के बहुमूल्य तेल और गैस संसाधनों को खुलेआम लूटना है। उन्होंने इसे संप्रभु देश के आंतरिक मामलों में सीधा हस्तक्षेप बताया।सीपीआई एम ने मांग की है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अमेरिका के इस सैन्य हमले की निंदा करते हुए प्रस्ताव पारित करे तथा अमेरिका पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाकर वेनेजुएला पर हमला तुरंत रुकवाया जाए। साथ ही कैरेबियन सागर से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने और लैटिन अमेरिका को शांति क्षेत्र घोषित करने की मांग की गई।कामरेड थान सिंह ने यह भी कहा कि अमेरिका की ट्रम्प सरकार और उसकी सेना द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अपहृत कर अज्ञात स्थान पर ले जाने की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। अमेरिका को तुरंत यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे कहां हैं तथा उनके जीवित होने के प्रमाण दुनिया के सामने रखने चाहिए।

उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ से लेकर यूरोप, एशिया और लैटिन अमेरिका के कई देशों और संगठनों ने अमेरिकी कार्रवाई की निंदा करते हुए वेनेजुएला के साथ एकजुटता व्यक्त की है। सीपीआई(एम) ने भारत सरकार से भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाने की मांग की।प्रदर्शन में चन्द्रपाल सिंह आजाद, विक्रम सिंह एडवोकेट, एच.एन. मिश्रा, कासिम अली, शाहबुद्दीन, शरीफ अहमद, महिपाल सिंह एडवोकेट, सुशील बिश्नोई एडवोकेट, जुल्फिकार सैफी, संजीव कुमार, नाजी हसन, बृजराम सिंह, पुष्पा सेनी, प्रदीप सैनी, बहादुर अली सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शांतिभंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** धान क्रय केंद्र पर धान की तुलाई को लेकर दो किसान में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपी किसान को गिरफतार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां एसडीएम ने सुनवाई के बाद जमानत पर छोड़ दिया है। नगर की मंडी समिति परिसर में बने धान क्रय केंद्र पर कालेवाला किसान विजयपाल सिंह पुत्र किशोरी सिंह अपना धान तुलवाने के लिए धान क्रय केंद्र मंडी समिति में आए थे। वही कोतवाली क्षेत्र के गांव मलपुरा निवासी आफताब खान पुत्र आरिफ हुसैन धान पहले तुलवाने को लेकर विजयपाल सिंह के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगें । पुलिस ने विजयपाल सिंह की शिकायत पर आफताब खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफतार कर लिया। पुलिस ने मारपीट के आरोपी आफताब खान का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां एसडीएम ने सुनवाई के बाद आफताब खान को जमानत पर छोड़ दिया।

# वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** एम0आई0टी0 इंस्टिट्यूट के सभागार में केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निद. ेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर 90 वार्डन को प्रशिक्षण दिया गया। रोहित गर्ग, निदेशक एम आई टी ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपनियंत्रक श्री नीरज चक, सहायक उपनियंत्रक श्री सतीश कुमार, प्रभागीय वार्डन श्री सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता एवं मो. खालिद उपस्थित रहे। रोहित गर्ग ने वार्डनो को निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी क्षमता बढ़ाये जाने के लिए प्रेरित किया और



उनके द्वारा लगातार किये जा रहे कार्यों के लिए प्रशंसा भी की। उपनियंत्रक श्री नीरज चक ने अवगत कराया कि इस प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन के साथ अग्निशमन, बचाव सेवा आदि के बारे में सम्बंधित विभागों के एक्सपर्ट व्याख्यान देंगे। आज प्रथम दिवस मेजर डा0 मीनू मेहरोत्रा, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर ने "आधुनिक युद्ध और राष्ट्र की क्षमता" पर व्याख्यान दिया। सभी अतिथि एवं वक्ताओं का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा द्वारा किया गया।

# भारतीय जनता पार्टी महानगर की बैठक में एसआईआर पर चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रामगंगा विहार मंडल में भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में एसआईआर से संबंधित विषयों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल शामिल रहे। बैठक में एसआईआर पर चर्चा करते हुए दिनेश शीर्षवाल ने कहा कि हमें बूथ पर त्रिदेव को लेकर कार्य करना है, जिसमें बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी और बी एल ए - 2 को अपनी टोली के साथ नए वोट बनवाने का कार्य करना है। उन्होंने आगे कहा कि हमें बूथ पर बूथ लिस्ट को चेक करना है और 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदाताओं की लिस्ट बनानी है, उनके वोट



बनवाने हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि नए वोट बनवाते समय प्रति दिन फार्म 6, फार्म - 7, फार्म - 8 कितने भरे गए, उनकी रिपोर्ट बनानी है।

मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति ने कहा कि हमें एसआईआर के पहले चरण में अच्छा काम किया है, आगे भी मंडल के सभी पदाधिकारी मिलकर नए वोट बनवाने पर ध्यान दें। महानगर में मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने कहा कि देहात विधानसभा में सभी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत कर वोट ट्रेस करने में सहयोग किया, अब आगे हम सभी को मिलकर नए वोट बनवाने में दुगनी ताकत से कड़ी मेहनत से काम करना है।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद की त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम को संशोधित किए जाने के फलस्वरुप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) श्री अनुज सिंह ने निर्देश दिए हैं। - दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही: 07 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक- दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथा आवश्यक मतदान केन्द्रों/स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही: 21 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2026 तक- मतदाता सूचियों की कम्प्यूटीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमाकंन, मतदेय स्थलों के वार्डो के मैपिंग, मतदाता क्रमाकंन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची के डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियां कराने आदि: 17 मार्च 2026 से 27 मार्च 2026 तक- निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन: 28 मार्च 2026 निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद् पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

# नाअतिया महफिल में शायरों ने कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी

शाह टाइम्स संवाददाता

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित नूर सिकन्दरी मंजिल पर नाअतो मंकबत की महफिल का आयोजन किया गया जिसमें शायरों ने कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी महफिल का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हाफिज मुहम्मद जीशान अत्तारी ने किया गुलाम नबी अत्तारी ने हम्दो सना पेश की इसके बाद नगर के बुजुर्ग सनाख्वां मास्टर मकसूद अहमद ने कलाम पेश करते हुए कहा, न रोकने से यह रूक सकेगा न बन्द करने से बन्द होगा जहां भी अहले रजा रहेंगे वहीं दूरूदो सलाम होगा, बरेली से आए बुजुर्ग शायर अबसार हुसैन बरेलवी ने कलामे रजा पढ़ते हुए कहा,जो तेरे दर से यार फिरते हैं।

दर-बदर यूंही ख्वार फिरते हैं, मुफ्ती सुब्हान रजा सुब्हानी ने कहा,शरफ हम्को भी हासिल है मुहम्मद की गुलामी का वो मेरे दिल में रहते हैं मेरा भी दिल मदीना है, अबरार हुसैन अत्तारी ने कलाम पेश करते हुए कहा, आप की खिदमत का मुझको काश मिल जाता शरफ बांधता हाथों से तिस्मा आपकी नाअलैन का, अब्दुल वकील मोअज्जमी ने कलाम पेश करते हुए कहा,बुझालें प्यास अपनी इल्म वाले मुहम्मद शहर हैं दरवाजा अली हैं,हकीम कघ्मर अली रजवी ने कहा, में



सदके जाऊं उनकी रहमातुल्लिल आलामीनी के पुकारो चाहें जितनी बार वो हर बार सुनते हैं कारी आरिफ अजहरी ने कलाम पेश करते हुए कहा, जब आ गईं हैं जौशे रहमत पे उनकी आंखों जलते बुझा दिए हैं।

रोते हंसा दिये हैं मुहम्मद फैजान अत्तारी ने कलाम पेश करते हुए कहा,तेरे आगे यूं हैं दबे लचे फुसहा अरब के बड़े बड़े कोई जानें मुंह में जबां नहीं-नहीं बल्कि जिस्म में जां नहीं महफिल का संचालन कघ्मर अली रजवी ने किया आखिर में सलाम के बाद देश में अमन चौन और भाईचारा कायम रहने की दुआ कराई और तबरूख भी तकसीम हुआ इस अवसर पर मुहम्मद हनीफ मोहम्मद इन्तजार रजवी राहत अली जाहिद हुसैन राशिद अल्वी आरिफ रेहान मुकीम अत्तारी शाकिर अली आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**बुधवार, 7 जनवरी 2026**

## ड्राफ्ट मतदाता सूची

मंगलवार को अपनी तय तारीख 6 जनवरी के अनुसार चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची जारी की। सूची से दो करोड़ 89 लाख हटा दिए जाने की बात सामने आई है। इस तरह यूपी में 15 करोड़ 44 लाख से घटकर अब मतदाताओं की संख्या 12 करोड़ 56 लाख रह गई है। लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि 27 अक्टूबर 2025 से पहले की दौर की मतदाता सूची को जब फ्रीज किया गया था, उस समय उत्तर प्रदेश में कुल 15 करोड़ 44 लाख 392 मतदाता पंजीकृत थे, इसके बाद ही 4 नवंबर 2025 से गणना शुरू होकर 26.12.25 तक चली और इस दौरान मतदाताओं से 12 करोड़ 55 लाख गणना प्रपत्र प्राप्त हुए, जो कुल मतदाताओं का 81.30 प्रतिशत था। मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने राजनीतिक दलों की भी इस बात को लेकर प्रशंसा की कि उन्होंने इस प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दिया और उप्र के तमाम 75 जिलों में राजनीतिक दलों के साथ बैठकें की गई और अब तक 1546 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। अब 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक दावा/आपत्ति की अवधि निर्धारित की गई है। इस अवधि में पात्र मतदाता फार्म 6, 7 व 8 के माध्यम से नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है उन्हें बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे और वे माता–पिता का नाम सहित विवरण सही करा सकेंगे। अब तक इस तरह 15 लाख 78 हजार 423 फार्म छह प्राप्त हो चुके हैं। मतदाताओं को असुविधा न हो, बूथों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था भी की गई है अब 1500 से 1200 वोटर्स के हिसाब से पोलिंग बूथों को तर्कसंगत बनाया गया है। इस तरह अब राज्य में 15030 के लगभग नए बूथ जोड़े गए हैं। इस मतदाता सूची में जो मतदाता ट्रेस नहीं हो सके, उसकी बड़ी संख्या है। यह संख्या 79 लाख 52 हजार 190 बताई गई है। जोकि वास्तव में बड़ी संख्या है। यूं तो एसआईआर की प्रक्रिया इस दावे के साथ चलाई गई है कि इसका काम पात्र लोगों को वोट के लिए जोड़ना है और साथ ही मृत व्यक्ति या जो अन्य स्थान पर शिफ्ट हो चुके हैं या जिनके नाम डबल हैं, उनको हटाकर सूची को सही आकार देना है। जोकि अच्छी बात है, लेकिन चुनाव आयोग को यह भी ध्यान रखना होगा कि ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो एसआईआर प्रक्रिया को संदेह की नजर से देखते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि ऐसे लोगों में देश के लगभग तमाम विपक्षी राजनीतिक दल शामिल हैं। उनकी शंकाओं को दूर करना भी चुनाव आयोग का काम होगा, क्योंकि कोई भी प्रक्रिया तभी पूर्णत: सफल मानी जाती है जिसमें असहमति की संभावना कम हो। यूं भी लोकतंत्र में हठधर्मी के लिए कोई जगह नहीं है। संभवत: भारत के इतिहास में पहला अवसर है जब चुनाव प्रक्रिया में नाम जुड़ने के बजाए नाम कटने की बात सामने आई है।

### एलिजिबल वोटर्स को मरा बताया जा रहा



चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में भाजपा की आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप्स का इस्तेमाल कर रहा है, चुनाव आयोग एसआईआर करने के लिए हर तरह के गलत कदम उठा रहा है, यह एलिजिबल वोटर्स को मरा हुआ बता रहा है और बुजुर्ग और बीमार लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है, चुनाव आयोग वाट्सऐप पर चलाया जा रहा है, लोग एसआईआर में हिस्सा लेते समय सावधान रहें, उन लोगों की मदद करनी चाहिए, जिन्हें मदद की जरूरत है, उन्हें मेरा साथ देने की जरूरत नहीं है, सिर्फ उनका साथ दें, जो इस काम की वजह से मुश्किल में हैं।

**–ममता बनजी**
**सीएम, पश्चिम बंगाल**

## पीएम ने जाना पिपरहवा का महत्व स्थानीय जनप्रतिनिधि कब जानेंगे



यशोदा श्रीवास्तव




निश्चित ही सिद्धार्थनगर जिले का पिपरहवा विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल है। अस्तित्व में आने के बाद इस स्थल के विकास की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा यह नेपाल के लुंबिनी जैसा विकास नहीं कर सका। बता दें कि पिपरहवा जिसे शुद्धोधन की राजधानी कपिलवस्तु के रूप में पहचाना गया, उसे गौतम बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहते हैं जबकि लुंबिनी गौतम बुद्ध की जन्मस्थली है। आज पिपरहवा की चर्चा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं इस स्थल के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला है। हाल ही नई दिल्ली स्थित किला राय पिथौरा कल्चर कांप्लेक्स में द लाइट एंड लोटस रेलिक्स आफ द अवेकंड वन प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यहां जो बुद्ध अवशेष रखे गए हैं वह 1898 में पिपरहवा में मिले थे। इस अवशेष को अंग्रेज जमींदार अपने साथ ले गए थे। 2025 में हांगकांग में इसकी नीलामी होने जा रही थी जिसे केंद्र सरकार और गोदरेज ग्रुप के हस्तक्षेप से बचाया गया। इसके लिए कई कानूनी नोटिसें दी गई थी। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अभी कुछ महीने पहले इसे भारत लाया जा सका जिसका दर्शन आज सुलभ हो पा रहा है।

पिपरहवा (कपिलवस्तु) दुनिया के दो तिहाई बुद्धिष्ट देशों के आस्था का केंद्र भी है। यहां की पवित्र मिट्टी लंका सहित कई बुद्धिष्ट देशों के राष्ट्राध्यक्ष न केवल अपने माथे पर लगाए, साथ भी ले गए। करीब 40 साल पूर्व जब सिद्धार्थनगर बस्ती जिले के उत्तरी हिस्से में स्थित नौगढ़ नाम का तहसील था, तब यहां बुद्धिष्टों का रेला लगा रहता था। प्रतिदिन यहां रेलवे स्टेशन पर विदेशी बुद्ध तीर्थ यात्रियों का एक बोगी मौजूद रहता था। वे पहले पिपरहवा बुद्ध स्तूप का दर्शन करते थे फिर यहीं से ककरहवा बार्डर से नेपाल में बुद्ध की जन्म स्थली लुंबिनी जाते थे। यह बीते दिनों की बात है। आज इस एतिहासिक स्थल का हाल यह है कि शायद ही कोई भूला भटका विदेशी बुद्धिष्ट यहां आता हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा का बखान किया, स्थानीय जनप्रतिनिधि इससे नावाकिफ है। भगवान बुद्ध यहां अपने जीवन के 29 साल बिताए। इस नाते इस स्थल को बुद्ध की क्रीड़ा स्थली भी कहा जाता है। काश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस पवित्र भाव से पिपरहवा को समझ पाए, यहां के जनप्रतिनिधि भी समझ पाए होते तो आज पिपरहवा भी नेपाल के लुंबिनी जैसा विकसित होकर भारतीय अर्थव्यवस्था में थोड़ा बहुत हिस्सेदारी जरूर निभा रहा होता। पूर्वी यूपी के जिला सिद्धार्थनगर की शिनाख्त गौतम बुद्ध से है। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ था। तीन दशक पूर्व बस्ती जिले के उत्तर स्थित नौगढ़ तहसील को अलग कर सिद्धार्थ के नाम से सिद्धार्थनगर जिले का सृजन हुआ है। जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से 16 किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। पिपरहवा के खंडहरनुमा स्तूप को संरक्षित कर इसी के समीप सौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर कपिलवस्तु के विकास की तमाम योजनाएं बनीं जरूर लेकिन राजनीतिक कारणों से यह मूर्त रूप नहीं ले पाई। 1980 में कांग्रेस शासन में केंद्र सरकार ने कपिलवस्तु विकास महायोजना तैयार की थी जिसके तहत जमीनें अधिकृत कर विकास की ढेर सारी योजनाएं बनीं थी। इसके लिए प्रारंभिक बजट में 80 लाख रूपए भी जारी किए गए थे। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसमें रुचि ही नहीं दिखाई लिहाजा यह योजना फाइलों में दफन होकर रह गई। आगे चलकर प्रदेश के विभिन्न सरकारों में यहां जरूर कुछ न कुछ निर्माण कार्य हुए लेकिन वे इस लायक नहीं हैं कि बुद्धिषटों और टूरिस्टों को आकर्षित कर सके। मायावती ने अपने शासनकाल में यहां हवाई पट्टी तक बनाने की घोषणा की थी। स्थानीय स्तर पर यदि इसके विकास के बारे में किसी ने सोचा तो वह स्वर्गीय धनराज यादव थे जो भाजपा के कई बार के विधायक और मंत्री रहे हैं। अखिलेश यादव ने अपनी सरकार में यहां सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के रूप में बड़ी सौगात दी। इस विश्वविद्यालय की स्थापना से यहां जरूर चहल पहल बढ़ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिपरहवा के महत्व को समझने के बाद लोगों को उम्मीद है कि यदि स्थानीय जनप्रतिनिधि जरा भी ध्यान दें तो पिपरहवा का विकास लुंबिनी सरीखे हो सकता है जहां बुद्ध अनुयाई वाले देश भी अपना योगदान देने में रुचि लें। इसके लिए लोगों को स्थानीय सांसद जगदंबिका पाल से काफी उम्मीदें हैं। बुद्ध के अवशेष को हांगकांग से वापस भारत आने के बाद उन्होंने उसे पिपरहवा में वापस लाने की बात कही है।




**जिला मुख्यालय से बीस किलोमीटर उत्तर की ओर स्थित पिपरहवा नामक स्थान को गौतम बुद्ध के पिता राजा शुद्धोधन की राजधानी के रूप में चिह्नित किया गया। यहां के स्तूप और अवशेष प्राचीन कालीन इस राजमहल के खंडहर जैसे आज भी विद्यमान है। यहां से १६ किमी आगे उत्तर तरफ नेपाल में लुंबिनी स्थित है। लुंबिनी की शिनाख्त गौतमबुद्ध के जन्म स्थली के रूप में है। सिद्धार्थनगर के गौतम बुद्ध के स्थली के रूप में चिह्नित होने के बाद यहां अपेक्षित विकास नहीं हो पाया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सामाजिक बदलाव में मां-बाप की सुध लेना जरूरी

**दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था।**

यह विडंबना है कि हमारे सामाजिक ताने–बाने में तेजी से आए बदलाव के बीच वृद्ध माता–पिता की देखभाल की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा–भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता–पिता की देखभाल के लिए बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नए कानून लाने की तैयारी में है। माता–पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश है। पहले वृद्ध माता–पिता अपनी संतानों से दस हजार रूपए तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नए विधेयक के अनुसार अब माता–पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता–पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की तैयारी है। सामाजिक संगठनों से विमर्श में यह बात सामने आई थी कि लंबी सजा से माता–पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। दरअसल, नए विधेयक में इससे जुड़े कानून की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मंत्रालय ने कानून में बदलाव की पहल वर्ष 2019 में कर दी थी। इसी साल लोकसभा में एक विधेयक भी पेश किया गया था। इसके व्यापक पहलुओं की पड़ताल के लिए विधेयक को बाद में संसदीय समिति के पास भेज गया था। संसदीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने एक बार फिर एक विधेयक को संसद में पेश किया था। लेकिन वह पारित नहीं हो पाया था। कालांतर 17वीं लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने के कारण विधेयक निष्प्रभावी हो गया था। जिसके बाद अब सरकार नए सिरे से इस विधेयक को संसद में लाने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक में कई नए प्रावधानों को जोड़ा गया है। एक ओर जहां गुजारा भत्ते के सीमित दायरे को खत्म किए जाने का प्रावधान है, वहीं विगत में आए बच्चों की सजा बढ़ाने के प्रस्ताव को टाला गया है। अब इसे सिर्फ प्रतीकात्मक तौर पर ही रखा जाएगा। वहीं गुजारा भत्ता देने की जवाबदेही का विस्तार करते हुए अब पात्र बच्चों के दायरे में दामाद, पुत्रवधु, नाती–पोते, पोती–नातिन व अल्पवयस्क बच्चों के विधिक अभिभावकों को भी शामिल किया गया है। अब तक इस जवाबदेही के दायरे में बेटा–बेटी व दत्तक बेटा–बेटी ही शामिल थे। इसके अलावा विधेयक में प्रतएक जिले में बुजुर्गों की गणना, मेडिकल सुविधाओं से लैस वृद्ध आश्रम व जिला स्तर पर एक सेल गठित करने जैसे प्रावधान हैं।



**...साभार डीटी**

## जरूरत से ज्यादा ईयरफोन का इस्तेमाल कान व दिमाग के लिए खतरा

ब्ल्यूटुथ डिवाइस ने हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन इससे कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन के रोजाना देर तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म पर असर पड़ता हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनता है। इसी विषय पर दिल्ली स्थित एक नामी अस्पताल में ईएनटी डिपार्टमेंट में एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. नेहा सूद से रजनी अरोड़ा की बातचीत। हाल ही में देश की एक मशहूर प्लेबैक सिंगर की खबर ने सबको चौंका दिया है। वायरल अटैक की वजह से उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यानी वो सडन रेयर सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस बीमारी से जूझ रही हैं। डाक्टरों का मानना है कि इसके पीछे एक बड़ा कारण तेज आवाज वाले वातावरण में रहना या कान में हैडफोन या ईयरफोन पर लाउड म्यूजिक सुनना भी है। वायरलेस ब्ल्यूटुथ डिवाइस के बढ़ते क्रेज ने भले ही हमारे काम को आसान बनाया है, लेकिन यह हमारी सेहत को नुकसान भी पहुंचा रहा है। दरअसल ब्ल्यूटुथ से कनेक्ट होने वाले ईयरफोन, ईयरपोड या हैडफोन से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडियो फीक्वेंसी रेडिएशन निकलती हैं। जो डिवाइस के रोजाना लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर कान के ऑडिटरी हियरिंग मैकेनिज्म को प्रभावित करती हैं और हियरिंग लॉस का कारण बनती हैं। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के हिसाब से दुनिया भर में 10 में से 2 लोग सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस से पीड़ित हैं। हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर होने पर कई बार कान के अंदरूनी और अहम हिस्से कॉक्लिया में मौजूद हेयर–सेल या ऑडिटरी नर्व डैमेज हो जाते हैं जिससे व्यक्ति की सुनने की क्षमता पर असर पडता है। यह एक्सपोजर दो स्थितियों में होता है– पहला जब कान को ब्ल्यूटुथ डिवाइस के माध्यम से हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर कई घंटे लगातार मिलता रहता है जैसे म्यूजिक सुनना, मोबाइल देर तक सुनना, म्यूजिक कंपोजिशन, डीजे शो, माइनिंग या कारखानों में काम करने के दौरान। दूसरी स्थिति कान को हाई इंटेंसिटी साउंड एक्सपोजर एकाएक मिलने पर होती जैसे बमबारी, आतिशबाजी। कई मामलों में व्यक्ति को केवल एक कान में यानी यूनिलेटरल हियरिंग लॉस ही होता है। लगातार ईयरपोड के इस्तेमाल से कई बार केवल डोमिनेट–ईयर ज्यादा डैमेज होता है। आमतौर पर यूनिलेटरल हियरिंग लॉस वाले मरीज डॉक्टर को बहुत देर से कंसल्ट करते हैं। तब तक उसका दूसरा कान भी प्रभावित हो सकता है। व्यक्ति दिन में लगातार 6 घंटे से ज्यादा देर तक लगातार ईयर डिवाइस का उपयोग करता है, तो आगे चलकर उसे भी हियरिंग समस्या हो सकती है। आमतौर पर म्यूजिक का तेज वॉल्यूम 75–80 डेसिबल माना जाता है। लेकिन ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर सुनने पर यह वॉल्यूम खुद–ब–खुद बढ़कर करीब 110 डेसिबल हो जाता है। जैसे–जैसे डेसिबल बढ़ते हैं, सेफ लिस्निंग टाइम कम होता जाता है। सीडीसी, अमेरिका के मुताबिक ईयरफोन डिवाइस पर 40–60 डेसिबल तक की साउंड नॉर्मल है। साउंड एक्सपोजर 85 डेसिबल के ऊपर होने पर हियरिंग लॉस का खतरा बढ़ जाता है। रोजाना ईयरफोन पर 90 डेसिबल का साउंड आधे घंटे और 100 डेसिबल से ज्यादा लेवल का साउंड 15 मिनट सुनने से व्यक्ति 5 साल में सुनने की क्षमता खो सकता है। जबकि हाई इंटेंसिटी साउंड यानी 120 डेसिबल से ज्यादा होने पर कुछ सेकंड में ही हियरिंग लॉस हो सकता है। हाई इंटेंसिटी साउंड से होने वाला हियरिंग लॉस लाइलाज, स्थाई होता है। शुरुआत में टेम्परेरी होता है जो दो–चार दिन में ठीक हो सकता है। कुछ मामलों में मरीज को टिनिटस समस्या होती है यानी कान में लगातार सीटी या बीप साउंड, सांय–सांय जैसी आवाजें आती हैं। लेकिन यह धीरे–धीरे बढ़ता रहता है और कॉक्लिया के हेयर–सेल डैमेज करता रहता है व लाइलाज हियरिंग लॉस हो जाता है। हियरिंग लॉस के शुरुआती लक्षणों से व्यक्ति पहचान सकता है। बिना देरी ईएनटी डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए। 2 फुट की दूरी की आवाज सुनने में दिक्कत आना। दूसरों की बात समझने में मुश्किल, टीवी देखते हुए वॉल्यूम दूसरों की अपेक्षा ज्यादा करना पड़े। कान में एब्नॉर्मल साउंड आना शुरू हो जैसे– रिंगिंग साउंड, सीटी या बीप साउंड। इनके अलावा ऑडिटरी नर्व डैमेज होने के साथ कई समस्याएं होने लगती हैं– कुछ आवाजें या गाने की कुछ बीट्स सुनाई न देना, कान में खुजली, दर्द, कान बहना, कान के अंदर सीटी की आवाजें या बाहर की आवाजें गूंजना, बॉडी बैलेंस बिगड़ना। डॉक्टर सबसे पहले कान का नॉर्मल एग्जामिन करते हैं। हियरिंग लेवल का पता लगाने के लिए ऑडियोमेट्री टेस्ट किया जाता है–हियरिंग लॉस 10–20 प्रतिशत के बीच में है, तो वह नॉर्मल है। 20–40 प्रतिशत हियरिंग लॉस को माइल्ड, 40–60 प्रतिशत को मॉडरेट हियरिंग लॉस और 60–80 प्रतिशत को सीवियर और 80 प्रतिशत से अधिक को गंभीर हियरिंग लॉस माना जाता है। उपचार हियरिंग लेवल के आधार पर तय किया जाता है– माइल्ड से मॉडरेट हियरिंग लॉस में हियरिंग एड या एम्प्लीफायर डिवाइस सहायक हो सकते हैं। सीवियर लॉस में कॉक्लिया इम्प्लांट सर्जरी की जाती है। एक कान में हियरिंग लॉस पर बोन एंकर्ड हियरिंग एड लगाया जाता है। कुछ बातों का ध्यान रखकर हियरिंग लॉस से बचा जा सकता है– पहली, ब्ल्यूटुथ डिवाइस लगाएं तो 60/60 रूल फॉलो करें। यानी डिवाइस वॉल्यूम 60 डेसिबल से ज्यादा न हो और एकसाथ 60 मिनट से ज्यादा इस्तेमाल न करें। जरूरी हो तो 30 मिनट के बाद 5 मिनट और 60 मिनट के बाद 10 मिनट का ब्रेक जरूर लें। वहीं साउंड मिनिमम इंटेंसिटी पर इस्तेमाल करें। ईयरबड के बजाय कान के ऊपर वाला हेडफोन इस्तेमाल करें। सॉफ्ट टिप वाले ईयरफोन लें। यथासंभव नॉयस–केंसेलेशन वाली डिवाइस लें। ब्ल्यूटुथ डिवाइस पर दिए गए राइट और लेफ्ट मार्क का ध्यान रखें और सही कान में लगाएं। म्यूजिक ऐप डाउनलोड कर उसमें एक्यूलाइजर इस्तेमाल करें। शोरगुल वाले इलाके या कार्यस्थल पर जाने से पहले कान में नॉयस–प्रोटेक्टर जरूर लगाएं। हाई रिस्क कैटेगरी वाले व्यक्ति 6 महीने में ऑडिटरी स्क्रीनिंग–ऑडियोमेट्री टेस्ट कराएं।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी कोर्ट में मादुरो बोले: मुझे किडनैप किया गया

## आरोपों से इन्कार, गिरफ्तारी को अवैध बताया, विपक्षी नेता मारिया जल्द वेनेजुएला लौटेंगी

**न्यूयार्क।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार रात न्यूयार्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कोर्ट में अपने खिलाफ लगे ड्रग्स और हथियार तस्करी से जुड़े सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया और कहा कि मुझे किडनैप किया गया है। पहली सुनवाई में मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि मैं अपराधी नहीं हूं।

मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं। मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। दूसरी तरफ वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही देश वापस लौटेंगीं। मचाडो ने दावा किया कि अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को वेनेजुएला की जनता का समर्थन नहीं है और देश की जनता विपक्ष के साथ है। अमेरिकी ड्रग एजेंसी की टीम मादुरो को अदालत में पेश करने के लिए हेलिकाप्टर से न्यूयार्क लेकर आई। मादुरो की पत्नी सीलिया फ्लोरेस भी अदालत में पेश हुईं। उनके चेहरे पर चोट के निशान और पट्टी बंधी थी। उन्होंने खुद को वेनेजुएला की प्रथम महिला बताया और सभी आरोपों से इन्कार किया। मादुरो और उनके सहयोगियों पर नशा तस्करों और आतंकी गिरोहों के साथ मिलकर अमेरिका में कोकीन पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप है। मादुरो पर मशीनगन रखने का भी आरोप है, जिसके लिए लंबी सजा हो सकती है। चार्जशीट में मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा, गृह मंत्री डियोसडाडो काबेलो और कुख्यात गैंग 'त्रेन दे अरागआ' के सरगना हेक्टर गुरेरो फ्लोरेस का नाम भी शामिल है। अमेरिका इस गैंग को विदेशी आतंकी संगठन मानता है। सुनवाई के दौरान मादुरो के पैरों में बेड़ियां लगी हुई थीं। वह और उनकी पत्नी एक ही मेज पर बैठे थे और दोनों ने हेडफोन लगाए थे ताकि अदालत में कही जा रही बातों को अपनी भाषा में समझ सकें। जज ने अदालत में दोनों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को पढ़कर सुनाया। इससे पहले मादुरो को लेकर एक हेलिकाप्टर अदालत के पास बने हेलिपैड पर उतरा। हेलिकाप्टर से बाहर आते ही उन्हें तुरंत एक वैन में बैठाया गया और वहां से सीधे अदालत ले जाया गया। मादुरो के खिलाफ सुनवाई के दौरान अदालत के बाहर सैकड़ों लोग जमा हुए। एक तरफ अमेरिका की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन हुआ, तो दूसरी ओर मादुरो विरोधी लोगों ने उनके खिलाफ नारे लगाए। सुनवाई खत्म होने के बाद जब मादुरो बाहर निकलने के लिए उठे, तो गैलरी में बैठे एक व्यक्ति ने उनसे कहा कि उन्हें अपने अपराधों की कीमत चुकानी पड़ेगी। मादुरो ने जवाब दिया कि वह अपनी आजादी हासिल करेंगे। वेनेजुएला की राजधानी कराकस में सोमवार शाम अचानक गोलियों और एंटी-एयरक्राफ्ट फायरिंग की आवाजें सुनाई दीं। एक वीडियो में कराकस के आसमान में एंटी-एयरक्राफ्ट गन फायरिंग करते दिखाई दी। एक दूसरे वीडियो में गोलियों की आवाजें भी सुनी जा सकती हैं। बताया जा रहा है कि राजधानी में तैनात अलग-अलग सिक्योरिटी यूनिट्स के बीच भ्रम और गलतफहमी के चलते ऐसा हुआ। एक स्थानीय निवासी ने नाम न बताने की शर्त पर सीएनएन को बताया कि मिराफ्लोरेस राष्ट्रपति भवन के पास उर्दानेता एवेन्यू के आसपास उन्होंने गोलियों की आवाजें सुनीं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इन खबरों पर नजर बनाए हुए है, लेकिन उन्होंने साफ किया कि इस घटना में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है।



■ मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं: मादुरो
■ मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है

### अमेरिकी ऑपरेशन में जख्मी हुई मादुरो की पत्नी

**न्यूयार्क।** अमेरिकी सेना के वेनेजुएला ऑपरेशन में अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की पत्नी सिलिया फ्लोरेस को काफी चोटें आई हैं। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 69 साल की फ्लोरेस जब सोमवार को न्यूयार्क कोर्ट में पेश हुईं तब उनके चेहरे पर दो पट्टियां लगी थीं। एक पट्टी आंख के ऊपर और दूसरी माथे पर थी। उनकी दाहिनी आंख पर चोट का नीला निशान साफ दिखाई दे रहा थी। फ्लोरेस के वकील मार्क डोनेली ने कोर्ट को बताया कि ये चोटें उस वक्त लगीं, जब अमेरिकी सेना ने उन्हें पकड़ा था। वकील ने कहा कि फ्लोरेस की पसलियों में भी फ्रेक्चर है। उन्हें इलाज की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने अदालत से मांग की कि फ्लोरेस का पूरा एक्स-रे कराया जाए, ताकि यह पता किया जा सके कि हिरासत में उनकी सेहत ठीक है।

### वेनेजुएला में सैन्य तैनाती संबंधी जानकारी को लेकर सांसदों में संशय

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला में अमेरिकी सेना की योजनाओं पर एक गोपनीय जानकारी मिलने के बाद, प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के वरिष्ठ सदस्य और डेमोक्रेटिक सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि उन्हें अभी भी इस बात की पूरी तरह से स्पष्टता नहीं है कि अमेरिकी सैनिकों को वहां तैनात किया जाएगा या नहीं। यह जानकारी दोनों दलों के आठ वरिष्ठ सांसदों को दी गई थी, जिनमें खुफिया, विदेश मामलों और सशस्त्र सेवा समितियों के प्रमुख शामिल हैं। वेनेजुएला में हालात को लेकर सांसदों ने संशय जताया। सीएनएन के अनुसार ब्रीफिंग के बाद मीक्स ने कहा कि कोई स्पष्टता नहीं है। उनके पास सेना तैनात करने का विकल्प है। वह किसी भी विकल्प को खारिज नहीं करने वाले हैं। अन्य देशों में इसी तरह की सैन्य कार्रवाई की संभावना पर मीक्स ने कहा कि स्पष्ट रूप से, डोनाल्ड ट्रम्प कांग्रेस से बचने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। वह हमें सरकार की एक अलग लेकिन समान शाखा के रूप में नहीं देखते। दुर्भाग्य से कांग्रेस का नेतृत्व भी खुद को समान नहीं मानता। मीक्स ने वेनेजुएला में अमेरिकी अभियानों की संभावित लागतों को लेकर अपने रिपब्लिकन सहयोगियों की चिंताओं को भी उजागर किया।

## क्षेत्रीय अस्थिरता की संभावना को लेकर चिंतित: गुटेरेस



■ एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है: एंटोनियो गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद वेनेजुएला में बढ़ती अस्थिरता पर चिंता जताई है, यद्यपि अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि इस मध्य अमेरिकी देश पर कब्जा करने की उसकी कोई योजना नहीं है।

गुटेरेस ने कहा कि वह 'चिंतित हैं कि तीन जनवरी की सैन्य कार्रवाई के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के नियमों का सम्मान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि मादुरो को मादक पदार्थों से संबंधित आरोपों में मैनहट्टन संघीय अदालत पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। मादुरो ने हालांकि किसी भी आपराधिक संलिप्तता से इन्कार किया है। संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक मामलों की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो द्वारा परिषद में पढ़े गए एक बयान में गुटेरेस ने कहा कि मैं देश में अस्थिरता बढ़ने की आशंका, क्षेत्र पर इसके संभावित प्रभाव और राज्यों के बीच संबंधों के संचालन के मामले में इससे बनने वाले उदाहरण को लेकर बेहद चिंतित हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस बात पर जोर दिया कि 'सभी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान किया जाना अनिवार्य है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर भी शामिल है।' महासचिव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना सभी सदस्य देशों की इन प्रावधानों का पालन करने की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है। गुटेरेस ने हालात को नाजुक बताया और कहा कि एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 6.2 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी चुगोकू क्षेत्र के शिमाने प्रांत में मंगलवार को भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई, हालांकि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। गौरतलब है कि भूकंप के केंद्र से मात्र 32 किमी दूरी पर 'शिमाने परमाणु ऊर्जा केंद्र' है। जापान के परमाणु नियामक प्राधिकरण ने कहा कि संयंत्र में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं पाई गई है।

### मिस्र में नशा मुक्ति केंद्र में आग लगने से छह लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में कल्यूबिया प्रांत में एक नशा मुक्ति केंद्र में सोमवार को आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। सरकारी अखबार अल-योम ने बताया कि सूचना मिलने पर सुरक्षा बल और नागरिक सुरक्षा इकाई दमकल और एम्बुलेंस की मदद से बेन्हा शहर में घटनास्थल पर पहुंचे।

### गाम्बिया नाव हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 पहुंची

**बांजुल।** गाम्बिया के तट पर 31 दिसम्बर को नाव पलटने के हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। गाम्बिया आव्रजन विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नाव में लगभग 200 बिना दस्तावेज वाले प्रवासी लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि 31 दिसम्बर की देर रात गाम्बिया के उत्तरी तट क्षेत्र से स्पेन के कैनरी आइलैंड्स की ओर रवाना हुई एक नाव कुछ ही समय बाद पानी के नीचे एक रेत के टीले से टकरा गई और पलट गई।

## ग्रीनलैंड पर हमला किया, तो नाटो खत्म: फ्रेडरिकसन

### डेनमार्क की पीएम ने चेताया, ट्रम्प के खिलाफ 7 यूरोपीय देश, कहा: ग्रीनलैंड का भविष्य उसके लोग तय करेंगे



■ ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो यह सैन्य गठबंधन नाटो का अंत होगा। एक टीवी इंटरव्यू में फ्रेडरिकसन ने कहा कि अगर अमेरिका किसी नाटो सदस्य देश पर सैन्य कार्रवाई करता है, तो नाटो की पूरी व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा।

वहीं फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और डेनमार्क के नेताओं ने साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने रविवार को दिए एक बयान में ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात कही थी। वे वेनेजुएला पर किए हमले को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह 20 दिन में ग्रीनलैंड पर बात करेंगे। इससे पहले भी वह कई बार ग्रीनलैंड को अमेरिका के कंट्रोल में लाने की बात कर चुके हैं। ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक स्वायत्त इलाका है, जो नाटो का हिस्सा भी है। ट्रम्प ने सैन्य कार्रवाई की संभावना से भी इन्कार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा हैं। डेनमार्क साम्राज्य और अमेरिका दोनों ही नाटो के सदस्य देश हैं। इन देशों की संप्रभुता और सुरक्षा की गारंटी नाटो की है। इसके तहत किसी एक सदस्य देश के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को पूरे गठबंधन के देशों पर हमला माना जाता है। अमेरिका का डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ करीबी रिश्ता रहा है। डेनमार्क नाटो का संस्थापक सदस्य है। 1951 के रक्षा समझौते से अमेरिका को ग्रीनलैंड में मिलिट्री बेस रखने की अनुमति है। दोनों देश सुरक्षा, विज्ञान, पर्यावरण और व्यापार में सहयोग करते हैं। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने कहा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति ग्रीनलैंड को वेनेजुएला से जोड़कर सैन्य हस्तक्षेप की बात करते हैं, तो यह न केवल गलत है बल्कि हमारे लोगों के प्रति अनादर है। नीलसन ने 4 जनवरी को बयान जारी कर कहा: मैं शुरू से ही शांत और स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि घबराहट या चिंता का कोई कारण नहीं है। केटी मिलर के पोस्ट से, जिसमें ग्रीनलैंड को अमेरिकी झंडे में लिपटा हुआ दिखाया गया है, इससे कुछ भी नहीं बदलता। वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई के ठीक बाद व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी स्टीफन मिलर की पत्नी कैटी मिलर ने सोशल मीडिया पर ग्रीनलैंड का नक्शा अमेरिकी झंडे के रंग में रंगा हुआ पोस्ट किया। इससे यह विवाद और बढ़ गया।

## लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री से मिले विदेश मंत्री जयशंकर



■ दोनों नेताओं ने निवेश प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक बातचीत की

**नई दिल्ली।** लक्जमबर्ग की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मुलाकात की और निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की।

मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज सुबह लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडन से मिलकर प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर चर्चा हुई। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को और सशक्त बनाने के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि डा. जयशंकर रविवार को फ्रांस और लक्जमबर्ग की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे।

### थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में एक थाई सैनिक घायल

**बैंकॉक।** थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर हुए धमाके में थाईलैंड का एक सैनिक घायल हो गया है। थाईलैंड की सेना ने कहा कि मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:25 बजे उबोन रात्चाथानी प्रांत के नाम यूएन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक धमाका हुआ। थाईलैंड के दूसरी एरिया कमान ने एक बयान में बताया कि धमाके में एक थाई सैनिक घायल हो गया, जिसके दाहिने हाथ में छर्रे लगे हैं, हालांकि सैनिक की जान को खतरा नहीं है। कमान ने बताया कि धमाके के कारण की जांच अभी चल रही है। उसने सभी अधीनस्थ इकाइयों को संचालन तैनाती के दौरान सेना के लोगों और रहने वालों की सुरक्षा के लिए सावधानी बढ़ाने का आदेश दिया है।




**नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज पार्टी नेताओं के साथ।**

### नेपाल में ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

**काठमांडू।** नेपाली में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली अखबार द काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है।

## ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई रूस भागने की फिराक में

### 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में दावा: सत्ता गंवाने का डर

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने देश में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच रूस भागने की योजना तैयार कर ली है। अगर प्रदर्शनों को रोका नहीं जा सका, तो खामेनेई देश छोड़ देंगे। ब्रिटिश अखबार 'द टाइम्स' को मिली एक खुफिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 86 साल के खामेनेई अपने बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा समेत करीब 20 लोगों के छोटे दल के साथ तेहरान छोड़ सकते हैं। ईरान में आठ दिन से खामेनेई के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 78 शहरों के 222 से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो चुके हैं। इनमें कम से कम 35 लोगों की मौत हुई है। वहीं 1200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान में प्रदर्शन की शुरुआत 28 दिसम्बर को हुई थी। तब राजधानी तेहरान में व्यापारियों ने इसकी शुरुआत की थी। अब इसमें हजारों जेन-जी भी शामिल हो चुके हैं। खामेनेई कई चौरिटेबल फाउंडेशनों के जरिए अरबों डालर की संपत्ति पर नियंत्रण रखते हैं। इनमें 'सेताद' नाम की संस्था प्रमुख है, जिसकी वैल्यू पहले भी कई अरब डालर आंकी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शासन से जुड़े कई वरिष्ठ नेताओं के रिश्तेदार पहले से ही अमेरिका, कनाडा और खाड़ी देशों में रह रहे हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार, इस योजना के तहत विदेशों में संपत्तियां, प्रापर्टी और कैश पहले से सुरक्षित कर लिया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत देश छोड़ा जा सके। देशभर में जेन-जी आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रहा है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 72 प्रतिशत और दवाओं की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा सरकार द्वारा 2026 के बजट में 62 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव ने आम लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की गई तो अमेरिका कड़ी प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हम पूरी तरह तैयार हैं। अगर ईरान ने पहले की तरह लोगों को मारना शुरू किया, तो उसे बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन एचआरएआई और ओस्लो स्थित हेंगाव ने आरोप लगाया है कि सुरक्षा बलों ने आम नागरिकों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें बच्चों को भी नहीं बख्शा गया। देशभर में फैले इन प्रदर्शनों की शुरुआत ईरानी मुद्रा के गिरने और महंगाई बढ़ने के बाद हुई।



■ बेटे और साथियों के साथ 20 लोग भी तैयार

## वेनेजुएला में अमेरीकी एक्शन की चीनी सोशल मीडिया पर तारीफ

### बोले: यूएस मादुरो को पकड़ सकता है, तो ताइवान पर चीन कब्जा क्यों नहीं कर सकता



■ निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा: शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं

**बीजिंग।** अमेरिकी सेना की डेल्टा फोर्स के एलीट कमांडो वेनेजुएला में राष्ट्रपति को अगवा करने की आखिरी तैयारी कर रहे थे। ठीक उसी वक्त राष्ट्रपति निकोलस मादुरो चीन के लैटिन अमेरिका मामलों के अधिकारी किउ शियाओची के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। निकोलस मादुरो ने चीनी अधिकारी से कहा कि शी जिनपिंग उनके लिए एक बड़े भाई की तरह हैं।

इस घटना के कुछ ही घंटे बाद अमेरिकी सेना मादुरो को उनके बेडरूम से खींचकर अपने देश लेकर चले गए। इस घटना के बाद चीन भले ही चिंतित और नाराज है लेकिन वहां की सोशल मीडिया पर ऑपरेशन वेनेजुएला की तारीफ हो रही है। कई यूजर्स इसे ताइवान पर चीनी सैयूएसय कब्जे के लिए एक माडल के रूप में देख रहे हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने 2 जनवरी को वेनेजुएला के कराकस स्थित मिराफ्लोरेस पैलेस में लैटिन अमेरिका के लिए चीन के दूत किउ जिओकी से मुलाकात की थी। चीन ने मादुरो की गिरफ्तारी की तुरंत निंदा की और वाशिंगटन पर 'दुनिया का पुलिसवाला' बनने का आरोप लगाया। चीन ने अमेरिकी छापे को गलत बताया और मादुरो व उनकी पत्नी की तुरंत रिहाई की मांग की। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आयरलैंड के प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान अमेरिका पर इशारों-इशारों में हमला बोला। उयूएसहोंने कहा कि अमेरिका का एकतरफा दबाव और धमकी देने वाला रवैया पूरी दुनिया की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। शी जिनपिंग ने कहा कि हर देश को यह हक होना चाहिए कि वह अपने विकास का रास्ता खुद चुने। उयूएसहोंने यह भी कहा कि सभी देशों को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के नियमों का पालन करना चाहिए। खासकर बड़ी ताकतों को दूसरों के लिए मिसाल बनना चाहिए। चीन के सोशल मीडिया पर अमेरिकी कार्रवाई को लेकर जबरदस्त हलचल और चर्चा देखने को मिली। कई लोग सवाल कर रहे हैं कि अगर अमेरिका अपने (बैकयार्ड) इलाके के किसी देश के नेता को पकड़ सकता है, तो चीन ऐसा क्यों नहीं कर सकता? चीनी सोशल मीडिया पर कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि अमेरिका के ऑपरेशन और ताइवान के मामले में तुलना करना गलत है। वेनेजुएला का मामला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है, जबकि ताइवान चीन का आंतरिक मामला है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान को अपना हिस्सा मानती है। चीन ने साफ कहा है कि वह ताइवान को अपने में मिलाएगा, जरूरत पड़ी तो इसके लिए ताकत का इस्तेमाल भी करेगा। पिछले कुछ साल में बीजिंग ने ताइवान पर सैयूएसय दबाव लगातार बढ़ाया है, यहां तक कि उसकी नाकेबंदी का अभ्यास भी किया है। चीन और वेनेजुएला के बीच दशकों से करीबी रिश्ता रहा है।




